आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज
विस्वास खंड में मानचित्र के विरुद्ध निर्माण, एलडीए अधिकारियों की...
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 06 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 292 www.janexpresslive.com/epaper

भारत-फिलीपींस रिश्तों का नया दौर 12

**हेल्पलाइन नंबर जारी**
धराली गांव में अत्यधिक अतिवृष्टि के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।
01374222126
222722
9456556431



# धराली में बादल फटा, गांव जमींदोज

## 34 सेकेंड में सैकड़ों घर-होटल मलबे में दबे, 4 की मौत, 50 से ज्यादा लापता

**जन एक्सप्रेस। उत्तरकाशी**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में मंगलवार को दोपहर बाद अचानक बादल फट गया, जिससे भारी तबाही मच गई। पहाड़ों से आया मलबा खीरगाड़ में सैलाब बनकर गांव की ओर आ गया और देखते ही देखते दर्जनों मकान व करीब 20-25 होटल और होमस्टे इसकी चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार, अचानक आई इस आपदा के दौरान गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोगों ने भागकर जान बचाई। कई लोग मलबे में दबे होने की आशंका है जबकि कुछ के लापता होने की सूचना है। जैसे ही घटना की जानकारी प्रशासन को मिली, सेना, एसडीआरएफ, पुलिस और जिला आपदा प्रबंधन की टीमें तुरंत मौके पर रवाना हुईं। हर्षिल छावनी से सेना की टुकड़ी ने मोर्चा संभालते हुए अब तक करीब 20 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल कर प्राथमिक उपचार देना शुरू कर दिया है। स्थानीय बाजार और आसपास के क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है। धराली बाजार की कई दुकानों में मलबा भर गया है और सड़कें पूरी तरह अवरुद्ध हो गई हैं।

- धराली गांव में पहाड़ से आया मलबा, दर्जनों मकान और 25 होटल-होमस्टे बहे
- लोगों में मची चीख-पुकार, कई लोग लापता, एसडीआरएफ, आर्मी और पुलिस जुटी राहत कार्य में
- मुख्यमंत्री ने जताया दुख, कहा, युद्धस्तर पर हो रहा रेस्क्यू, सरकार पीड़ितों के साथ

### 25-35 लोगों के मलबे में दबने की आशंका

बादल फटने से आई आपदा के बाद जिला प्रशासन ने वीडियो के आधार पर 25-35 लोगों के मलबे में दबने की आशंका जताई है। साथ ही 25-30 होटल, दुकानें मलबे के सैलाब में बहने के कयास लगाए जा रहे हैं। वहीं हर्षिल हेलिपैड के आसपास के क्षेत्र में भी भारी तबाही हुई है। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी प्रशांत आर्य तत्काल आपदा कंट्रोल रूम पहुंचे और आईआरएस सिस्टम को सक्रिय किया।

### पानी का सैलाब देख लोग चीखने लगे

पानी का सैलाब गांव की तरफ आते ही लोगों में चीख पुकार मच गई। कई होटलों में पानी और मलबा घुस गया है। धराली बाजार पूरी तरह तबाह हो गया है। कई होटल दुकानें ध्वस्त हो चुकी हैं। यहां पिछले 2 दिनों से भारी बारिश हो रही है। सीएम धामी ने कहा कि हम हालातों पर नजर बनाए हुए हैं।

### प्रमुख सचिव ने कहा, नुकसान का आकलन कर रहे हैं

उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने कहा कि जिला मजिस्ट्रेट और एसपी दोनों घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। जान-माल के नुकसान की आशंका है। हमने एसडीआरएफ के साथ-साथ एनडीआरएफ को भी भेजा है। हम पहले आकलन कर रहे हैं, और जैसे ही हमें नुकसान का स्तर पता चलेगा, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### गढ़वाल मंडल के कमिश्नर ने कहा, बड़ा नुकसान

उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना पर गढ़वाल मंडल के कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने बताया, काफी संपत्ति का नुकसान हुआ है। हताहतों के बारे में अभी कुछ कहना संभव नहीं है। हमारी सेना की टीम, जो हर्षिल में है, मौके पर पहुंच गई है। साथ ही जिलाधिकारी, एसएसपी भी वहां पहुंच रहे हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को भी वहां भेजा गया है। पहली प्राथमिकता लोगों को बचाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम सक्रिय कर दी गई है।



### सेना के 100 जवानों की टीम घटनास्थल पर, 20 लोगों को बचाया

देहरादून में सेना के जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि हर्षिल में बादल फटने और सेना के कैंप में नुकसान को लेकर कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि धराली में बादल फटने के 15 मिनट के बाद सेना के करीब 100 जवानों की टीम रेस्क्यू करने पहुंच गई थी। फिलहाल 20 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।



### कई टीमें घटनास्थल पहुंच रहीं: आईजी, एसडीआरएफ



एसडीआरएफ के आईजी अरुण मोहन जोशी ने कहा, जैसे ही हमें घटना की जानकारी मिली, हमारी टीम मौके पर पहुंच गई। दो अन्य टीमें भी जल्द ही पहुंचने वाली हैं। राहत और बचाव कार्य समन्वय के साथ किया जा रहा है। आसपास की एनडीआरएफ और सेना की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। हमारे एसडीआरएफ बटालियन मुख्यालय से विशेष उपकरण भेजे जा रहे हैं, जो इस आपदा में उपयोगी हो सकते हैं।

### गृहमंत्री अमित शाह ने सीएम से की बात

उत्तराखंड के धराली (उत्तरकाशी) में फ्लैश फ्लड की घटना को लेकर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से बात कर घटना की जानकारी ली। आईटीबीपी की निकटतम 3 टीमों को वहाँ भेज दिया गया है, साथ ही एनडीआरएफ की 4 टीमें भी घटनास्थल के लिए रवाना कर दी गई हैं, जो शीघ्र पहुँच कर बचाव कार्य में लगेंगी।

"उत्तराखंड के धराली में बादल फटने से आई भारी तबाही के कारण कई लोगों की मौत और कई अन्य के लापता होने की खबर बेहद दुखद और चिंताजनक है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के जल्द से जल्द मिलने की आशा करता हूं। प्रशासन से अपील है कि राहत और बचाव कार्यों में तेज़ी लाएं। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से अनुरोध है कि राहत कार्यों में प्रशासन का सहयोग और ज़रूरतमंदों की हर संभव मदद करें।
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

"उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना का समाचार अत्यंत दुखद है। पीड़ित परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और राहत तथा बचाव कार्यों में सफलता की कामना करती हूं।
-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

"इस त्रासदी से प्रभावित लोगों के प्रति मैं अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही सभी पीड़ितों की कुशलता की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जी से बात कर मैंने हालात की जानकारी ली है। राज्य सरकार की निगरानी में राहत और बचाव की टीमें हरसंभव प्रयास में जुटी हैं। लोगों तक मदद पहुंचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जा रही है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

"उत्तरकाशी में अचानक आई बाढ़ से हुई तबाही के विचलित करने वाले दृश्य देखे हैं। इस त्रासदी से प्रभावित लोगों की कुशलता की कामना करता हूं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं और बहुमूल्य जीवन बचाने के लिए हर संभव कदम उठा रही हैं।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

"संकट की इस घड़ी में, राज्य के सभी भाजपा कार्यकर्ता पीड़ितों को हर संभव मदद प्रदान करने में लगे हुए हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूँ।
-जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित टीमें युद्ध स्तर पर जुटी हुई हैं। इस सम्बन्ध में लगातार वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क में हूं।
-पुष्कर सिंह धामी, सीएम, उत्तराखंड









### वायुसेना के हेलिकॉप्टर स्टैंडबाय पर, मौसम खुलने का इंतजार

वायुसेना ने रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए अपने हेलिकॉप्टर तैयार रखे हैं। चंडीगढ़ एयरबेस पर वायुसेना के चिनक, एमआई-17 वी5, चीता और एएलएच हेलिकॉप्टर स्टैंडबाय पर हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये हेलिकॉप्टर जरूरी उपकरण और सामग्री के साथ तैयार हैं और जैसे ही मौसम साफ होगा, उड़ान भरकर प्रभावित इलाकों में राहत सामग्री पहुंचाई जाएगी।

**सेना के जवान भी लापता:** निचले हर्षिल क्षेत्र में एक शिविर से 8-10 भारतीय सेना के जवान लापता बताए जा रहे हैं। इस घटना में अपने साथ के लोगों के लापता होने के बावजूद, भारतीय सेना के जवान राहत कार्यों में लगे हुए हैं।

**भारी बारिश का रेड अलर्ट:** प्रदेश में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। रात नौ बजे तक अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, उधम सिंह नगर, उत्तर काशी में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं।

# 21 जिले बाढ़ से प्रभावित, राहत कार्य में जुटीं एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 34 टीमें

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को औरैया कलेक्ट्रेट में बाढ़ से प्रभावित लोगों में राहत सामग्री का वितरण किया। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक भी वितरित किया। मुख्यमंत्री ने इसके बाद आमजन व मीडिया से भी बात की। सीएम योगी ने कहा कि पिछले 10-15 दिन के अंदर अत्यधिक बरसात के कारण उत्तर प्रदेश के 21 जनपद बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरीक्षण और राहत कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ प्रभावी ढंग से सकुशल संचालन करने के लिए हर जनपद में प्रभारी मंत्रियों की तैनाती की गई है। मंत्री अपनी देखरेख में जिला व पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर बाढ़ राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रहे है।



### एनडीआरएफ की 16, एसडीआरएफ की 18 तथा पीएसी फ्लड यूनिट की 31 टीमें

सीएम योगी ने कहा कि इन सभी क्षेत्रों में बाढ़ राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने और पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने अपने स्तर पर पीएसी की फ्लड यूनिट, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को तैनात किया है। वर्तमान में भी अलग-अलग क्षेत्रों में इन सभी की यूनिट बाढ़ कार्यों का निरीक्षण कर राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। एनडीआरएफ की 16, एसडीआरएफ की 18 तथा पीएसी फ्लड यूनिट की 31 टीमें बाढ़ प्रभावित जनपदों में कार्य कर रही हैं। सभी 21 जनपदों में 1250 से अधिक नौकाओं की व्यवस्था की गई है, जिसके माध्यम से नागरिकों के आवागमन को सुचारू बनाने का कार्य किया गया है।

### सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही किट

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्याप्त नौकाओं की व्यवस्था के साथ ही प्रदेश व जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम, हर गांव में बाढ़ चौकी व राहत कार्यों के तहत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए लोगों को ब्रेकफास्ट, दोपहर व रात का भोजन, शुद्ध पेयजल, पशुओं के चारे की व्यवस्था की गई है। जो लोग घरों में सुरक्षित रह सकते हैं, उन्हें सूखा राहत किट भी उपलब्ध कराई गई है। किट में 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 10 किलो आलू, दो किलो दाल, एक किलो तेल, नमक, मसाले, डिग्निटी किट, बरसाती आदि देने की कार्रवाई की जा रही है।

### बाढ़ राहत बचाव के लिए युद्ध स्तर पर लगाई गई हैं टीमें

सीएम योगी ने कहा कि जनहानि होने पर परिवार को आपदा राहत कोष से चार लाख रुपये, किसी परिवार का मकान बहने या नदी में विलीन होने पर मुख्यमंत्री आवास योजना से आच्छादित करने की कार्रवाई भी की जा रही है। पशुधन की हानि पर मुआवजा दिया जा रहा है। जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर भी स्थापित किए गए हैं। इस सीजन में एंटी रैबीज वैक्सीन, सांप के काटने पर एंटी स्नेक वेनम की भी व्यवस्था सीएचसी, जिला अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए गए हैं। सांप, बिच्छू, कुत्ते या जंगली जानवरों के काटने के कारण किसी भी आपदा में बचा सकें। बाढ़ राहत बचाव के लिए युद्ध स्तर पर टीमें लगाई गई हैं। प्रत्येक जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर कार्य को बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

### सीएम की अपील, अलर्ट मोड में रहें नागरिक

सीएम ने कहा कि सरकार की संवेदना हर बाढ़ पीड़ित के साथ है। सरकार हर सहयोग करेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिन किसानों की फसल को नुकसान हुआ है। उसके सर्वेक्षण के भी आदेश दिए गए हैं। रिपोर्ट आते ही तत्काल मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। सीएम ने नागरिकों से अपील की कि अभी अगस्त का प्रथम सप्ताह है, इसलिए अलर्ट मोड पर रहना होगा, क्योंकि बाढ़ की आशंका सितंबर तक बनी रहती है। सीएम ने आश्वस्त किया कि सरकार व प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता के लिए मजबूती से कार्य करेगी।

### राजधानी में अगस्त की बारिश ने तोड़ा 6 वर्ष का रिकॉर्ड

राजधानी में मानसून के बादलों ने अगस्त में बारिश का छह साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा है। सोमवार को लखनऊ में 91 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके पहले वर्ष 2018 में 3 अगस्त को 114.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। 2018 के बाद अगस्त में किसी भी वर्ष एक दिन में बारिश का आंकड़ा 91 मिमी के पास तक भी नहीं गया। लगातार धीमी गति की बारिश से तापमान में भी खासी गिरावट दर्ज की गई है। 48 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान 5.7 डिग्री लुढ़क चुका है। न्यूनतम तापमान में भी 2.7 डिग्री की गिरावट आई। इसी का असर था कि सोमवार को भोर में लोगों को एसी-कूलर के साथ पंखे भी बंद करने पड़े। रविवार से बादल ज्यादा सक्रिय हैं। सोमवार शाम तक कभी हल्की तो कभी तेज बारिश होती रही। इसका असर जनजीवन पर भी पड़ा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र अमौसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक राजधानी क्षेत्र में बादलों की सक्रियता मंगलवार को भी बने रहने की उम्मीद है।

### 11 मंत्रियों की टीम कर रही है निगरानी

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त है। पूर्वांचल से लेकर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के जिलों में कई गावों में पानी भरा है। यदि कहा जाए कि बाढ़ से तबाही मची है तो गलत नहीं होगा। लगभग सूखा रहने वाले बुंदेलखंड के जिलों में भी इस बार बाढ़ है।

# पहले करायें डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण, बाद में उड़ायें ड्रोन

**जन एक्सप्रेस । उरई**

- ड्रोन संचालन को लेकर जिला प्रशासन हुआ सतर्क, नियमों के उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई
- ग्रीन जोन में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाया जा सकता, परंतु येलो और रेड जोन में पूर्व अनुमति

जिले में ड्रोन उड़ाने से संबंधित नियमों की जानकारी देने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सयुक्त रूप से विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में ड्रोन परिचालन को लेकर कई तथ्यों को मीडिया के सामने रखा। जिलाधिकारी ने कहा कि ड्रोन एक अत्याधुनिक तकनीक है, जिसका उपयोग यदि नियमों के अंतर्गत हो, तो यह विकास में सहायक बन सकता है। लेकिन यदि इसका दुरुपयोग किया गया या नियमों का उल्लंघन हुआ, तो यह जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में ड्रोन संचालन के लिए वर्ष 2022 में लागू नियमों का पालन किया जा रहा है, जिनमें समय-समय पर संशोधन एवं स्पष्टीकरण जोड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन उड़ाने से पूर्व हर नागरिक को डिजिटल स्काई प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है तथा अपने ड्रोन के लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर प्राप्त करना होता है। इसके अतिरिक्त, प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध इंटरैक्टिव एयरस्पेस मैप को देखकर ही यह तय किया जाना चाहिए कि ड्रोन उड़ाने की अनुमति उस क्षेत्र में है या नहीं। ग्रीन जोन में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाया जा सकता है, परंतु येलो और रेड जोन में पूर्व अनुमति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों जैसे कि हवाई अड्डों, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं, दिल्ली के विजय चैक, राज्य सचिवालय परिसर तथा सैन्य और रणनीतिक प्रतिष्ठानों के आसपास ड्रोन संचालन पूरी तरह प्रतिबंधित है। साथ ही, ड्रोन की ऊँचाई सीमा अधिकतम 400 फीट निर्धारित की गई है, जिसका पालन अनिवार्य है। ड्रोन को पांच श्रेणियों नैनो, माइक्रो, स्मॉल, मीडियम एवं लार्ज में वर्गीकृत किया गया है। नैनो श्रेणी को छोड़कर अन्य सभी ड्रोन के संचालन के लिए अधिकृत पायलट के पास वैध लाइसेंस अथवा परमिट होना आवश्यक है। डीएम ने अपील की कि कोई भी व्यक्ति ड्रोन उड़ाने से पहले सभी नियमों और शर्तों को भलीभांति समझ ले, क्योंकि नियमों का उल्लंघन न केवल दंडनीय है, बल्कि इससे आम जन की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। पुलिस अधीक्षक ने ड्रोन संचालन के कानूनी पक्षों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा से संबंधित कारणों से ड्रोन संचालन को लेकर सख्त प्रावधान किए गए हैं। यदि कोई व्यक्ति बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाता है या प्रतिबंधित क्षेत्रों में ड्रोन का संचालन करता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विदेशी ड्रोन के आयात पर भारत में प्रतिबंध है, केवल कुछ विशिष्ट मामलों में ही छूट दी जाती है। इसके अलावा, ड्रोन की रिमोट आईडी में किसी प्रकार की छेड़छाड़, उसे निष्क्रिय करना अथवा बायपास करना पूर्णतः गैरकानूनी है। एसपी ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा ड्रोन संचालन के लिए जो दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# शहर के नामी रहीसों पर 420, 406 का मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच जारी

## वीरेंद्र कुमार राय, संजय गुप्ता, नितेश अग्रवाल और नदीम खान के खिलाफ हुआ मुकदमा

- यूर मल्टीप्लेक्स के मालिकों पर पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




उत्तर प्रदेश का बांदा जिला नटवरलालों का गढ़ बनता जा रहा है और जमीनों की हेरा फेरी का खेल बड़े पैमाने में खेला जा रहा है।वहीं बांदा डेप्लोमेंट अथारिटी और भू माफियाओं की भागीदारी की रासलीला लैला-मजनू की तरह परवान चढ़ रही है?
नदीम खान जैसे मेढक मोहम्मद आरिफ जैसी छोटी मछलियों को फंसाकर लाते है।और वीरेंद्र कुमार राय,संजय गुप्ता सहित नितेश अग्रवाल जैसी बड़ी मछलियां उन छोटी मछलियों को निगल जाती हैं।
वहीं बांदा डेप्लोमेंट अथारिटी अपने मौके का इंतजार करता है।जैसे एक मगरमच्छ मुंह फैलाए शिकार का इंतजार करता है और मुंह में आते ही निगल जाता है।न्याय की उम्मीद तो बस न्यायालय से ही की जा सकती है फिर चाहे उम्र ही क्यों न निकल जाए। भू माफियाओं और बांदा डेप्लोमेंट अथारिटी के मिले जुले खेल के चलते लोग लगातार ठगी का शिकार हो रहे हैं?।ताजा मामला छावनी मयूर मल्टीप्लेक्स का है।जिसके मालिक वीरेंद्र कुमार राय,संजय गुप्ता,नितेश अग्रवाल और नटवर लाल नदीम खान ने मोहम्मद आरिफ को पार्किंग की जमीन बेच दी।और 23 लाख 80 हजार रुपए ठग लिए।इस बात का पता तब चला जब बीडीए ने ठगों को नोटिस भेजने की बजाय पीड़ित मोहम्मद आरिफ को भेज दिया।जिसके बाद पीड़ित ने चारों ठगों के खिलाफ कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया।वहीं इस मामले में बांदा डेप्लॉयमेंट अथारिटी सचिव मदन मोहन वर्मा ने अपनी आंखों को नो पार्किंग जोन बना रखा है सवाल पूछने पर कहते है मुझे कुछ पता ही नहीं।और अगर पता भी है तो बताऊंगा नहीं।ठग रहीसों के मामले में बांदा डेप्लॉयमेंट अथारिटी की यह चुप्पी कई सवालिया निशान खड़े कर रही है।आखिर किसी मिली भगत से बेंच दी पार्किंग?

# पुलिस ने दो तस्करों को 56 किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

- गांजा सप्लाई में प्रयुक्त एक कार व चार मोबाइल बरामद

**जन एक्सप्रेस । उरई**



कदौरा पुलिस व एसओजी, सर्विलांस टीम को एक बड़ी कामयाबी उस दौरान हाथ लगी, जब उन्होंने गांजा तस्कर गिरोह के दो साथियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 56 किलो गांजा की खेप बरामद की। पुलिस कार्यवाही के दौरान एक कार व मोबाइल भी पुलिस के हाथ लगे है। जिनकी जांच की जा रही है कि वह किन-किन लोगों से बातचीत करते थे। पकड़े गये गांजा तस्करों का खुलासा करते हुये पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि थाना कदौरा प्रभारी प्रभात सिंह और एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त टीम ने एक सटीक कार्रवाई करते हुए 56.268 किलोग्राम अवैध गांजा, एक कार, चार मोबाइल व 1500 नकदी सहित दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी कठपुरवा तिराहा ग्राम बबीना के पास से मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। पुलिस टीम थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, लुटेरे, वाहन चोर व नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों की तलाश में थी। तभी यह बड़ी सफलता मिली। गिरफ्तार गांजा तस्करों में दिव्यांशु व्यास पुत्र शंकरदास व्यास, निवासी मोहल्ला तलापुरा कस्बा व थाना कोटरा, शिवा तिवारी उर्फ पार्थ तिवारी पुत्र प्रदीप कुमार निवासी नर्सिंग जी मंदिर मियनपुरा थाना कोटरा हैं। दोनों की उम्र करीब 19 वर्ष है। तस्करों के पास से 56.268 किलोग्राम अवैध गांजा (कीमत लगभग ?8 लाख)। टोयोटा इटियॉस कार (नंबर सीजी 10 ईएल 5400) जो एमवी एक्ट की धारा 207 के तहत सीज की गई। 4 मोबाइल फोन ?1,500 नगद। गिरफ्तारी के बाद पूंछतांछ के दौरान दोनों गांजा तस्करों ने खुलासा किया कि वह झांसी जनपद के मउरानीपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति 'पाण्डेय जी' के लिए काम कर रहे थे। उन्हें खजुराहो-मउरानीपुर हाईवे पर कार एवं पेट्रोल व मोबाइल मुहैया कराया गया था। 1 अगस्त 2025 को उन्हें उड़ीसा के बरगढ़ से गांजा लेकर लौटना था और एक खेप की आपूर्ति पर उन्हें ?13,000 देने की बात कही गई थी। वह पहले भी दो बार माल की सप्लाई कर चुके हैं। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा अपराध संख्या 127/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।पकड़े गये सभी गांजा तस्करों के आपराधिक इतिहास की जांच पड़ोसी जनपदों व सीमावर्ती राज्यों से की जा रही है।

# पुलिस टीम पर हमला करने वालों को न्यायालय ने सुनाई सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस टीम पर एकजुट होकर लाठी-डण्डों से हमला करने एवं महिला पुलिस कर्मियों से अश्लील हरकते करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने नौ आरोपियों को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीन महिला आरोपियों को दो-दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इन सभी 12 आरोपियों को अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है।
सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती सात जनवरी 2014 को कर्वी कोतवाली के तत्कालीन उपनिरीक्षक राम कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि सीतापुर चैकी क्षेत्र के अंतर्गत चितरा रोड के निवासी रामू गुप्ता ने अपने भाई श्यामू गुप्ता, मदन गुप्ता, पिता भोला नाथ उर्फ भोला प्रसाद, मां मुन्नी देवी व बांदा जिले के फतेहगंज थाने के बरछा दंडिया निवासी मतगंजन गुप्ता व उसकी पत्नी गुडिया, पहाड़ी क्षेत्र के रमयापुर निवासी महेश प्रसाद गुप्ता, रामचरित्र व उसकी पत्नी सुशीला देवी, कर्वी के द्वारिकापुरी निवासी शत्रुघ्न गुप्ता तथा सीतापुर निवासी बाला प्रसाद गुप्ता उर्फ विनोद गुप्ता ने पुलिस टीम के साथ लाठी-डण्डों से मारपीट की। सरकारी कार्य में बांधा पहुंचाते हुए महिला पुलिसकर्मियों से अश्लील हरकते कीं। जिसके बाद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर नौ पुरुष आरोपियों को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई तथा प्रत्येक को 11,500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। इसी प्रकार तीनों महिला आरोपियों को दो-दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक को 8,500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# पुलिस ने जुआ खेलते चार जुआड़ियों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की मुस्कुरा पुलिस ने चार जुआंड़ियों को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते किया गिरफ्तार। गिरफ्तार किये गये जुआंड़ियों में कस्बा निवासी 42 वर्षीय राजेन्द्र पुत्र महेश्वरीदीन राजपूत, जबकि 33 वर्षीय अख्तर पुत्र साबिर , 40 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्वामीप्रसाद गुप्ता, 26 वर्षीय रविकरन पुत्र अनाड़ी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किये गये जुआंड़ियों के पास पुलिस ने दो हजार दो सौ चालिस सहित तलाशी के दौरान आठ सौ साठ रुपये के साथ ही ताश के बावन पत्ते बरामद करने में कामयाबी हासिल की है। जबकि पकड़े गये जुआंड़ियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 160/2025 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है । वही
जुआंड़ियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में खासतौर से एस आई मानवेन्द्र सिंह, हैड कांस्टेबल कमलेश कुमार सहित कांस्टेबल प्रदीप कुमार शर्मा शामिल रहे।

## सदर विधायक ने बाढ़ प्रभावित पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए लिखा पत्र



चित्रकूट। सदर विधायक अनिल प्रधान ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव व जनपद के जिलाधिकारी को पत्र लिखकर बाढ़ से गिरे मकानों व हुए फसलों के नुकसान का लोगों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। सदर विधायक ने बताया कि विगत दिनों हुई अत्यधिक बारिश के कारण जनपद में व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ है। जनपद की तहसील राजापुर अन्तर्गत ग्राम सरधुवा, अर्की, भदेहदू, बरद्वारा, चिल्लीमल, विलास, चनहट, कनकोटा, बेराउर, नैनी, गुरगौला, बिहरवां, पनौटी, लोहदा गांवों के किसानों की फसलें बारिश के चलते पूरी की पूरी डूबी गई। साथ ही कई लोगों के घर भी गिर गएं। बताया कि बारिश से राजापुर तहसील में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

# सैलाब की चपेट में आये लोगों की मदद के लिये घरेलू महिलाओं के साथ ही नन्हें बच्चे भी आगे आये

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की यमुना में राजस्थान के कोटा बैराज से , जबकि बेतवा नदी में ललितपुर के माताटीला बांध से छोड़े गये पानी के बाद अब मौजूदा वक्त में वाटर लेबल घटने लगा है। वही सैलाब की चपेट में आये लोगों की मदद के लिये जिला प्रशासन के साथ ही राजनीतिक, सामाजिक लोग भी कंधे से कंधा मिलाकर खाने से लेकर दवाओं के साथ ही जरुरी सामान पहुंचाने का काम बहुत ही बेहतर तरीके से कर रहे हैं, वहीं घरेलू महिलायें और नन्हें बच्चे भी इस परेशानी के वक्त में किसी से पीछे नहीं हैं, बल्कि सैलाब की चपेट में आये लोगों को मदद पहुंचाने की कोशिश में सबसे आगे नजर आ रहे हैं, जी हां! एसा ही एक नजारा उस वक्त देखने को मिला जब कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेतवा के किनारे नरायच से नन्हें बच्चे अपने घर की महिलाओं के साथ आकर सैलाब की चपेट में आये हुये लोगों की माली (आर्थिक) मदद करने के साथ ही पीने के पानी के पाऊच देते नजर आये। पूंछने पर उन महिलाओं और नन्हें बच्चों ने कहा कि मुश्किल वक्त में इंसान ही इंसान के काम आता है।

# नवीन सभागार पुलिस लाइन में उपमहानिरीक्षक द्वारा मण्डल के पुलिस पेंशनर्स के साथ की गई बैठक

- पुलिस पेंशनर्स की समस्याएँ सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस द्वारा दिन मंगलवार 5 अगस्त को पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल और अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज की उपस्थिति में मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की गई।बैठक में मण्डल के चारों जनपदों- बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के पुलिस पेंशनर्स ने भाग लिया।बैठक के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।बैठक में पुलिस पेंशनर्स को वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही सवेरा योजना के बारे में जानकारी दी गई। सवेरा योजना वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही एक विशिष्ट योजना है जिसके अन्तर्गत पंजीकृत सभी वरिष्ठ नागरिकों किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है।बैठक के दौरान सभी को साइबर अपराध के तरीकों तथा उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि तुरंत इसकी शिकायत 1930 या स्थानीय थाने पर दर्ज कराएं।

## फोन में स्वयं के नाम से फर्जीवाड़ा करने वालों को जिलाध्यक्ष ने दी चेतावनी



जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य के नाम पर जिले में कुछ शातिर किस्म के लोगों ने अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया है। जिसकी जानकारी मिलने पर जिलाध्यक्ष ने अपने दोनों मोबाइल नंबर सार्वजनिक करते हुए सभी को ऐसे अराजकतत्वों से सावधान रहने को कहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने बताया कि वह पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार काम करते हुए व निरंतर संगठन को मबजूत करने को जुटे हुए है। इस दौरान पार्टी के मूल कार्यकर्ताओं की समस्याओं की जानकारी होने पर वह सम्बन्धित विभागों के जरिए समस्याओं का निराकरण कराते हैं। इस व्यस्तता का लाभ उठाकर कुछ शातिर किस्म के अराजकतत्व अधिकारियों के पास

# धन के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगे विद्यार्थी : कुलपति




**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में मंगलवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय ने कहा कि निर्धन परिवारों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति बहुत महत्वपूर्ण होती है। बहुत से ऐसे विद्यार्थी होते हैं, जो धन के अभाव में अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में छात्रवृत्ति उनके लिये बहुत सहायक सिद्ध होती है। लखनऊ से आए समाज कल्याण उपनिदेशक आनन्द सिंहव सहायक निदेशक सिद्धार्थ मिश्रा ने कहा कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति व जनजाति के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक आय सीमा 2.50 लाख रुपये तथा सामान्य, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक आय सीमा 2 लाख रुपये है। आयु सीमा के संबंध में बताया कि निजी शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों के लिए आयु सीमा 40 वर्ष तथा डाक्टरेट, राजकीय व अनुदानित संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है। बताया कि छात्रवृत्ति प्राप्ति के लिए विद्यार्थी की शैक्षिक सत्र में उपस्थित्ति 75 प्रतिशत अनिवार्य है। ऐसे पाठ्यक्रम जिनमें प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक है, में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों का प्राप्तांक 50 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों का प्राप्तांक 55 प्रतिशत होना अनिवार्य है। इस दौरान कार्यशाला में आए विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य व प्रतिनिधियों की समस्याओं का समाधान भी किया गया। कार्यकम का संचालन प्रो हरीकान्त मिश्रा एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव मुधरेन्द्र पर्वत सहित सम्बन्धित अधिकारी, प्राचार्य, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

## बारिश खाई दीवार हुई धराशाई, मलबे में दबाकर युवती घायल

जन एक्सप्रेस/उरई। आटा थाना क्षेत्र के परासन में बारिश खाई दीवार अचानक धराशाई हो गई और उसके मालवे में दबकर युवती घायल हो गई। जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए कानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। लगातार हो रही बारिश कच्चे मकानों के लिए आफत बनी हुई है। बताया गया कि सोमवार को आटा थाना क्षेत्र के ग्राम परासन निवासी प्रताप यादव की पुत्री पूजा अपने कच्चे पशुबाड़े को साफ करने के लिए गई थी। तभी पशुबाड़े से सटा पड़ोस के ही मनोज सिंह के मकान की वारिस खाई दीवार अचानक भर-भराकर धराशाई हो गई और वहां मौजूद पूजा दीवार के मलवे से दब गई। इस दौरान मौजूद लोगों में हड़कप मच गया और उन्होंने तत्काल मलवा हटाकर उसे बाहर निकालकर नाजुक हालत में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर उसकी हालत गम्भीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# महिला ने जहर खाकर दी जान, मायके पक्ष ने ससुरालियों पर मढ़े आरोप

**जन एक्सप्रेस । उरई**


रेढ़र थाना क्षेत्र के नावली में ससुरालयों से हुए विवाद के बाद पुत्रवधू ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालयों पर दहेज की खातिर जान से मारने का आरोप लगाया है।
रेढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम नावली निवासी वन्दना देवी 22 वर्ष पत्नी विशाल सिंह का सोमवार को किसी बात को लेकर ससुरालियों से विवाद हो गया। ससुरालीजनो से हुए विवाद के बाद उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुत्रवधू की हालत बिगड़ते देख परिजनों में अफरातफरी मच गई और वह उसे उपचार के लिए सीएचसी ले गए।जहां पर चिकित्सकों ने ग्वालियर ले जाने की सलाह दी। तभी परिजन उसे ग्वालियर ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बंगरा के पास उसकी मौत हो गई। खबर मिलते ही मध्य प्रदेश के भिंड जिले के मृगपुरा गांव निवासी मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतका के पिता बहादुर सिंह ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी दो वर्ष पहले विशाल से की थी, उसके एक बच्चा भी है। लेकिन शादी के बाद से ही परिजन अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। कई बार उसने समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने।मृतका के पिता का आरोप है कि दहेज की खातिर ही ससुरालियों ने उसकी बेटी को मार दिया है।फिलहाल सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जनपद के प्रभारी मंत्री ने बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेकर वितरण की राहत सामग्री

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




जनपद के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी) ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। साथ ही उत्तर प्रदेश राजस्व एवं आपदा विभाग द्वारा सरधुवा के कंपोजिट विद्यालय में आयोजित राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री का वितरण किया।
कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिक बारिश होने से नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे बाढ़ आ गई। बाढ़ से हुए नुकसान के दृष्टिगत प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर राहत व बचाव कार्य करते हुए राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। कहा कि क्षेत्र की मंदाकिनी व यमुना नदी का पानी बढ़ने से काफी नुकसान हुआ है। जिसके क्रम में डीएम-एसपी सहित पुलिस-प्रशासनिक टीमों पर राहत व बचाव का कार्य किया गया। बताया कि जहां-जहां पर आपदा आई है, वहां पर राहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही जो नुकसान हुआ है, उसके लिए भी सरकार द्वारा मदद की जा रही है। उपजिलाधिकारी से कहा कि बाढ़ से जिनके घर प्रभावित हुए है, उनका निरीक्षण कर अवगत कराए। इस दौरान जानकी देवी, चंद्र किशोर, राममिलन, ऊषा, विष्णु, ओमप्रकाश, लवलेश, संतु सहित 50 लोगों को राहत किट का वितरण किया गया। जिसमें खाने-पीने के सामान सहित नियमित इस्तेमाल की चीजे शामिल रही। इस मौके पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, उपजिलाधिकारी राजापुर आर आर रमन, नगर पंचायत अध्यक्ष राजापुर संजीव मिश्रा, तहसीलदार भारत सिंह, भाजपा नेता मनोज तिवारी, सुरेश अनुरागी सहित सम्बन्धित अधिकारी व जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।



**जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने...**

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 8 अगस्त को सुनवाई कर सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने मंगलवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ... पढ़ें पेज 12 पर...

# विस्वास खंड में मानचित्र के विरुद्ध निर्माण

## एलडीए अधिकारियों की संदिग्ध रिपोर्ट पर उठे सवाल

- शिकायतकर्ता की असंतुष्टि के बाद जेई बोले, फीडबैक दे दें, तो फिर से जांच कर लूंगा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर क्षेत्र के विस्वास खंड-2/134 और 2/135 पर मानचित्र मानकों के विपरीत हो रहे व्यवसायिक निर्माण पर लखनऊ विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर आई शिकायत संख्या 40015725070910 के संबंध में संबंधित अवर अभियंता ओमपाल सिंह एवं सहायक अभियंता सत्येंद्र कुमार द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट को भ्रामक, अपूर्ण और असंतोषजनक बताया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जांच अधिकारियों ने भ्रष्ट कार्यशैली के तहत मुख्य तथ्यों को छुपाया और निर्माण को वैध ठहराने की कोशिश की।




### क्या है मामला?

विवादित भवनों की जमीन पर दो भूखंडों पर एक साथ व्यवसायिक निर्माण किया जा रहा है, जबकि मानचित्र केवल एक भूखंड का ही पास है। साथ ही, नियमानुसार आवश्यक फ्रंट और बैक स्पेस भी नहीं छोड़ा गया, जिससे स्पष्ट रूप से भवन निर्माण उपविधियों का उल्लंघन हुआ है।

### क्या कहती है रिपोर्ट ?

2 अगस्त 2025 को एलडीए द्वारा जनसुनवाई पर प्रस्तुत आख्या में कहा गया निर्माण स्थल पर निरीक्षण किया गया, निर्माण कार्य मानचित्र के अनुसार है, और किसी भी प्रकार का व्यवसायिक प्रयोग वर्तमान में नहीं पाया गया। लेकिन शिकायतकर्ता का आरोप है कि यह रिपोर्ट तथ्यों को छिपाकर गढ़ी गई है।

### जेई ओमपाल सिंह का जवाब

- जब इस मामले पर अवर अभियंता ओमपाल सिंह से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा यदि शिकायतकर्ता असंतुष्ट है तो वह फीडबैक दे दे, मैं दोबारा जांच कर लूंगा।
- प्रश्न उठता है कि जब स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन सामने आ चुका है, तो जांच की दिशा और रिपोर्ट की निष्पक्षता पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही क्यों नहीं हुई?

### सवाल जो प्रशासन से पूछे जाने चाहिए

- जब शिकायतकर्ता ने ठोस तथ्य दिए हैं, तो बिना तकनीकी मानचित्र मिलान के जांच रिपोर्ट क्यों बनाई गई?
- क्या दो भूखंडों पर एक साथ निर्माण और व्यवसायिक प्रयोग के लिए एलडीए की स्वीकृति है?
- यदि मानचित्र केवल एक भूखंड का ही है, तो दूसरे पर निर्माण कैसे वैध माना गया?
- जांच अधिकारी की जवाबदेही क्यों तय नहीं की जा रही?

### मांग क्या है?


- उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा पुनः तकनीकी जांच कराई जाए,
- अवैध निर्माण पर सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो,
- भ्रामक रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई की जाए।

यह मामला न केवल नियमन के उल्लंघन का है, बल्कि जनता की शिकायतों को नजरंदाज कर मनमाने तरीके से कार्रवाई को रफा-दफा करने की एक मिसाल भी बनता जा रहा है। यदि समय रहते प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की, तो यह पूरे प्राधिकरण की साख पर प्रश्नचिह्न बन सकता है।

# मां बनी लाश और सिस्टम बना गूंगा तमाशबीन

- जनता हॉस्पिटल और वेदांता की लापरवाही ने निगल ली दो जिंदगियां एक मां और एक अजन्मा सपना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ के विकास नगर निवासी आनंद कुमार गौतम की जिंदगी उस वक्त थम गई, जब उन्होंने अपनी गर्भवती पत्नी को बेहतर इलाज के भरोसे जनता अस्पताल में भर्ती कराया। दिन था 2 अगस्त, दोपहर का एक बजा था। सुषमा देवी, जो नौ महीने की गर्भवती थीं, को उम्मीद थी कि अस्पताल में ममता का फूल खिलेगा... लेकिन यहां तो मौत उनका इंतज़ार कर रही थी। डॉक्टरों ने ऑपरेशन किया, एक बच्ची का जन्म हुआ। लेकिन ऑपरेशन के कुछ देर बाद ही सुषमा के पेट से लगातार खून बहने लगा। दर्द से तड़प रही मां, चिल्लाते परिजन और खामोश सिस्टम यही इस अस्पताल का चेहरा है। जब परिजनों ने बार-बार डॉक्टरों और नर्सों से गुहार लगाई कि हालत बिगड़ रही है, तो उन्हें दो टूक जवाब मिला गंदा खून है, ये तो होता है। ये कैसी संवेदनहीनता है? ये कैसा पेशा है, जहां जान से ज़्यादा लापरवाही का वजन भारी हो गया? रात के करीब 2 बजे डॉक्टर नीतीश कुमार सामने आए और बोले हम मरीज को अपने साधन से वेदांता हॉस्पिटल शिफ्ट कर रहे हैं। परिजनों ने जब पूछा क्यों? तो जवाब मिला हालत खराब है। और इसके महज 15 मिनट बाद ही वेदांता हॉस्पिटल से आई मौत की खबर। उस बच्ची की मां अब इस दुनिया में नहीं रही। आनंद कुमार की ज़िंदगी उजड़ गई। एक ही झटके में उसने अपनी पत्नी खो दी उस औरत को जो उसके घर की रौशनी थी, और उस बच्ची की मां को, जिसकी किलकारियां अब कभी नहीं सुनाई देंगी।

### आज सवाल उठता है


- किसके भरोसे चल रहे हैं ये अस्पताल?
- क्या डॉक्टरी अब सिर्फ कमाई का धंधा बन चुकी है?
- कब तक लापरवाही के नाम पर जिंदगियां जाती रहेंगी?
- आनंद कुमार गौतम ने थाने में तहरीर देकर दोनों अस्पतालों के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। लेकिन सवाल ये है क्या कार्रवाई होगी? या फिर एक और केस फाइलों के नीचे दब जाएगा?
- जन एक्सप्रेस की यह मांग है कि लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो, और जनता अस्पताल जैसे मौत के दलालों पर सरकारी शिकंजा कसे। नहीं तो कल कोई और मां, कोई और बच्चा और कोई और परिवार बर्बाद हो जाएगा।

# ज़मान-19 साल की उम्र में जो उजाला बुझ गया, वो अब मशाल बनकर जल रहा है

## खेलों का चैंपियन, मंचों का बादशाह, इंसानियत की मिसाल, ज़मान की उड़ान को न देख सका ये बेरहम वक्त

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

ये महज़ एक युवा की कहानी नहीं, एक रौशनी की गाथा है जो कम उम्र में ही सूरज की तरह चमकने लगा था। लेकिन अफ़सोस, वक्त ने उस रौशनी को बहुत जल्द बुझा दिया। ज़मान। उम्र-सिर्फ़ 19 साल। लेकिन सोच, जज़्बा और हौसला-जैसे किसी उम्रदराज़ योद्धा का हो। ज़मान ने जिंदगी को कभी बोझ नहीं समझा-बल्कि हर पल को जीने का नाम दिया। हर सुबह उसकी आंखें सिर्फ़ एक नए सपने के साथ खुलती थीं-खुद को बेहतर बनाने का, औरों को आगे बढ़ाने का।



### खेल का शेर, मंच का सितारा

बास्केटबॉल हो या क्रिकेट, स्विमिंग हो या घुड़सवारी-ज़मान ने हर मैदान में खुद को साबित किया। जिम में उसकी पसीने से तर मेहनत, खेलों में उसका जुनून, और फिटनेस को लेकर उसकी जागरूकता-उसे उसके साथियों से नहीं, बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने वाला बना चुकी थी। ज़मान वो नाम था जो मैदान पर उतरे तो दर्शक रुक जाते, क्योंकि खेल उसके लिए शो नहीं, साधना था।

### मंच पर बोलता था तो दिल सुनते थे

कई नामचीन स्कूलों के मंचों पर जब ज़मान खड़ा होता, तो सिर्फ़ शब्द नहीं, एक सजीव ऊर्जा बहती थी। डिबेट, पब्लिक स्पीकिंग, शायरी या पुराने गानों की महफ़िल-ज़मान हर फन में माहिर, हर सुर में रच बस चुका था। गिटार सीखना हो या गाना गुनगुनाना-उसके लिए हुनर कभी बोझ नहीं, एक आत्मा की पुकार थी।

### पढ़ाई में अनुशासन, सोच में परिपक्वता

10वीं और 12वीं बोर्ड में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक, और साल दर साल फुल अटेंडेंस अवॉर्ड-ये सिर्फ़ रिपोर्ट कार्ड की कहानियाँ नहीं, एक ऐसे युवा की छवि है जिसने कभी शॉर्टकट्स पर यकीन नहीं किया। उसके लिए शिक्षा सिर्फ़ किताबों तक सीमित नहीं थी, बल्कि एक सोच थी, जो दुनिया को देखने का नजरिया देती है।

### वो जो हर दिल में बस गया

ज़मान का वजूद उसकी मेहनत में था, लेकिन उसकी पहचान उसकी इंसानियत थी। वो दोस्त की परेशानी को अपना दर्द समझता था। वो हार के बाद मुस्कुरा कर कहता था कोई बात नहीं, अगली बार और बेहतर करेंगे। वो वो युवा था, जो दूसरों के सपनों को भी अपने कंधों पर ढोता था।

### ज़मान नहीं गया, वो हर उस दिल में जिंदा है जहाँ अब भी जुनून धड़कता है

आज जब ज़मान हमारे बीच नहीं है, तो खाली सिर्फ़ एक कुर्सी नहीं हुई-खाली हो गई वो जगह जहाँ ज़िंदगी हर रोज़ नए रंग भरती थी। वो अब एक चेहरा नहीं, प्रेरणा बन गया है-हर उस बच्चे के लिए जो अपनी उम्र से आगे सोचना चाहता है, जो हार मानने से इनकार करता है। जन एक्सप्रेस उसके परिवार, दोस्तों और चाहने वालों के इस अपूरणीय क्षति में गमगीन है-लेकिन हम इसे यकीन के साथ लिखते हैं ज़मान की कहानी एक अधूरी कविता नहीं-बल्कि वो मुकम्मल महाकाव्य है, जो आने वाली पीढ़ियों को रास्ता दिखाएगा।

# बारिश से सड़कों की हुई दुर्दशा, कई जगह हुए बड़े-बड़े गड्ढें

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से सड़कों को काफी नुकसान हुआ है। बारिश शुरू होते ही महोना, अमानीगंज मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं, इन गड्ढों में बरसात का पानी भर जाता है और पैदल चलने वालों को इस मार्ग पर चलना मुहाल हो जाता है, इस मार्ग का निर्माण कार्य हाल में ही शुरू हुआ था,लेकिन ठेकेदारों द्वारा मानको को अनदेखा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा था,जिससे ग्रामीण व स्थानीय विधायक मौके पर पहुंचकर कार्य का जायजा लिया और गलत पाए जाने पर कार्य को ठप कर दिया गया था। वहीं इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का कहना है कि सरकार का दावा है कि क्षेत्र में सभी मार्गों को गड्ढा मुक्त किया जायेगा, लेकिन इटौंजा, कुर्सी मार्ग, हनुमंतपुर मार्ग,माल रोड,अकडरिया कलां जाने वाली तथा दुघरा जमखनवां बगहा होते हुए मानपुर मंडी को जोड़ने वाली,अन्य मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे ही गड्ढे नजर आते हैं। इन मार्गों पर चलना मौत को पैगाम देने के बराबर है।

# खुले ट्रांसफार्मर के अगल-बगल लगवाई जाली, करवाई साफ-सफाई

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ जिले के बीकेटी क्षेत्र में पंकज कुमार गुप्ता अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड बीकेटी लेसा ट्रांस लखनऊ के नेतृत्व में इटौंजा विद्युत उपखंड क्षेत्र के अंतर्गत सराय उसरना तालाब के पास लगे ट्रांसफार्मर को बिजली विभाग के अधिकारीयों द्वारा लोहे की जाली लगाकर ढक दिया गया और वहां की साफ सफाई करवाई।जिससे कि आम जनता को सुरक्षा मिल सकें।इटौंजा विद्युत उपखंड एसडीओ व जेई योगेश यादव ने सराय उसरना तालाब के पास लगे ट्रांसफार्मर में चारों तरफ जाली लगवा कर वहां की साफ सफाई करवाई है। इस दौरान एसडीओ इटौंजा ने कहा कि हमारा उद्देश्य है हर एक निचले पायदान तक बिजली पहुंच सकें और लोगों को बिजली मिल सकें। जहां बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं वहां की साफ सफाई कराई जा रही हैं। इटौंजा जेई योगेश यादव ने कहा कि इटौंजा क्षेत्र में सभी गांवो अन्य जगहों पर हमारे विद्युत कर्मी बारिश हो धूप हो सभी मौसमों में कड़ी मेहनत करते हैं,जिससे जनता को बिजली हर समय उपलब्ध हो रही है और जहां भी कोई फाल्ट आता है मेरे द्वारा तुरंत वहां पर समस्या का निदान करवा कर सप्लाई चालू कराई जाती है। जब से पंकज कुमार गुप्ता अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड बीकेटी लेसा ट्रांस लखनऊ ने चार्ज संभाला है, तब से बिजली की छोटी बड़ी समस्याओं का तुरंत समाधान हो रहा है और कहीं भी कोई कर्मचारी व अधिकारी की गलती या शिकायत मिलती है, तो उसे पर तुरंत कार्रवाई करते हैं, इस कार्य से आम जनता का उन पर विश्वास बना हुआ है और वह लगातार क्षेत्र की छोटी बड़ी समस्याओं पर अपनी नजर बनाए रहते हैं।कर्मचारियों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहते हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

- प्रदेश महामंत्री भाजपा व लखनऊ महानगर अध्यक्ष ने पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ अभियान की रूपरेखा तय की

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




राजधानी लखनऊ में सदस्य विधान परिषद, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला व लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने हर घर तिरंगा अभियान की जिला कार्ययोजना बैठक में अभियान की रूपरेखा तय की। इस दौरान हजरतगंज हलवासिया कोर्ट में आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला ने कहा ÷घर छोटा हो या बड़ा हो हर घर पर तिरंगा होना चाहिए÷ 15 अगस्त स्वतंत्रता पर्व तक प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान और कार्यालय में तिरंगा फहरना चाहिए। इस बार के मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था ऑपरेशन सिंदूर के बाद अबकी 15 अगस्त तिरंगा अभियान के प्रति हर व्यक्ति का उत्साह और बढ़ा है। मंडल स्तर पर 8 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान की मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें मंडल पदाधिकारी,पार्षद, कार्यकर्ता तथा क्षेत्र में निवास करने वाले सम्मानित जनों को बैठक में आमन्त्रित किया जाए। इसके बाद हर मंडल में 10 अगस्त से लेकर 12 अगस्त तारीख के मध्य एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें यात्रा का मार्ग पूर्व में निर्धारित करा जाए।

सभी 110 वार्ड में भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाए । मंडल में आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा में सामाजिक कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों की भी सहभागिता भी सुनिश्चित करें । सेना एवं शहीद परिवार से जुड़े लोगों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएग। शहीद, स्वतंत्रता सेनानियों, तथा सैनिको के घर,महापुरुषों के प्रतिमा स्थल, प्रमुख चौराहा स्थान पर एकत्रित करके हाथ में तिरंगा लेकर के भारत माता की जय, वंदे मातरम जयघोष करते हुए तिरंगा यात्रा का निकाली जायेगी। 12 से 14 अगस्त के बीच महानगर के स्मारकों की स्वच्छता का कार्य और उसके बाद पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

13 से 15 अगस्त तक सभी घर एवं प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने का अभियान किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका का आयोजन किया जायेगा। सम्पूर्ण अभियान और तिरंगा झंडा लगाकर सेल्फी को सोशल मीडिया पर हेस्टैग तिरंगा यात्रा, एवं हर घर तिरंगा के साथ अपलोड करना है।लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने लखनऊ महानगर में हर घर तिरंगा अभियान की कार्य योजना की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद 15 अगस्त पर हर घर अभियान बड़े जोर-शोर से आयोजित किया जाएगा। अभियान में बूथ स्तर तक आम जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित का कार्य करेंगे। जिसके लिए विधानसभा और मंडल स्तर पर अभियान संयोजकों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि बैठक में सुधीर हलवासिया, अंजनी श्रीवास्तव,रजनीश गुप्ता, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, अशोक तिवारी, राकेश सिंह, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, अभियान संयोजक विनायक पाण्डेय, मानवेंद्र सिंह, लखविंदर पाल, यूएन पांडे, सीता नेगी, अनुराग साहू उपस्थित रहें।

# मंदिर से घंटे चुराती महिला को ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भदेसरमऊ गांव में ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया, जब उन्होंने एक महिला को शिव मंदिर से घंटे चोरी करते हुए रंगेहाथों पकड़ लिया। यह घटना मंगलवार देर रात की है, जब रहीमाबाद के बड़खेरवा मजरा बेलाहार की रहने वाली राजेश्वरी ने मंदिर में घुसकर पांच भारी घंटे चुरा लिए। महिला ने चोरी किए गए घंटों को एक बोरी में भरा और भागने की कोशिश कर रही थी, तभी मंदिर से आ रही आवाज़ सुनकर आसपास के ग्रामीण जाग गए। उन्होंने तुरंत मंदिर को चारों ओर से घेर लिया और महिला को भागने का कोई मौका नहीं दिया। इस घटना की सूचना तुरंत ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी और उनके प्रतिनिधि संतोष मौर्य को दी गई। संतोष मौर्य ने बताया कि आरोपी महिला राजेश्वरी का मायका भदेसरमऊ गांव में है और वह फिलहाल अपने पिता शिवदीन के घर पर रह रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को हिरासत में ले लिया।

# कुत्ता काटने को लेकर गाली-गलौज कर, की मारपीट, पुलिस कर रही जांच

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत महोना चौकी क्षेत्र के केसरमऊ पुरवा निवासी राजकुमारी उनकी बेटी अंजलि को गांव के ही निवासी भगवानदीन का कुत्ता काट । लिया और जब काटने को लेकर भगवानदीन को कहा कि आपका कुत्ता काट लेता है, इस पर भगवानदीन द्वारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने के आरोप राजकुमारी उनकी बेटी अंजलि ने लगाएं हैं। वहीं पीड़ित राजकुमारी ने बताया कि भगवानदीन के कुत्ता जो उन्होंने पाल रखा है वह काट लिया था,काटने पर हमने उनसे कहा कि आपका कुत्ता हमारे काट लिया हैं। इस बात को लेकर उन्होंने गाली देते हुए मारपीट की और कहा कि तुम हमारा कुछ नहीं कर पाओगें, पीड़ित ने इटौंजा पुलिस से लिखित शिकायत की हैं।

# जिलापंचायत में टेंडर घोटाला: सुविधा शुल्क के नाम पर खुला भ्रष्टाचार का खेल, महिला उद्यमी ने खोली पोल



**जिला पंचायत में टेंडर गड़बड़ी का आरोप, डीएम से शिकायत**

जन एक्सप्रेस । अमेठी

उन्होंने दस प्रतिशत एफडीआर समय पर जमा की थी और 1280 रुपए का ई-स्टाम्प भी इंजीनियर वासु कृष्णा को एग्रीमेंट के लिए सौंपा था। इसके बावजूद पाँच से छह महीने बीत जाने पर भी उनका एग्रीमेंट नहीं किया गया। रामजी अग्रहरि का दावा है कि उन्हें पीयूष ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर

- जिला पंचायत अमेठी का कार्यालय जहां टेंडर पास कराना है तो सुविधा शुल्क चुकाना होगा
- दुर्गन भवानी इंटरप्राइजेज की संचालिका किरन अग्रहरि ने जिला पंचायत विभाग पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं

**जन एक्सप्रेस फॉलोअप**

**राज्य मुख्यालय**




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को लेकर लोक निर्माण विभाग के देवी पाटन मंडल के विभिन्न जिलों समेत वाराणसी मंडल के जौनपुर जिले में करोड़ों के घोटाले सामने आने के बाद सरकार के जीरो टॉलरेंस पर सवाल उठने लगे हैं इस बार चर्चा में है जिला पंचायत अमेठी का कार्यालय जहां टेंडर पास कराना है तो सुविधा शुल्क चुकाना होगा! ये अल्फाज़ अमेठी जिले के सरकारी दफ्तरों में अब नया कानून बनते नजर आ रहे हैं। जी हां, अमेठी की चर्चित फर्म दुर्गन भवानी इंटरप्राइजेज की संचालिका किरन अग्रहरि ने जिला पंचायत विभाग पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं, जो न सिर्फ सिस्टम की सड़ांध को उजागर करते हैं, बल्कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की हकीकत भी सामने लाते हैं।

### टेंडर मिला, लेकिन फंसा सुविधा शुल्क के जाल में

15 अक्टूबर 2024 को जिला पंचायत अमेठी ने ई-टेंडर प्रक्रिया से 179 विकास कार्यों का आवंटन किया। किरन अग्रहरि की फर्म को इनमें से तीन प्रमुख कार्य दिए गए। लेकिन जब 02 दिसंबर 2024 को उन्होंने सभी दस्तावेज और एफडीआर विभाग को सौंप दी, तो उम्मीद थी कि काम जल्द शुरू होगा। लेकिन हुआ ठीक उल्टा महीनों तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार जब किरन अग्रहरि ने बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाए, तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। अधिकारियों ने साफ कहा, एग्रीमेंट तभी होगा, जब आप पीयूष ट्रेडर्स (प्रो. अशोक सिंह) को 10 प्रतिशत सुविधा शुल्क दें।

### क्या कहता है कानून, और क्या कर रही है ब्यूरोक्रेसी?

यह पूरा मामला न सिर्फ एक महिला उद्यमी के अधिकारों का हनन है, बल्कि सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी नीति की धज्जियां उड़ाता है। किरन अग्रहरि का कहना है मैंने नियमों का पालन किया, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने मुझे सिर्फ चक्कर कटवाए। अवैध मांगों के कारण मेरी फर्म को भारी नुकसान हुआ है। मैं मांग करती हूं कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### डीएम से की शिकायत, जांच की उठी मांग

किरन ने अब अमेठी के जिलाधिकारी से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इस भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं होती, तो यह उन हजारों व्यापारियों के लिए कुचलती हुई मिसाल बन जाएगी जो ईमानदारी से काम करना चाहते हैं।

### क्या होगी कार्रवाई? अब जनता की नजरें प्रशासन पर!

यह मामला सिर्फ एक महिला का नहीं, हर उस नागरिक का है जो सिस्टम पर भरोसा करता है। सवाल ये है कि क्या योगी सरकार इस मामले को गंभीरता से लेगी? या फिर यह भी एक फाइल बनकर किसी टेबल के नीचे धूल फांकता रहेगा? अगर दोषियों को सजा नहीं मिली, तो %जीरो टॉलरेंस% सिर्फ नारा बनकर रह जाएगा।

### जनता पूछ रही है

क्या भ्रष्टाचारियों को बचाया जाएगा?
क्या महिला उद्यमी को मिलेगा न्याय?
क्या सरकार अपनी नीति पर खरी उतरेगी? जन एक्सप्रेस इस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है। यदि आपके पास भी ऐसी कोई जानकारी है, तो हमसे साझा करें।

### न दो घूस, न करो काम, खुलेआम धमकी

किरन अग्रहरि ने जब इस अवैध वसूली का विरोध किया, तो विभागीय अधिकारियों ने न सिर्फ टालमटोल शुरू कर दिया, बल्कि उनके पति रामजी अग्रहरि को भी धमकियां दीं कि बिना सुविधा शुल्क जमा किए काम शुरू नहीं होगा। किरन अग्रहरि का आरोप है कि अधिकारियों ने जानबूझकर देरी की, ताकि घूस लेने की जमीन तैयार की जा सके। जब दबाव नहीं बना, तो 10 जुलाई 2025 को उनका टेंडर ही रद्द कर दिया गया और नए सिरे से निविदा जारी कर दी गई!

# सड़क पर तड़पते घायल युवक देखकर प्रभारी मंत्री ने रुकवाया काफिला, इन्हौना पुलिस पर फूटा गुस्सा

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के इन्हौना थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव हजारीगंज के पास मंगलवार को हुई एक दर्दनाक घटना ने पुलिस प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया।सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी,जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर तड़पता रहा।राहगीरों और पुलिसकर्मियों की संवेदनहीनता के कारण घायल युवक की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया।थाना शुकुलबाजार क्षेत्र के पूरे कुसहरिया मजरे महोना पश्चिम निवासी राहुल सिंह 36 वर्ष मंगलवार सुबह लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर पैदल सड़क पार कर रहे थे,तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे के बाद राहुल सिंह सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े और घंटों तक तड़पते रहे,परंतु पुलिस और राहगीरों की नजरें मूकदर्शक बनी रहीं।इसी दौरान प्रदेश सरकार के खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री एवं अमेठी जनपद के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का काफिला मौके से गुजर रहा था।सड़क पर भीड़ देख मंत्री ने तुरंत अपने काफिले को रुकवाया और घायल युवक के पास पहुंचे।आमजन से पूरी घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने इन्हौना पुलिस की लापरवाही पर तीखी नाराजगी जताई।और संवेदनहीनता के लिए जमकर फटकार लगाई।मंत्री ने तत्काल व्यवस्था बनाकर घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ भिजवाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने पुलिस प्रशासन की कार्य शैली और मानवीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसी घटनाओं में तत्परता और संवेदनशीलता सर्वोपरि होनी चाहिए।उन्होंने मृतक के परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

# तिलोई तहसील प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं भंडारा

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



मंगलवार को तिलोई तहसील प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ।कार्यक्रम का नेतृत्व प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार ने किया।धार्मिक आयोजन में तिलोई उपजिलाधिकारी अमित कुमार सिंह एवं तहसीलदार अभिषेक यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।और तिलोई के अधिवक्ताओं और फरियादियों ने भी भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन किया गया। जिसके बाद अखंड सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ हुआ। पूरे दिन भक्तों द्वारा राम भक्ति में डूबकर सुंदरकांड का पाठ किया गया।कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और मंदिर प्रांगण ÷बोल बजरंगबली की जय÷ के जयकारों से गूंजता रहा।

सुंदरकांड पाठ के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।भंडारे की व्यवस्था प्रशासनिक अधिकारी के निर्देशन में हुआ।भक्तों ने आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आस्था और भक्ति का संचार होता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक टीम,मंदिर समिति एवं क्षेत्रीय जनमानस का विशेष योगदान रहा।

# रायबरेली वन विभाग का सराहनीय काम, सूचना मिलते ही तुरंत रेस्क्यू करने पहुंची टीम

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली वन विभाग की त्वरित कार्रवाई- सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ा, लोगों में डर का माहौल खत्म

रायबरेली के मधुबन मार्केट स्थित चंद्र नगर पूर्व प्राथमिक विद्यालय के पास एक सांप के दिखने से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई थी। स्थानीय निवासियों ने इसे अजगर समझकर तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही रायबरेली वन विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। लोगों ने बताया कि उन्होंने एक बड़े सांप को देखा था, जिसे वे अजगर समझ रहे थे। इस भ्रम के कारण इलाके में डर का माहौल बन गया था। वन विभाग की टीम ने सावधानीपूर्वक जांच की और पाया कि यह अजगर नहीं, बल्कि एक सांप था। टीम ने स्थानीय लोगों को सांप और अजगर के बीच अंतर समझाया, जिससे उनकी गलतफहमी दूर हुई। कड़ी मेहनत और पेशेवर दक्षता के साथ वन विभाग की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। सांप को एक डिब्बे में रखकर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस कार्रवाई से इलाके में फैला डर का माहौल पूरी तरह खत्म हो गया। वहीं पास के स्थानीय लोगों ने वन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया और प्रभावी कार्यशैली की सराहना की। जिसमें घटनाक्रम स्थान के पास रहने वाली एंजेल गुप्ता ने कहा कि वन विभाग की इस सक्रियता ने न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि जंगली जीव के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई। रायबरेली वन विभाग की इस कार्रवाई को एक सराहनीय कदम बताया जा रहा है।

## मिलावटखोरों पर कार्रवाई, दो सौ किलो मिठाइयाँ की गई नष्ट

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** जनपद में में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए दो सौ किलो से अधिक मिठाइयों को मौके पर ही नष्ट करा दिया ।यह कार्रवाई सहायक आयुक्त खाद्य सतीश शुक्ला के नेतृत्व में की गई ।सुल्तानपुर से अमेठी आ रही एक गाड़ी को पीपरपुर में चेकिंग के दौरान रोका गया ।जांच में गाड़ी से 150 किलो छेने का रसगुल्ला व 50 किलो खोया बरामद हुआ,जिसे बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था ।मिठाइयों में मिलावट की आशंका पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके पर ही दो किलो रसगुल्ला और एक किलो खोया का सैम्पल जांच हेतु संग्रहित किया ।प्रथम दृष्टया गंभीर खाद्यसुरक्षा मानकों के उल्लंघन की संभावना के चलते समस्त सामग्री को वहीं नष्ट कर दिया गया ।टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर,युगल किशोर व कृष्णा चौहान मौजूद रहे ।विभाग ने मिलावटखोरों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगीआमजन से भी अपील की गई है कि इस तरह की सूचना विभाग को तत्काल दें।

# प्रभारी मंत्री ने विकास भवन में की समीक्षा बैठक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



प्रदेश शासन के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्य मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन,राजस्व कार्यों की प्रगति और जनपद की कानून व्यवस्था को लेकर विस्तारपूर्वक मंथन हुआ।मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से पहुंचाया जाए।उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण है,इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,फसल बीमा योजना, गड्ढा मुक्त सड़क अभियान,स्वच्छ भारत मिशन,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,रोजगार सृजन कार्यक्रम,महिला सशक्तिकरण योजनाएं, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था,खराब ट्रांसफार्मर के प्रतिस्थापन सहित अन्य विकास कार्यक्रमों की बारीकी से समीक्षा की गई।प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को समझें और धरातल पर क्रियान्वयन में तत्परता दिखाएं।उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना का शिलान्यास या लोकार्पण स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जाए और विभागीय कार्यों में जन प्रतिनिधियों के साथ संवाद और समन्वय बना रहे।कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने हत्या,लूट, महिला उत्पीड़न,गैंगस्टर व रासुका जैसे गंभीर अपराधों पर कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया।उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराध नियंत्रण में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।जिलाधिकारी संजय चौहान ने आश्वस्त किया कि प्रभारी मंत्री के निर्देशों का पूर्ण पालन कराया जाएगा।बैठक में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि,विधायक सुरेश पासी,पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे, मार्गो पर देखे जा रहे होल

## जल जीवन का गड्ढा ले लेगा जीवन, ठेकेदारों को निर्देश-फिर भी नहीं सुधरे हालात

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल,अमेठी**



जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइनें बिछाई गई थी। लेकिन बारिश के दौरान पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे लोगों के लिए परेशानी का सबब बने देखे जा रहे हैं।बताते चलें जल जीवन मिशन योजना लोगों को साफ पानी देने के लिए शुरुवात की गई थी।गांवों में इस योजना की हालत दयानीय देखी जा रही है।योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गढ्ढे बारिश के दिनों में परेशानी का सबब बन चुके हैं। क्षेत्र के कच्चे पक्के बने बीच मार्गो पर पाइपलाइन के लिए खोदे गए गड्ढे की पटाई न कर ऊपर से मिट्टी डालकर महज खाना पूर्ति की गई।बानगी की तौर पर विकास खंड के अंतर्गत आने वाले प्रॉपर कस्बे में ही देखने को मिला जहां जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पाइप लाइन के विस्तार के लिए खोदे गए गड्डे की मिट्टी वर्तमान में हो रही बारिश से दो से तीन फीट तक धसी हुई देखी जा रही है,जिससे आवागमन बाधित देखा जा रहा है। साथ ही साथ हादसों को भी दावत मिल रही है।बारिश के चलते मार्गो पर हो रहे बड़े-बड़े होल से राहगीरों को आवागमन में परेशानी देखी जा रही है।कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।वहीं इस मामले में जब जिम्मेदार अधिकारियों से बात की गई तो उनका कहना था कि सभी ठेकेदारों को गड्ढों को भरने के लिए निर्देशित किया गया था पाइप लाइन के लिए खोदे गए गड्डे को वास्तविक स्थिति में ले आएं,ताकि कोई दुर्घटना घटित ना हो।फिर भी जहां कहीं ऐसी स्थिति है उसे सुधारा जाएगा।

### गड्ढो से हो सकता बड़ा हादसा

जलजीवन मिशन के तहत खोदे गए गड्ढे जिनकी भरपाई महज खाना पूर्ति कर छोड़ दी गई,बारिश में मार्गो पर 2 से 3 फीट तक हो रहे होल में कोई भी राहगीर के साथ कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।लोगों ने गड्ढों को लेकर शिकायत भी की अब तक इस ओर किसी भी जिम्मेदार का ध्यान नहीं गया है।मार्गो पर हो रहे ये गड्ढे बारिश के मौसम में सबसे खतरनाक देखे जा रहे हैं।स्थानीय लोगों ने गड्ढे की भरपाई के लिए शासन प्रशासन से मांग की है,ताकि आवागमन सुगम हो सके।

## आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्यवाई करते हुए पकड़ी 45 ली अवैध कच्ची शराब, तीन को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध मंगलवार को विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत थाना गुरुबक्शगंज में पूरेलालासहाय ,घाटमपुर के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी।

आबकारी वह पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश के दौरान लगभग 45 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए लगभग 300 किलोग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट कर कराया। साथ ही तीन अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया।

# संस्कृति के अनुरूप नामकरण

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



भारतीय संस्कृति में अयोध्या का महत्व सर्वविदित है। यहां किसी संस्थान के नाम संस्कृति को रेखांकित करने वाले होने चाहिए। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की अयोध्या यात्रा के दौरान यह तथ्य परिलक्षित हुआ। उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के नवीन परिसर वशिष्ठ परिसर में बहुउद्देशीय कॉम्प्लेक्स तुलसी भवन एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी धन्वंतरी भवन का लोकार्पण किया। वशिष्ठ, तुलसी और धनवंतरी केवल नाम नहीं हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति के गौरवशाली अध्याय हैं। धन्वंतरी भवन के सभा कक्ष समारोह का आयोजन भी किया गया। इसमें खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। धनवंतरी ने स्वास्थ्य विज्ञान से मानवता को अवगत कराया। वह ऋषि धन्वंतरि समुद्र मंथन के अंत में अमृत लेकर प्रकट हुए थे। वह श्रेष्ठ चिकित्सक थे। आयुर्वेद मानवता की महान धरोहर है। यह आज भी प्रासंगिक है। सुश्रुत उनके विद्वान शिष्य थे। आयुर्वेद को आठ श्रेणियों में विभाजित किया। शल्य, शालक्य,काया चिकित्सा, भूतविद्या, कौमारभृत्य, अगदतंत्र, रसायनतंत्र और वाजीकरणतंत्र। वर्तमान सरकार ने फिट इंडिया और खेलो इंडिया अभियान शुरू किया था। खिलाड़ियों को इसी के अनुरूप प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राज्यपाल ने अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के महिला एवं पुरुष वर्ग के सात-सात विजेता खिलाड़ियों एवं उनके कोचों को स्मृति चिन्ह एवं धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया।

# एसएससी घोटाले के खिलाफ एनएसयूआई का प्रदर्शन पेपर लीक नहीं धोखा है: आयुष द्विवेदी




**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया हस्ढ्ढने एसएससी भर्ती परीक्षा में हुए व्यापक घोटाले के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया प्रदर्शन में सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया और सरकार की निष्क्रियता के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कीएनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एसएससी परीक्षाओं में धांधली पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मामलों की सीबीआई जांच की मांग की एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आयुष द्विवेदी ने कहायह केवल पेपर लीक नहीं युवाओं के भविष्य के साथ धोखा है बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं के साथ सरकार का यह रवैया निंदनीय है अगर सरकार ने जल्द निष्पक्ष जांच नहीं कराईतो एनएसयूआई सड़कों से संसद तक संघर्ष करेगी प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने हाथों में पोस्टर बैनर लिए बेरोजगारों को न्याय दो एसएससी घोटाले की जांच हो जैसे नारे लगाए एनएसयूआई मांग करती है एसएससी स्कैम की उच्च स्तरीय न्यायिक/ष्टक्चढ्ढ जांच होदोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए पीड़ित अभ्यर्थियों को न्याय दिलाया जाए भविष्य में ऐसी परीक्षाओं की पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए यह प्रदर्शन में छात्रों के जोश और एकजुटता ने यह संदेश दे दिया कि युवा अब अन्याय के खिलाफ चुप नहीं बैठेंगे इस मौके पर यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला सचिव राघवेंद्र सिंह पंकज एनएसयूआई के शहर अध्यक्ष उज्जवल श्रीवास्तव उपाध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी पवन शुक्ला अभ्युदय सिंह विभांशु श्रीवास्तव अनस मुमताज अंसारी प्रभात पटेल अमन पटेल मृत्युंजय तिवारी अर्पित मौर्य उद्देश्य द्विवेदीअतुल मौर्य सैकड़ो की संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किसानों को वितरित की जाएगी नि:शुल्क तोरिया बीज मिनीकिट

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया है कि कृषि विभाग द्वारा संचालित राज्य सहायतित नि:शुल्क तिलहन बीज मिनीकिट वितरण एवं प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत तोरिया फसल का दो किलोग्राम मात्रा का बीज मिनीकिट नि:शुल्क प्राप्त करने हेतु कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन 01 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक किया जाएगा, इसके लिए कृषि विभाग के एग्री दर्शन 02 पर जाकर बीज पर क्लिक करके तोरिया बीज मिनीकिट की बुकिंग की जा सकती है। ऑनलाइन आवेदन करने वाले कृषकों को बीज मिनीकिट आवेदन अवधि में प्राप्त आवेदकों के मध्य लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। एक कृषक को केवल एक मिनीकिट प्राप्त होगा।

# शिक्षामित्र के कार्यकाल को जोड़ते हुए दी जाए पुरानी पेन्शन: राजेश शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,शाखा-रायबरेली के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में संजीव सिंह,प्रभारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलकर शिक्षक समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला ने कहा है कि 28 मार्च 2005 से पूर्व जनपद में जिन शिक्षकों की शिक्षामित्र के रूप में नियुक्ति हुई थी उनके सेवाकाल को जोड़ते हुए उन्हें पुरानी पेंशन हेतु विकल्प पत्र भरने/जमा करने हेतु आदेश निर्गत किया जाए। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि जनपद के शिक्षकों के चयन वेतनमान लंबे समय से लंबित हैं,अन्य जनपदों में ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत किए जा रहे हैं। जनपदीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि शिक्षक हित में ऑनलाइन व्यवस्था दुरुस्त होने तक पूर्व की भांति ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत किए जाएं। इस अवसर पर जनपदीय संयुक्त मंत्री डा चंद्र मणि बाजपेई,जनपदीय लेखाकार गंगा चरण भारती, जनपदीय उपाध्यक्ष सुधीर सिंह,जनपदीय उपाध्यक्ष अनुराग शुक्ला,जनपदीय संगठन मंत्री आकाश त्रिपाठी,जगतपुर अध्यक्ष डा संजय सिंह,अमावां अध्यक्ष अशोक पाल,डीह मंत्री नीलेश शुक्ला,जगतपुर मंत्री आशुतोष पाण्डेय,सतांव के संयुक्त मंत्री अवध किशोर शुक्ला,जगतपुर संघर्ष समिति अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, मनोज गौतम के साथ-साथ शिक्षा मित्र संघ के जिला मंत्री पुष्पेन्द्र त्रिवेदी भी उपस्थित रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 06 अगस्त, 2025






**मछली शहर की सपा विधायक डॉ. रागिनी...**

जौनपुर बरसठी स्थानीय विधायक कार्यालय पर मंगलवार को समाजवादी चिंतक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती सादगीपूर्ण वातावरण में मनाई गई... शेष पेज 10 पर...

# बाल रोग विभाग में चिकित्सक व स्टॉफ की हो बढ़ोत्तरी, करेंगे पत्राचार : महानगर मजिस्ट्रेट



- पालना में अनाथ नवजात की मानवीय सुविधाएं देख वेंटीलेशन की नाराजगी हुई कमजोर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चिकित्सा क्षेत्र में नवजात व बच्चों का इलाज सबसे कठिन माना जाता है, क्योंकि नवजात अपना दर्द नहीं बता सकता और उसका इलाज चिकित्सक की शिक्षा व अनुभव पर निर्भर करता है। ऐसे में मंगलवार को महानगर मजिस्ट्रेट सीडब्ल्यूसी देवेन्द्र प्रताप सिंह ने टीम के साथ हैलट अस्पताल के बाल रोग विभाग का जायजा लिया। उन्होंने एनआईसीयू, पीआईसीयू एवं थैलेसेमिया वार्ड का निरीक्षण किया और वेंटिलेशन को लेकर नाखुश दिखे, लेकिन यह नाराजगी कुछ ही देर में कमजोर हो गई जब उन्होंने पालना में अनाथ नवजात की चिकित्सीय के साथ स्टॉफ की मानवीय सुविधाओं को देखा।? निरीक्षण में यह भी सामने आया कि मरीजों के सापेक्ष न तो चिकित्सक हैं और न ही स्टॉफ। इस पर उन्होंने कहा कि दोनों में बढ़ोत्तरी बहुत जरुरी है और इसके लिए शासन को पत्राचार किया जाएगा।

महानगर मजिस्ट्रेट सीडब्ल्यूसी कानपुर देवेन्द्र प्रताप सिंह मंगलवार को टीम के साथ लाला लाजपत राय (हैलट) के बाल रोग विभाग का निरीक्षण ?करने पहुंचे। विभागाध्यक्ष डॉ. एसके गौतम और स्टॉफ के साथ उन्होंने एनआईसीयू, पीआईसीयू एवं थैलेसेमिया वार्ड की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कुछ तीमारदारों से वार्ता भी की जिस पर तीमारदारों ने अस्पताल की चिकित्सीय सेवाओं से संतुष्टि जाहिर की। अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक मिली और सभी वार्डों में वेंटिलेशन के लिए कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बच्चों के सभी 100 बेड पर ऑक्सीजन व्यवस्था पूर्ण पायी गई जिस पर उन्होंने प्रशंसा की।

### शासन को किया जाएगा पत्राचार

विभागाध्यक्ष डॉ. एसके गौतम ने बताया कि अस्पताल में एनआईसीयू के 24 और पीआईसीयू के 20 बेड हैं। इस पर देवेंद्र प्रताप सिंह ने बेड की संख्या बढ़ाने की बात कही जिस पर विभागाध्यक्ष ने बताया कि स्टॉफ की कमी है। अस्पताल में नौ डाक्टर हैं जिनमें तीन ही प्रोफेसर हैं। नर्सिंग स्टॉफ 12 हैं जिसमें छह आउटसोर्स के तहत हैं। यहां पर सबसे बड़ी जिम्मेदारी जेआर प्रथम, द्वितीय व तृतीय निभाते हैं जिनकी संख्या 42 है। इसी प्रकार एसआर की संख्या 12 है। इस पर महानगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सक व स्टॉफ की बढ़ोत्तरी जरुरी है और शासन को पत्राचार किया जाएगा।

### तीन महीने में आ जाएगी पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन

विभागाध्यक्ष ने बताया कि तीन महीने में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन अस्पताल में आ जाएगी। इसके लिए लगभग सभी प्रक्रियाएं हो चुकी हैं। इस मशीन के आ जाने से इलाज की प्रक्रिया और बेहतर होगी।

### थैलेसेमिया वार्ड को बढ़ाया जाये

देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि थैलेसेमिया वार्ड में 221 बच्चे पंजीकृत है जिनको नियमित रुप से प्रति माह आना होता है। उनके वार्ड को बड़ा करने की आवश्यकता है ताकि उनका प्रमुखता से उपचार हो सके।

### यह रहे मौजूद

इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. एसके गौतम, डॉ. ए के आर्या, आरोग्य दर्पण के सीईओ रामप्रकाश वर्मा, मैट्रन राजकुमारी खरवार और स्टॉफ नर्स सहित कई वरिष्ठ कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर अस्पताल के कार्यों और आवश्यक सुधारों पर चर्चा की।

## युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान, पत्नी से झगड़े के बाद निकला था

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कानपुर में नरवल थाना क्षेत्र के करबिगवा रेलवे स्टेशन पर सोमवार शाम चौरी चौरा ट्रेन के आगे कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली थी। मृतक की शिनाख्त सिकटिया गांव निवासी अनिल साहू (30) के रूप में हुई है। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है, क्योंकि युवक के पिता का दसवां संस्कार सोमवार को ही हुआ था और गुरुवार को तेरहवीं होनी थी। मृतक के भाई नीरज ने बताया कि अनिल की शादी छह महीने पहले ही साढ़ थाना क्षेत्र के बरई गांव की सेजल से हुई थी। अनिल के शराब पीने की आदत की वजह से पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता था। सोमवार सुबह भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद अनिल गुस्से में घर छोड़कर चला गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। मृतक की मां ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके पति की तेरहवीं भी नहीं हो पाई थी कि उनके बेटे का भी साथ छूट गया। अनिल साहू दो भाइयों में सबसे छोटा था। पुलिस ने शिनाख्त के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2026- बीएलओ की शिकायत नहीं होगी बर्दाश्त हर घर से जुड़े नए मतदाता

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर उपजिलाधिकारी कार्यालय मे आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2026 की तैयारियों को लेकर उप जिला अधिकारी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित और अउपजिलाधिकारी न्यायिक ने की, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और त्रुटिहीन ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करना था। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य निर्णय और निर्देश बीएलओ की नियुक्ति- उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की आधारशिला माने जाने वाले बीएलओ की नियुक्ति जल्द से जल्द कर ली जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि नियुक्त किए गए बीएलओ कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और आपसी समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव की तैयारियों में किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी। इस मौके पर नायाब तहसीलदार रंजीत यादव, बीडीओ यशवीर सिंह, एडीओ पंचायत राकेश दीक्षित, भीष्म नरायन सिंह, मुकेश कुमार, बीईओ रवि कुमार सिंह आदि अधिकारी गण मौजूद रहे।

# ओवरलोड वाहनों पर लगाएं रोक, ब्लैक स्पॉट पर खड़ी रहे एंबुलेंस : डीएम



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

हाईवे पर हो रहे सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए डीएम ने मंगलवार को कलक्ट्रेट में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। डीएम ने ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर पूरी तरह से रोक लगाने को कहा है। संबंधित जिलों के अधिकारियों से संपर्क कर हमीरपुर, महोबा व बांदा जिलों से आने वाले ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करने के निर्देश खनन अधिकारी को दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अगस्त माह में पूरे जिले में विशेष प्रवर्तन अभियान चलेगा। नौबस्ता से घाटमपुर-सजेती तक कुल आठ स्थानों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिह्नित किया गया है। एनएचएआई व स्वास्थ्य विभाग को नौबस्ता-सजेती के बीच दुर्घटना संभावित स्थलों पर एंबुलेंस खड़ा रखने को कहा है। डीएम ने हाईवे किनारे पेड़ों की छटाई के निर्देश जिला वन अधिकारी को दिए। बैठक में डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार, डीएफओ दिव्या, एडीएम सिटी डॉ राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

डीएम ने जिला आबकारी अधिकारी को सागर-हमीरपुर हाईवे किनारे शराब बिक्री के सभी बोर्ड एक सप्ताह में हटवाने और एनएचएआई के परियोजना निदेशक को अवैध कटों को बंद कराने के निर्देश दिए। सागर हाईवे पर स्थित घनी आबादी वाले गांवों में वाई-जंक्शन निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने को कहा।

## नगर निगम में मनाया हरियाली तीज, राज्यमंत्री और महापौर ने गाए गीत



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

नगर निगम मुख्यालय स्थित प्रमिला सभागार में मंगलवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने हरियाली तीज कार्यक्रम आयोजित किया। शुभारंभ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने किया। इस दौरान राज्य मंत्री ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, इसलिए वह आगे आ रही हैं। कार्यक्रम में महिलाओं ने झूले का आनंद लिया और कजरी गीत गाए।

राज्यमंत्री और महापौर ने गीत गाए और नृत्य भी किया। इस अवसर पर महिला पार्षद विद्या देवी, आरती त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, वंदना शर्मा, आरती गौतम, नित्या वाजपेयी, पूर्व पार्षद निर्मला मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा, उत्तर की जिलाध्यक्ष सरोज सिंह, दक्षिण जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, पुष्पा तिवारी, मंजू त्रिपाठी व अन्य मौजूद रहीं।

# ईडब्ल्यूएस बच्चों के लिए टीएसएच में छठे प्रशिक्षण सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

- स्पोर्ट्स हब में ईडब्ल्यूएस वर्ग के बच्चों को मिलेगा दस खेलों में नि:शुल्क प्रशिक्षण



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के प्रतिभाशाली बच्चों को नि:शुल्क खेल प्रशिक्षण देने वाले द स्पोर्ट्स हब में अब छठे प्रशिक्षण सत्र की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस बारे में आज मंगलवार को द स्पोर्ट्स हब में हुई पत्रकार वार्ता में कानपुर नगर निगम के इंटरनल ऑडिटर सुचित अग्रवाल, टीएसएच के डायरेक्टर ऑपरेशंस पी.के. श्रीवास्तव और मुख्य क्रिकेट कोच शशिकांत खांडेकर ने संयुक्त रूप से यह जानकारी दी।

श्री अग्रवाल ने बताया गया कि छठे सत्र के लिए आवेदन पत्रों का वितरण 25 जुलाई से किया जा रहा है। इसके उपरांत सात अगस्त से चयन ट्रायल्स आयोजित होंगे, जिनके आधार पर योग्य खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। 13 अगस्त (बुधवार) से नए प्रशिक्षण सत्र की औपचारिक शुरुआत होगी।

संस्थान में बच्चों को दस प्रमुख खेल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, कबड्डी, कराटे, तैराकी, शूटिंग, टेबल टेनिस और ताइक्वांडो कृ का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क होता है, जिसका लाभ विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उन बच्चों को मिलता है, जिनमें प्रतिभा तो होती है लेकिन संसाधनों का अभाव उन्हें पीछे रोक देता है। इससे पहले पिछले सप्ताह स्पोर्ट्स हब परिसर में नगर निगम और समन्वय समिति के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें आगामी सत्र की रूपरेखा तय की गई थी। बैठक में केएनएन के इंटरनल ऑडिटर सुचित अग्रवाल, आईटी विशेषज्ञ अशुतोष विक्रम सिंह, उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष संजीव पाठक, उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सचिव डॉ. देवेश दुबे, ऑडी स्टेडिया कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड के एमडी राजीव गर्ग और ट्रांस स्टेडिया के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

बैठक में अब तक की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि मार्च 2023 से जुलाई 2025 के बीच पांच प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से कुल 1259 खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इनमें से कई खिलाड़ियों ने जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए कुल 88 पदक जीतकर संस्थान और शहर का गौरव बढ़ाया है। द स्पोर्ट्स हब ने अल्प समय में जिस प्रकार से खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया है, वह पूरे प्रदेश के लिए एक अनुकरणीय मॉडल बनता जा रहा है। छठे सत्र में भी बड़ी संख्या में आवेदन की संभावना जताई जा रही है।

# आर्यन सर्जिकल सेंटर में रुद्राभिषेक और भंडारे का आयोजन



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सावन के पावन अवसर पर रावतपुर स्थित आर्यन सर्जिकल सेंटर में सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शिव का जलाभिषेक कर मंगलकामना की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रुद्राभिषेक के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सेंटर के संचालक संदेश कटिहार ने स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। भंडारे में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन के दौरान सेंटर परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ सेंटर का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बैठने, प्रसाद वितरण और साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई थी। स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से सामाजिक समरसता और आस्था को मजबूती मिलती है। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष सावन में इस तरह के आयोजन होते रहेंगे।

## करबिगवा गोशाला बनी मौत का अड्डा, भूख और इलाज के अभाव में दम तोड़ रही हैं गायें

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** करबिगवा गौशाला में गायें भूख और इलाज के अभाव में दम तोड़ रही हैं, जिसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्राम सचिव और प्रधान की लापरवाही के कारण हालात बेहद खराब हैं और अधिकारी इस मामले में पूरी तरह बेखबर बने हुए हैं। कानपुर में सरसौल ब्लॉक के करबिगवा गांव में स्थित गोशाला स्थल में गोवंशों की हालत बेहद दयनीय है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चारे और पानी के अभाव में गायें भूख से तड़प रही हैं और इलाज न मिलने के कारण दम तोड़ रही हैं। प्रशासन की लापरवाही और स्थानीय नेतृत्व की अनदेखी के चलते यह गोशाला अब मौत का अड्डा बन गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गौशाला में रोजाना एक-दो गायों की मौत हो रही है। कई मवेशी दम तोड़ चुके हैं और जीवित गायों के शरीर पर कीड़े रेंग रहे हैं। उनका कहना है कि यहां न तो पशु चिकित्सक की कोई व्यवस्था है और न ही बीमार गायों के इलाज का कोई इंतजाम। मृत गायों को चुपचाप दफना दिया जा रहा है।

## तलाक दिए बिना पति ने रचाई दूसरी शादी, पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** तलाक दिए बिना पति के दूसरी शादी रचाने पर महिला ने पति और ससुरालीजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट के लालकुर्ती तोपखाना निवासी संध्या देवी के अनुसार उनकी शादी 24 जून 2010 को बर्रा ई विश्वबैंक निवासी वीरेंद्र उर्फ नीरज के साथ हुई थी। वर्ष 2014 से उनका पति से घरेलू हिंसा का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़िता ने बताया कि तब से वह मायके में रह रही है। कुछ माह पूर्व जानकारी हुई कि पति ने दूसरी शादी कर ली है। कैंट थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि पति समेत ससुरालीजनों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बोरी कारोबारी से सप्लाई के नाम पर तीन लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

नौबस्ता थानाक्षेत्र में बोरी बनाने वाले कारोबारी को माल सप्लाई करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने तीन लाख रुपये ठग लिए। रकम ट्रांसफर होते ही ठगों का मोबाइल बंद होने पर ठगी का एहसास हुआ। किदवईनगर वाई ब्लॉक निवासी सलिल त्रिपाठी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई को उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से कॉल आई जिसमें कॉलर ने खुद का नाम मैहुल बताया। कहा कि वह गुजरात के राजकोट स्थित मैक्स पाली पैक कंपनी से बोल रहा है। यह कंपनी बोरी बनाने का कपड़ा (पीपी फैब्रिक) सप्लाई करती है। फोन पर ही 3.63 लाख रुपये में माल सप्लाई का सौदा तय हो गया। इसके बाद खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताने वाले मैहुल ने उन्हें राजकोट के मैरोड स्थित एचडीएफसी बैंक का खाता नंबर देकर दो बार में तीन लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाकी बचे 63 हजार रुपये सप्लाई करने के बाद अदा करने थे। रुपये ट्रांसफर होने के बाद मैहुल का मोबाइल नंबर बंद आने लगा। नौबस्ता थाना प्रभारी शरद तिलारा ने बताया कि पीड़ित ने मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। रुपये वापस कराए जाने को साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# 72 मिमी बारिश से 100 से अधिक मोहल्लों में भरा पानी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





कानपुर इमें सोमवार को इस वर्ष के मानसूनी सीजन की अभी तक की सबसे ज्यादा 72 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। रविवार रात साढ़े तीन बजे से शुरू हुई बारिश सोमवार तीन बजे तक होती रही। बारिश से शहर के एक तिहाई मोहल्लों में पानी भर गया। जाजमऊ में टीला धसकने से मलबे में दंपती दब गए। महिला की मौत हो गई। घाटमपुर में दीवार और छत ढहने से मलबे में दबकर वृद्धा और बच्चे की मौत हो गई। रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पर पानी भरने से सिग्नल प्रणाली में कुछ दिक्कतें आईं। केस्को के 14 सबस्टेशनों में पानी भरने और 30 से अधिक सबस्टेशनों में फॉल्ट होने से छह से सात घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बारिश की वजह से शहर के 100 से ज्यादा मोहल्लों में घंटों जलभराव रहा। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि पांच अगस्त को महानगर और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है।

### लंबे समय तक सक्रिय रह सकते हैं पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवात

भारी बारिश की वजह उत्तर प्रदेश के आसपास के राज्यों में चार चक्रवातों का एक साथ सक्रिय होना बताया जा रहा है। मौसम विशेषज्ञ डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि 15 जुलाई से लेकर 15 अगस्त के बीच सबसे अधिक मानसूनी बारिश होती है। इस बार शुरुआत में मानसून की रफ्तार कमजोर होने से बरसात का सिलसिला 30 सितंबर तक चल सकता है। उन्होंने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवात की सक्रियता लंबे समय तक रह सकती है।

### 71.1 मिमी बारिश की संभावना

पांच अगस्त 71.1 मिमी बारिश की हो सकती है। छह और सात को भी बारिश की संभावना है। पिछले दो दिनों से लगातार बारिश की वजह से दिन का तापमान 2.3 डिग्री लुढ़ककर का 26.6 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम पारा 24.2 डिग्री रहा। वहीं, सेंट्रल स्टेशन पर बारिश के दौरान सोमवार को ट्रैक पर पानी भर गया। पंप चलाकर पानी निकाला गया, लेकिन बार-बार जलभराव से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ।

### जलभराव से ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

इससे भीमसेन, कानपुर देहात के पामा, रूरा, पनकी धाम, गोविंदपुरी, भाऊपुर, गंगापुल बायां किनारा, गंगाघाट में ट्रेनें रोक कर चलाई गईं। गोविंदनगर क्षेत्र में रविवार रात 11 बजे गुल हुई बिजली सोमवार को दोपहर 12 बजे आ सकी। अफीमकोठी सबस्टेशन से भी छह से सात घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि अफीम कोठी सबस्टेशन की बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

### पेड़ की डाल गिरने से 19 फीडरों में आई दिक्कत

केस्को की 11 केवी और एचटी लाइनों पर बारिश के कारण पेड़ की डाल व टंहनी गिरने से 19 फीडरों की सप्लाई बाधित हो गई। कचहरी के पास एक विशालकाय पेड़ जड़ से उखड़ कर गिर गया जिससे एक 11 केवी पोल व बिजली के तार टूट गए। कानपुर क्लब के पास, ग्वालटोली, आभा नर्सिंग होम, तिलकनगर व बकरमंडी मस्जिद के पास बिजली के तार पर पेड़ गिर गए, दो पोल भी टूट गए। इससे पांच से छह घंटे तक बिजली गुल रही।

## बारिश से होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र की दीवार गिरी, चार जवान घायल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

दो दिन से हो रही बारिश से सरसौल रेलवे स्टेशन किनारे बने होमगार्ड मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र की दीवार गिर गई जिसमें चार प्रशिक्षु घायल हो गए। एक को गंभीर चोट आई है। उन्हें सरसौल सीएचसी से हैलट अस्पताल भेज दिया गया।

घटना के बाद प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु होमगार्डों ने व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई।

कहा कि मकसूदाबाद में नया भवन बनने के बाद भी जर्जर भवन में प्रशिक्षण केंद्र चल रहा है। जान बचाकर नहीं भागते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रशिक्षुओं को डीसीटी ऑफिस बिल्डिंग में स्थानांतरित कर दिया गया है। मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र होमगार्ड में कुल 150 जवान प्रशिक्षण ले रहे हैं। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे प्रशिक्षण ले रहे होमगार्ड भोजन करने जा रहे थे जबकि अन्य बैरक में पहुंचे थे। तेज बारिश की वजह से बैरक की दीवार में अचानक दरार आ गई और प्लास्टर गिरने लगा।

होमगार्ड बाहर की ओर भागे जबकि दीवार का मलबा कानपुर देहात के परौख क्षेत्र के लक्ष्मीकांत, राजपुर के राज बहादुर, मलासा के रामबाबू और झींझक के मुख्तार अली पर गिर पड़ा। लक्ष्मीकांत गंभीर रूप से घायल हो गए।

## एक दिन बाद दोबारा दिखाई युवक की मौत, ग्राम सचिव निलंबित, कोर्ट के आदेश पर कराई गई थी जांच

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में ग्राम पंचायत छतेरुआ के मृतक रामकेश यादव का दो बार अलग-अलग तारीख में मृतक प्रमाण पत्र जारी करने पर डीपीआरओ मनोज कुमार ने ग्राम पंचायत सचिव दीपक यादव को निलंबित कर दिया। रामकेश के खिलाफ कानपुर देहात कोर्ट में चल रहे मुकदमे में जब अलग-अलग मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए तो फर्जीवाड़ा पकड़ा गया। इसके बाद कोर्ट ने जिलाधिकारी को पत्र भेज जांच कर कार्रवाई करने के लिए कहा। बीडीओ ने जांच की, तो सचिव को दोषी पाया। इसके बाद डीपीआरओ ने कार्रवाई की। भीतरगांव ब्लॉक के छतेरुआ ग्राम पंचायत निवासी रामकेश यादव के खिलाफ कानपुर देहात कोर्ट में घरेलू हिंसा का मुकदमा चल रहा था। अचानक रामकेश की मृत्यु हो जाती है। इस पर परिजनों ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए पोर्टल पर आवेदन किया। इसमें उसकी मृत्यु की तारीख 27 अप्रैल 2024 दिखाई। सचिव ने 29 मई 2024 को इसका प्रमाण पत्र जारी कर दिया। इसके एक वर्ष बाद मृतक के परिजनों ने 28 अप्रैल 2024 की मृत्यु दिखाकर दोबारा प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन कर दिया। सचिव ने बिना जांच किए इसी तारीख का दूसरा मृत्यु प्रमाण पत्र तीन मई 2025 को जारी कर दिया। मृतक के खिलाफ कोर्ट में चल रहे मामले में परिजनों ने यह मृत्यु प्रमाण लगाए गए तो विपक्ष ने आपत्ति जताई। इसके बाद कोर्ट ने जांच के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखा। जिलाधिकारी ने एसडीएम नर्वल को जांच कर कार्रवाई करने के लिए कहा। इस पर बीडीओ निशांत राय ने जांच की तो पता चला कि पहला आवेदन तो मृतक के आधार नंबर से किया गया था। दोबारा आवेदन बिना आधार के किया गया। सचिव ने बिना कुछ जांच-पड़ताल किए प्रमाण पत्र जारी कर दिया। बीडीओ की रिपोर्ट पर डीपीआरओ ने सोमवार को सचिव को निलंबित कर दिया।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट से मिली फटकार राहुल गांधी के लिए चिंतन का अवसर है

**राहुल गांधी को यह भी पता होना चाहिए कि साल 2007 में संसद में एक प्रश्न पूछा गया था, तब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने बताया था कि 38 हजार स्क्वायर किलोमीटर की जमीन और कुल 43180 स्क्वायर किलोमीटर जमीन कांग्रेस शासन के दौरान चीन ने कब्जाई है। देखा जाये तो यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी की टिप्पणी पर न्यायपालिका ने सवाल खड़े किए हों। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ उनकी चौकीदार चोर है वाली टिप्पणी पर भी सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई थी। अब तवांग घटना और चीन से जुड़ी सीमा स्थिति पर सेना के शौर्य पर सवाल उठाने वाले उनके बयान ने एक बार फिर राजनीतिक बयानबाज़ी की सीमाओं पर बहस छेड़ दी है।**

*कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अक्सर अपनी तीखी राजनीतिक बयानबाज़ी के कारण विवादों में रहते हैं। भारतीय सेना को लेकर दिए गए उनके बयान विशेष रूप से संवेदनशील माने जाते हैं। ऐसा ही एक विवादित बयान देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाते हुए साफ कहा है कि विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें अपनी बातें संसद के पटल पर रखनी चाहिए, सोशल मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर नहीं। उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो आप ऐसी बातें नहीं कहेंगे। उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी से पूछा है कि उन्हें कैसे पता चला कि 2,000 किलोमीटर जमीन चीन ने कब्जा ली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप विपक्ष के नेता हैं, अपनी बात संसद में कहें, सोशल मीडिया पर नहीं। अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज आपराधिक कार्यवाही पर भी रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार और शिकायतकर्ता उदय शंकर श्रीवास्तव को नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि उदय शंकर श्रीवास्तव की शिकायत पर ही यह मामला दर्ज हुआ था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि राहुल गांधी ने भारत-चीन सीमा विवाद के संदर्भ में भारतीय सेना के खिलाफ कई ÷अपमानजनक बयान÷ दिए थे। राहुल गांधी ने अपने खिलाफ दर्ज शिकायत और सम्मन आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने दलील दी कि यह शिकायत राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है और इसे दुर्भावना से दायर किया गया है। हम आपको याद दिला दें कि राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा (दिसंबर 2022) के दौरान भारतीय सेना को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया था। राहुल गांधी ने तवांग में हुई झड़प के बाद विवादित बयान देते हुए कहा था कि चीनी सैनिक भारतीय सैनिकों को पीट रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है और हमारी सरकार सोई हुई है। उस समय राहुल गांधी के बयान पर राजनीतिक हंगामा तो हुआ ही था साथ ही सेना के पूर्व अधिकारियों ने भी नाराजगी जताते हुए कहा था कि भारतीय सेना दुश्मन से मुकाबले को हमेशा तैयार रहती है। सेना के पूर्व अधिकारियों ने राहुल गांधी का ध्यान कांग्रेस शासन के दौरान की कमजोरियों की ओर भी दिलाया था। यही नहीं, अरुणाचल प्रदेश का तवांग, जहां भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प हुई थी वहां के लोगों ने भी राहुल गांधी के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है और उन पर पूरा भरोसा है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि सिर्फ तवांग ही नहीं, राहुल गांधी ने गलवान घाटी में भारत-चीन सैनिकों के बीच हुई झड़प को लेकर भी गलतबयानी की थी। उन्होंने उस समय सरकार से पूछा था कि गलवान घाटी कांड के और उसके पहले चीन ने जो हमारी जमीन छीनी है, उसके बारे में प्रधानमंत्री मोदी चुप क्यों हैं? हालांकि राहुल को शायद पता नहीं कि उसके परनाना नेहरुजी के जमाने में हमारी लगभग 38 हजार किमी जमीन पर चीन ने कब्जा कर लिया था और 1962 के युद्ध में भारत को भारी शार्मिंदगी उठानी पड़ी थी। यही नहीं, पांच-छह दशक के शासन-काल में कांग्रेस पार्टी ने उस जमीन की वापसी के लिए कभी कोई ठोस कोशिश ही नहीं की। तवांग घटना के बाद कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी से जो सात सवाल पूछे थे वह राष्ट्रहित के विरुद्ध तो थे ही साथ ही हमारी सेना का मनोबल गिराने वाले भी थे।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत को मुख्य धारा में लाने के लिए पहला कदम उठाया, जिसकी परिणति 2005 में भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के रूप में हुई। भारत परमाणु परीक्षण के बाद के प्रतिबंधों में नही झुका तो अब तो उसकी हालत बहुत मजबूत है। एक कुशल नेतृत्व उसके पास है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से तेल न ले। भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह अपने हितों से कोई समझौता नही करेगा। भारत रूस से पहले की तरह तेल लेता रहेगा। इतना ही नही भारत ने अमेरिका की आंख की किरकिरी ईरान से भी तेल खरीदने की घोषणा कर दी है। उधर अमेरिका को इस घटनाक्रम के बाद साफ कर दिया कि वह अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान नहीं ख़रीदेगा।**

# टैरिफ वार से अमेरिका का ही नुकसान कर रहे हैं ट्रंप



अशोक मधुप

**इतना सब होने के बावजूद हमें अपना कंप्यूटर आपरेटिंग सिस्टम, अपना नेविगेशन सिस्टम और अपने कम्प्यूटर और मोबाइल के सॉफ्टवेयर विकसित करने होंगे ताकि दूसरे देशों के सॉफ्टवेयर और आपरेटिंग सिस्टम पर निर्भरता कम हो। भारत और टैरिफ वार के शिकार देशों को डालर में खरीद-फरोख्त बंद करनी पर होगी। भारत ने रूस और कुछ अन्य देशों के साथ अपनी मुद्रा में खरीदारी शुरू कर दी है।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ को सात दिन के लिए टाल दिया है। ये एक अगस्त से लागू होना था, जो अब सात अगस्त से लागू होगा। ट्रंप ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25 प्रतिशत और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर एक अगस्त से ही 35 प्रतिशत टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा था। वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा 41 प्रतिशत टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। ट्रंप ने दो अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन सात दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रंप ने 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके बाद ट्रंप सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ सात देशों से समझौता हो पाया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी बात कही है। जानकारों का कहना है कि उनके इस कदम से भारत की ग्रोथ पर ज्यादा असर नहीं होगा। एसबीआई रिसर्च ने कहा कि भारतीय एक्सपोर्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का असर अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा बुरा होगा। अमेरिका को कम जीडीपी, ज्यादा महंगाई और डॉलर के कमजोर होने का सामना करना पड़ सकता है। एसबीआई रिसर्च ने इस टैरिफ को बुरा बिजनेस फैसला बताया। एसबीआई रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत के मुकाबले अमेरिका की डीजीपी, महंगाई और करंसी के नीचे जाने का ज्यादा रिस्क है। रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा ट्रेड वार के आर्थिक नतीजों को देखें तो यह अचरज की बात नहीं है कि अमेरिका पर भारत के मुकाबले अधिक बुरा असर पड़ेगा। रिसर्च ने बताया कि अमेरिका में फिर से महंगाई का दबाव दिखना शुरू हो गया है। अनुमान है कि अमेरिका में महंगाई 2026 तक दो प्रतिशत के तय टारगेट से ऊपर ही रहेगी। ऐसा टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्ट्स और एक्सचेंज रेट में बदलाव की वजह से होगा। एसबीआई रिसर्च ने बताया कि शॉर्ट-टर्म में अमेरिकी टैरिफ की वजह से एक औसत अमेरिकी घर पर करीब 2,400 डॉलर का बोझ पड़ने का अनुमान है। वजह, टैरिफ से बढ़ने वाली महंगाई के कारण कीमतें बढ़ना है। अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने चेताया है कि गर्मियों के मौसम तक अमेरिका की सभी सहयोगी व्यापार साझेदार देशों से मतभेदों का असर दिखने लगेगा और नियुक्तियों में कमी खतरे की घंटी है। ग्लासडूर के मुख्य अर्थशास्त्री डेनियल झाओ ने कहा कि मंदी आ नहीं रही है बल्कि आ चुकी है।अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार एजेंडा का असर दिखने



**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी बात कही है। जानकारों का कहना है कि उनके इस कदम से भारत की ग्रोथ पर ज्यादा असर नहीं होगा।**

लगा है और रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका मंदी की चपेट में आता दिख रहा है। अमेरिकी कंपनियां कर्मचारियों की नियुक्तियां घटा रही हैं। अमेरिकी श्रम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी नियोक्ताओं ने बीते महीने 73 हजार नौकरियां दीं। यह अनुमान के 1,15,000 से काफी कम हैं। मई और जून में 2,58,000 कर्मचारियों की छंटनी हुई और बेरोजगारी दर बढ़कर 4.2त्न हो गई। अमेरिका में बेरोजगारों की संख्या में 2,21,000 की बढ़ोतरी हुई। बीएमओ कैपिटल मार्केट्स के मुख्य अर्थशास्त्री स्कॉट एंडरसन ने कहा, अमेरिकी श्रम बाजार की स्थितियों में उल्लेखनीय गिरावट आ रही है। हम टैरिफ और व्यापार युद्ध शुरू होने और अधिक प्रतिबंधात्मक आव्रजन नीति के बाद से ही अर्थव्यवस्था में मंदी का अनुमान लगा रहे थे। श्रम विभाग की रिपोर्ट श्रम बाजार के लिए एक मुश्किल हालात का सबूत है।% अमेरिकी अर्थशास्त्रियों ने चेताया है कि गर्मियों के मौसम तक अमेरिका की सभी सहयोगी व्यापार साझेदार देशों से मतभेदों का असर दिखने लगेगा और नियुक्तियों में कमी खतरे की घंटी है। ग्लासडूर के मुख्य अर्थशास्त्री डेनियल झाओ ने कहा कि मंदी आ नहीं रही है बल्कि आ चुकी है। 02 अगस्त को अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट दिखाई दी। राष्ट्रपति ट्रंप ने श्रम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों को खारिज कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने श्रम विभाग की निदेशक एरिका मेकएंटरफेर को भी पद से हटाने के निर्देश दिए हैं। एरिका की नियुक्ति पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में हुई थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने कई देशों पर टैरिफ लगा दिए हैं। ट्रंप प्रशासन को उम्मीद है कि टैरिफ से मैन्यफैक्चरिंग सेक्टर अमेरिका में फिर से मजबूत होगा। हालांकि अर्थशास्त्रियों का मानना है कि टैरिफ का असर अमेरिकी जनता पर ही सबसे ज्यादा पड़ेगा। भारत और अमेरिका के बीच लगभग 130 अरब डॉलर का व्यापार होता है। अमेरिका भारत से लगभग 87 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है वहीं, भारत अमेरिका से मात्र 41.8 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। अब अमेरिका द्वारा टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद, यह सवाल उठ रहा है कि इसका क्या असर होगा। भारत से सबसे अधिक इलेक्ट्रॉनिक और आईटी सेक्टर में बनने वाले उत्पादों को अमेरिका भेजा जाता है। पिछले कुछ समय से भारत में बने स्मार्टफोन्स से लेकर लैपटॉप, सर्वर और टैबलेट्स की डिमांड अमेरिका में बढ़ी थी। ऐसे में सात अगस्त से लागू होने वाले अमेरिकी टैरिफ का सबसे ज्यादा असर इसी सेक्टर पर पड़ने की संभावना है। भारत के 11 से 13 मई 1998 में सफलतापूर्वक परमाणु परीक्षण किया। इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा भारत पर अनेक प्रतिबंध लगाए गए। उस समय विशेषज्ञों की ऐसी राय थी कि भारत अलग-थलग पड़ जाएगा और इसकी अर्थव्यवस्था प्रतिबंधों के बोझ तले दब जाएगी। इन प्रतिबंध का भारत सफलतापूर्वक सामना कर अपने को अडिग साबित करने में कामयाब रहा। सात साल बाद अमेरिका ने इसे एक असाधारण मामले के रूप में मानते हुए, भारत को मुख्य धारा में लाने के लिए पहला कदम उठाया, जिसकी परिणति 2005 में भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के रूप में हुई। भारत परमाणु परीक्षण के बाद के प्रतिबंधों में नही झुका तो अब तो उसकी हालत बहुत मजबूत है। एक कुशल नेतृत्व उसके पास है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूस से तेल न ले। भारत ने स्पष्ट कर दिया कि वह अपने हितों से कोई समझौता नही करेगा। भारत रूस से पहले की तरह तेल लेता रहेगा। इतना ही नही भारत ने अमेरिका की आंख की किरकिरी ईरान से भी तेल खरीदने की घोषणा कर दी है। उधर अमेरिका को इस घटनाक्रम के बाद साफ कर दिया कि वह अमेरिका से एफ-35 लड़ाकू विमान नहीं ख़रीदेगा। अमेरिका भारत से लगभग 87 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है। भारत ने तय किया है कि अब वह दुनिया के अन्य देशों में बाजार खोजेगा। अमेरिका से होने वाले नुकसान की भरपायी अन्य जगहों से की जाएगी। हाल ही में एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी ने देशवासियों से स्वदेशी अपनाने की अपील ही है। यह घोषणा भी अमेरिकी टैक्स वृद्धि की घोषणा को लेकर की गई लगती है। स्वदेशी अपनाने से हमें देश के बाहर बाजार खोजने की जरूरत नही रहेगा। दूसरे अपने उत्पाद की प्रयोग होंगे तो आयातित सामान पर निर्भरता कम होगी।

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वादशी 14:40 तक |
| नक्षत्रः | मूल 12:49 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | बुधवार |
| योगः | वैधृति, 07:07 तक |
| सूर्योदयः | 05:49 |
| सूर्यास्तः | 19:03 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 12:26-14:05 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### है मचा बवाल !

*लेकर के सुरक्षा को ।*
*है मचा बवाल ।।*
*मौसम है चुनावी ।*
*मचा है बवाल ।।*
*रस्साकस्सी चल रही ।*
*कौन जिम्मेदार ?*
*हर तरफ से हो रहे ।*
*शब्दों के प्रहार ।।*
*ना दो मुझे सुरक्षा ।*
*बात निकल कर आई ।।*
*हरकतों से ऐसी ।*
*होती जगहंसाई ।।*
*रहें सब महफ़ूज़ ।*
*हो काम इस प्रकार ।।*
*रहें सब सुरक्षित ।*
*जो सबका अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेक्स करने के बाद हो सकती है इचिंग की समस्या

**यौन** संबंध बनाने को लेकर हर व्यक्ति को सावधानी बरतनी चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार यौन संबंध बनाने से पहले कंडोम का उपयोग करना आवश्यक होता है। वहीं, एक ही पार्टनर के साथ यौन संबंध बनाना एसटीआई जैसी समस्याओं से बचने के लिए अच्छा विकल्प होता है। कई बार देखा गया है कि यौन संबंध स्थापित करने के बाद कई लोगों को इचिंग की समस्या हो जाती है।

### महिलाओं में

**वजाइनल ड्राइनेसः** महिलाओं में वजाइनल ड्राइनेस के कारण सेक्स के बाद इचिंग की दिक्कत हो सकती है। असल में, जब योनि में लुब्रिकेशन की कमी हो जाती है, जिससे यौन संबंध स्थापित करना न सिर्फ असहज हो सकता है, बल्कि इसकी वजह से खुजली और छालों की दिक्कत भी हो सकती है।

**हार्मोनल बदलावः** कई बार स्वास्थ्य समस्याओं के कारण महिलाओं के शरीर में हार्मोनल बदलाव होने लगते हैं। जैसे ब्रेस्ट फीडिंग करवाना या मेनोपॉज के दौरान महिला के शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन का स्तर प्रभावित हो जाता है। इससे यानि में ड्राइनेस बढ़ सकती है, जो यौन संबंध स्थापित करने के बाद इचिंग का कारण बन जाता है।

**एलर्जीः** कुछ महिलाओं को वीर्य से एलर्जी होती है। ऐसे में यौन संबंध के



दौरान पुरुष वीर्य के साथ संपर्क में आने के कारण इचिंग की समस्या हो जाती है। यही नहीं, कुछ महिलाओं को लैटेक्स कंडोम से एलर्जी होती है। आपको बता दें कि लैटेक्स कंडोम एक तरह का रबर कंडोम होता है, जिसे अनचाही प्रेग्नेंसी, एसटीडी जैसे गंभीर स्थितियों से बचने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अगर किसी महिला को लैटेक्स कंडोम से एलर्जी हो, तो उनके लिए यौन संबंध के बाद इचिंग की दिक्कत हो सकती है।

**यीस्ट इंफेक्शनः** अगर किसी महिला को यीस्ट इंफेक्शन, वजाइनल इंफेक्शन जैसी दिक्कत है। इस दौरान यौन संबंध स्थापित करना कष्टकारी हो सकता है। साथ ही, ऐसी स्थिति में सेक्सुअल रिश्ते बनाने से योनि में इचिंग हो सकती है और घाव भी हो सकता है।

**मेडिकल कंडीशनः** अगर महिला को किसी तरह की मेडिकल कंडीशन है, जैसे डायबिटीज तब भी यौन संबंध के बाद इचिंग की दिक्कत देखी जाती है। आपको बता दें कि डायबिटीज जैसी मेडिकल कंडीशन स्किन हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकती है, इससे स्किन रैशेज जैसी कई समस्याएं हो जाती हैं। वजाइनल इचिंग भी इसका एक संकेत हो सकती है। इसके अलावा, एक्जिमा और सोरायसिस जैसी मेडिकल कंडीशन भी जेनिटल एरिया को प्रभावित कर सकती है।

### पुरुषों में

महिलाओं की ही तरह, पुरुषों को भी यौन संबंध स्थापित करने के बाद इचिंग की प्रॉब्लम हो सकती है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, जैसे लैक्सेटिव एलर्जी, एसटीआई, यीस्ट इंफेक्शन आदि। यहां तक कि अगर किसी पुरुष को प्यूबिक हेयर में जुएं हैं, तब भी यौन संबंध बनाने पर उन्हें इचिंग हो सकती है। इसके अलावा, कई स्किन कंडीशन, जैसे एक्जिमा, सोरायसिस, जॉक इचिंग भी पुरुषों में यौन संबंध के बाद इचिंग की वजह बन सकता है। यही नहीं, विशेषज्ञों की मानें, अगर पुरुषों को यूटीआई और यूरेथ्राइटिस जैसी समस्या हो, तब भी सेक्सुअल गतिविधि के बाद इचिंग की प्रॉब्लम देखी जा सकती है। आपको बता दें कि यूटीआई होने पर यूरिनरी ट्रैक्ट में जलन होने लगती है और यूरिन पास करने के दौरान जलन भी होती है। वहीं, यूरेथ्राइटिस, यूरेथ्रा में सूजन को कहा जाता है। यह बीमारी एसटीआई की वजह से हो सकती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# ग्रेटर बांग्लादेश: भारत के लिए बढ़ता वैचारिक खतरा



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**रिपोर्टों में यह भी उल्लेख किया गया है कि बिलाल एर्दोगन के स्वामित्व वाले तुर्की यूथ फ़ाउंडेशन के पाकिस्तान स्थित जमात-ए-इस्लामी और उसकी युवा शाखा या स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइज़ेशन जैसी पार्टियों और संस्थाओं से सीधे संबंध हैं।**

**तुर्की सहयोग और समन्वय एजेंसी (टीआईकेए), यूनुस एमरे संस्थान, अंतरराष्ट्रीय मानवीय राहत फाउंडेशन (आईएचएच), तुर्की-पाकिस्तान सांस्कृतिक संघ और तुर्की डायस्पोरा युवा अकादमी (वाईटीबी) के शासी बोर्ड जैसे शैक्षणिक संस्थान और गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। ये सभी भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को सुगम बनाने के लिए भारत के युवाओं को ही अपना हथियार बना रहे है।**

जब एक राष्ट्र की सीमाएं उसके पड़ोसी मुल्क की कल्पना में मिटाई जाने लगें और यह कल्पना सिर्फ नक्शों तक सीमित न रहकर उसे व्यवहारिक धरातल पर उतारने के लिए जब शैक्षणिक परिसरों, राजनीतिक मंचों और धार्मिक संस्थानों का उपयोग किया जाने लगे, तब यह केवल एक कल्पना तक सीमित रहनेवाला विषय नहीं रहता, बल्कि एक देश की अपनी पड़ोसी देश के प्रति वैचारिक युद्ध की शुरुआत होती है। इस संदर्भ में वर्तमान भारत अनेक मोर्चों पर वैचारिक और आर्थकि युद्ध का सामना करता हुआ दिखता है, जिसमें से एक उभरता हुआ वैचारिक मोर्चा जो सामने आया है, वह है- सल्तनत-ए-बांग्ला। यह कोई साधारण संगठन नहीं, बल्कि एक ऐसी बहुआयामी परियोजना है जो ग्रेटर बांग्लादेश की परिकल्पना को आगे बढ़ा रही है और सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसके पीछे तुर्किये, कतर और मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे वैश्विक इस्लामी नेटवर्क की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका सामने आई है। अभी इस घटना को बहुत दिन नहीं बीते हैं, वह तारीख 14 अप्रैल 2025 की है, जब ढाका विश्वविद्यालय में एक पोस्टर प्रदर्शित किया गया। इस पोस्टर में एक काल्पनिक ग्रेटर बांग्लादेश का नक्शा दर्शाया गया था, जिसमें कि भारत के असम, त्रिपुरा, बंगाल, झारखंड, ओडिशा और बिहार के कुछ हिस्सों के अलावा म्यांमार का अराकान क्षेत्र इसमें शामिल किया गया था। वस्तुत÷ यह केवल एक पोस्टर नहीं था, यह एक ऐसा वैचारिक घोषणापत्र था जो दक्षिण एशिया में इस्लामी राष्ट्रवाद के पुनरुत्थान की कल्पना को जमीनी आधार देने की कोशिश कर रहा है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी अब ओर गहराई से सामने आ सकी है। दरअसल, भारतीय संसद में विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने विस्तार से बताया है कि कैसे यह 'ग्रेटर बांग्लादेश' का विचार एक सोची-समझी 'आइडियोलॉजिकल इनसर्जेंसी' का हिस्सा है। सल्तनत-ए-बांग्ला को तुर्की के गैर-सरकारी संगठन टर्की यूथ फेडरेशन (टीवायएफ) से मिलने वाले सहयोग से आगे बढ़ाया जा रहा है। जिसमें कि ये संगठन ग्रामीण विकास और युवाओं के सशक्तिकरण जैसे उदार कार्यों में लगा दिखाई देता है, लेकिन इसके कामकाज का वास्तविक उद्देश्य 'इस्लामी जिहाद' के एजेंडे को विस्तार देना है। यह टीवायएफ'मुस्लिम ब्रदरहुड' से वैचारिक रूप से जुड़ा है और इसकी गतिविधियों में शिक्षा के नाम पर धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देना प्रमुख रणनीति है। अब आप मुस्लिम ब्रदरहुड के बारे में भी समझ लीजिए; 1928 में मिस्र से इसकी शुरूआत है। संगठन केवल धार्मिक आंदोलन नहीं है, यह राजनीतिक इस्लाम की एक वैश्विक विचारधारा है जो किसी भी लोकतांत्रिक देश में जब पहुंचती है तो वहां के लोकतंत्र के ढांचे में रहकर इस्लामी सोच का पोषण करती है। एक ऐसी स्थिति पैदा करने का प्रयास करती है कि लोकतांत्रिक देश एक समय के बाद पूरी तरह से इस्लाम की सोच में बदल जाए और वहां शरीया कानून लागू हो जाए। वस्तुत÷ इसी सोच को ये 'टर्की यूथ फेडरेशन' के साथ मिलकर भारत और बांग्लादेश में इस्लामिक साम्राज्यवाद के नाम पर आज विस्तारित करता हुआ दिखता है। बांग्लादेश में सल्तनत-ए-बांग्ला को 'टर्की यूथ फेडरेशन' से विचारधारात्मक मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता दोनों मिल रही है। बांग्लादेश के मदरसे और विश्वविद्यालय इसके प्रभाव में हैं। टर्की यूथ फेडरेशन ने बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर जैसे संगठनों को सशक्त किया है, जो भारत-विरोधी और इस्लामिक स्टेट की अवधारणा के हामी हैं। मार्च 2025 में हिज्ब-उत-तहरीर ने बांग्लादेश में एक 'खिलाफत मार्च' निकाला था, जिसमें खुलेआम कहा गया था कि दुनिया में मुस्लिमों की राजनीतिक सीमाएं नहीं होनी चाहिए। सल्तनत-ए-बांग्ला इसी 'सीमाहीन इस्लामी राष्ट्र' की अवधारणा को बंगाल की जमीन पर उतारने की कोशिश है। जिसमें कि 'टीवायएफ' समन्वय की अहम भूमिका निभाता दिखता है। ये संगठन 'ग्रेटर बांग्लादेश' को केवल एक भौगोलिक विस्तार के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक-धार्मिक राज्य के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इसके एजेंडे में केवल क्षेत्रीय विस्तार नहीं, बल्कि भारत के अंदर धार्मिक ध्रुवीकरण और सामाजिक विखंडन पैदा करना भी शामिल है। इससे अधिक गंभीर बात यह है कि आज यह 'टीवाईएफ' भारत के भी कुछ कट्टरपंथी समूहों से संवाद करता हुआ नजर आता है। युरोपीय संसद के दस्तावेज़ों में यह उल्लेख है कि टर्की यूथ फेडरेशन (टीवायएफ) सहित कई टर्की के एनजीओस जकात (दान) और छात्रवृत्ति की आड़ में भारतीय मुसलमानों को कट्टरपंथी विचारों की ओर प्रेरित करते हैं। छात्रों को पाकिस्तान या अन्य नेटवर्क से जोड़ा जाता है।

# जनजीवन अस्त-व्यस्त: पीलीभीत में मूसलाधार बारिश से जलभराव

## घरों से लेकर अस्पताल तक में भरा पानी





- जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण, नालियों की सफाई और जल निकासी के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

बीते दो दिनों से जनपद में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। शहर से लेकर कस्बों और ग्रामीण इलाकों तक जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कई मोहल्लों में सड़कों पर एक से दो फुट तक पानी भर गया है, जिससे न केवल यातायात बाधित हुआ है, बल्कि लोगों के घरों और सरकारी भवनों में भी पानी घुसने लगा है। सबसे चिंताजनक स्थिति जिला अस्पताल परिसर की रही, जहां मरीजों को पानी में चलकर आपातकालीन सेवा तक पहुंचना पड़ा।

### मोहल्लों की गलियों से लेकर मुख्य मार्ग तक जलमग्न

मंगलवार तड़के करीब चार बजे से शुरू हुई भारी बारिश ने शहर के अशोक कॉलोनी, वल्लभनगर, डी-टाइप कॉलोनी, स्टेडियम रोड, एकतानगर, सरकारी कॉलोनी, गांधी स्टेडियम, गौहनिया चौराहा और चीनी मिल रोड सहित अनेक स्थानों को पानी-पानी कर दिया। सबसे अधिक प्रभावित मोहल्ला वल्लभनगर रहा, जहां पानी ने लोगों के घरों में भी दस्तक दे दी। स्टेशन रोड व डिग्री कॉलेज चौराहा पर भी जलभराव के चलते यातायात बाधित हो गया। नकटादाना चौराहे पर तो स्थिति और भी भयावह रही, जहां करीब दो फुट तक पानी बहता देखा गया।

### डीएम का निरीक्षण, दिए जलनिकासी के निर्देश

जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने हालात की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार को शहर के विभिन्न जलमग्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। अशोक कॉलोनी, डिग्री कॉलेज चौराहा, गांधी स्टेडियम, गौहनिया चौराहा, चीनी मिल रोड, स्टेशन रोड आदि स्थानों पर पहुंचकर उन्होंने जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल प्रभाव से नालियों और नालों से कूड़ा-कचरा हटाया जाए तथा जल निकासी की व्यवस्था सुचारु की जाए। इसके साथ ही उन्होंने नगर पालिका को सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।इस निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा), नगर मजिस्ट्रेट और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्कूलों में अवकाश, बिजली संकट ने बढ़ाई परेशानी

लगातार हो रही बारिश और स्कूल परिसरों में जलभराव को देखते हुए जिलाधिकारी ने सोमवार देर रात आदेश जारी कर जिले के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, मान्यता प्राप्त व बोर्ड संचालित कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों में मंगलवार को अवकाश घोषित कर दिया। आदेश में विद्यालय परिसरों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी शामिल रहे। इसके अलावा लगातार बारिश के कारण बिजली आपूर्ति भी बाधित रही, जिससे आमजन की समस्याएं और बढ़ गईं।

### जिला अस्पताल और क्षय रोग केंद्र भी नहीं बचे जलभराव से

बारिश की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिला अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर गंदा पानी भर जाने के कारण मरीजों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं, जिला क्षय रोग केंद्र मानो एक अस्थायी तालाब में तब्दील हो गया हो। स्वास्थ्य सेवाओं के प्रमुख केंद्रों में इस प्रकार का जलभराव प्रशासनिक उदासीनता और नाली व्यवस्था की बदहाली को दर्शाता है।



### बारिश से फसल को राहत, किसानों के चेहरे खिले

जहां शहरवासियों के लिए यह बारिश आफत बनकर आई, वहीं किसानों के लिए यह राहत का संदेश लेकर आई है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका के अनुसार, सोमवार को जिले में 18 मिमी और रविवार को 10 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इस प्रकार पिछले 24 घंटों में कुल 28 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जिससे धान और गन्ने की फसलों को लाभ मिला है।

### ट्रेन रोकी, पेड़ गिरा, यात्री परेशान

मंगलवार सुबह बीसलपुर-बरखेड़ा के पतरसिया के पास ओएचई लाइन पर एक पेड़ गिरने से शाहजहांपुर से पीलीभीत आ रही पैसेंजर ट्रेन दो घंटे तक ट्रैक पर खड़ी रही। यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में जिला मुख्यालय से भेजे गए डीजल इंजन की मदद से ट्रेन को पीलीभीत लाया गया।

### बाढ़ का खतरा भी बना चिंता का कारण

वनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण शारदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

यदि बारिश का सिलसिला यूं ही जारी रहा तो जनपद के निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रशासन इस दिशा में भी सतर्कता बरतने की बात कर रहा है।पीलीभीत इस समय बारिश की मार से बेहाल है।

प्रशासन की तत्परता भले ही दिखाई दी हो,

परंतु ज़मीनी स्तर पर नगर निकायों की लापरवाही और जल निकासी की बदहाल व्यवस्था ने इस प्राकृतिक आपदा को और भी विकराल बना दिया है।

अब देखना यह है कि क्या प्रशासन केवल निरीक्षण तक सीमित रहेगा या स्थायी समाधान की दिशा में भी कोई ठोस कार्यवाही करेगा?

# खेत में सोने जा रहे किसान की गला काटकर हत्या, गांव में फैली सनसनी

- अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से दिया वार, फोन कर दी गई बेटे को हत्या की सूचना

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





जनपद की तहसील बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव परसिया में सोमवार रात एक सनसनीखेज घटना में एक किसान की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। किसान टाकन लाल गंगवार (55) रात के समय खाना खाने के बाद खेत में बनी पशुशाला में सोने जा रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात हमलावर ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हत्याकांड की खबर से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

मृतक के बड़े पुत्र हरपाल गंगवार ने बताया कि रात करीब 10:30 बजे उन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसमें बताया गया कि उनके पिता की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही हरपाल परिवार व कुछ ग्रामीणों के साथ खेत की ओर भागे और वहां का नज़ारा देखकर उनके होश उड़ गए। उनके पिता का शव खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था और गले पर धारदार हथियार से हमला साफ नजर आ रहा था। सूचना मिलते ही हल्का दरोगा केपी सिंह, कोतवाली प्रभारी संजीव शुक्ला और क्षेत्राधिकारी प्रगति सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच शुरू की। घटनास्थल से कोई हथियार या ठोस सुराग बरामद नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### रंजिश से इनकार, परिवार में मचा कोहराम

हरपाल गंगवार ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि उनकी या उनके पिता की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। मृतक का छोटा पुत्र देवेंद्र गंगवार सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में तैनात है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस तरह की जघन्य वारदात ने ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई और सभी ने जल्द से जल्द हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बीसलपुर क्षेत्र में हुई यह नृशंस हत्या पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आई है। एक ओर जहां परिजन गहरे सदमे में हैं, वहीं ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी गहराती जा रही हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस इस रहस्य से जल्द पर्दा उठा पाती है या नहीं।

# ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से युवक की मौत, आठ घायल

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



मेला देखकर वापस घर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। जिसमे सवार एक की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए। परिजन शव लेकर घुंघचाई थाने पहुंचे,पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना घुंघचाई के गांव जितौरिया टांडा गांव से कुछ लोग ट्रैक्टर ट्रॉली से लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ में भूतनाथ का मेला देखने गए थे। जिसमे करीव तीन दर्जन लोग सवार थे। सोमवार को सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस लौट रहे थे। असम हाईवे पर खुटार थाना क्षेत्र में गांव मोहनापुर के समीप ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने से ट्रॉली पलट गई। इससे खलवली मच गई। हादसे को लेकर भारी संख्या में लोग मौके पर दौड पडे,हादसे में गांव जितौरिया निवासी धर्मजीत (21) की ट्रॉली पलटने से मौत हो गई। इस हादसे में आशीष, सुमित,रोहित सहित आठ लोग घायल हो गए। धर्मजीत को बांकेगंज सीएचसी ले जाया गया। जंहा प्राथमिक उपचार के बाद धर्मजीत को वहां से लखीमपुर खीरी रेफर कर दिया गया। परिजन धर्मजीत को देर शाम बजे सीएचसी पूरनपुर लेकर आए। यहां चिकित्सक ने धर्मजीत को मृत घोषित कर दिया। धर्मजीत अपने दो भाइयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई आनंदराम है। धर्मजीत मेहनत मजदूरी करता था। आशीष ने बताया कि उसके सहित अन्य को मामूली चोटें आई हैं। इसके बाद परिजन शव लेकर घुंघचाई थाने पहुंचे,हादसे की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एकाएक हुए हादसे परिवार में चीत्कर मची है। जिनका रो रो कर वुराहाल है। पुलिस ने वताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### खोदी गई सड़कों से निकलने में लोग परेशान

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** मूसलाधार बारिश से कई गांव में जलभराव हो गया। खोदी गई सडको की मरम्मत के लिए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए थे। लेकिन मरम्मत नही हुई। पाइप लाइन के लिए खोदी गई सडको पर फिसलन वन गई। सोमवार से मूसलाधार बरसात शुरू हुई। जो लगातार जारी रही। मूसलाधार बारिश से गांवो में खोदी गईं सडकों पर फिसलन व जलभराव हो गया। तहसील क्षेत्र के दिलावरपुर, नरायनपुर, सिमरिया सहित कई गांवों में लोगों को पानी से होकर गुजरना पडा। जिसका मुख्य कारण पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सडक हैं, जो हुई बरसात से फिसलने बन गई। जल भराव हो जाने से आबागमन में काफी दिक्कतें शुरू हो गई है। लोगों को पानी से होकर गुजरना पडा। पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गईं सड़कों की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले क्षेत्र में दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को भी अवगत कराया था। उन्होंने भी खोदी गईं सडको की मरम्मत के सख्त निर्देश दिए थे। लेकिन उनके निर्देश का असर नही दिखा। अभी तक सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है। जिससे मूसलाधार बारिश से कई गांवो में कीचड़ और फिसलने हो गई जिससे लोग परेशान हो रहे है।

### समितियों के चक्कर काट रहे किसान

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** खाद लेने के लिए किसानों की लंबी लाइनें लग रही है। बरसात में किसान खाद पानी के लिए घूम रहा है। तहसील क्षेत्र की समितियों पर खाद लेने के लिए किसान पहुंच रहे है। घंटो लाइनों में लगने के बाद भी कई को खाद नही मिल पा रही है। किसान इस समय खाद के लिए समितियों पर चक्कर काट रहा है। लेकिन काश्तकारों को खाद मुहैया नहीं हो पा रही है। तहसील क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों पर खाद के लिए भारी बरसात में किसान बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। साधन सहकारी समितियों पर खाद वितरित की गई। जिसको लेकर के काफी भीड़ एकत्र रही। किसानों की लाइनों को लगाकर खाद दी गई। पहले खाद मिलने को लेकर गहमागहमी वनी रही।कई किसानों को बिना खाद के ही वापस लौट गए। वहीं प्राइवेट दुकानों पर बिकने वाली खाद के साथ जबरन जिंक बेची जा रही है। लेकिन इस मामले में जानबूझकर बिभाग के लोग चुप्पी सादे हुए हैं। जिससे किसानों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

# जनेश्वर मिश्र समाजवादी आंदोलन के प्रेरणास्रोत रहे वे एक महान चिंतक और विचारक थे, जिनके विचार आज भी मार्गदर्शन करते हैं: नफीस अहमद अंसारी

- उनका जीवन संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है- दिव्या प्रदीप गंगवार
- जनेश्वर मिश्र की जयंती पर सपा नेताओं ने विचार रखे, कार्यकर्ताओं को बूथ सशक्तिकरण व जनसंपर्क तेज करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





समाजवादी पार्टी के प्रख्यात चिंतक और दार्शनिक पूर्व राज्यसभा सांसद जनेश्वर मिश्र की जयंती मंगलवार को नकटादाना स्थित (केजीएन-2 कॉलोनी) लोकसभा समाजवादी कार्यालय पर मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की, जबकि संचालन सपा जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट ने किया। जयंती कार्यक्रम के दौरान विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें जनेश्वर मिश्र के योगदान और विचारों को याद किया गया।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष ने जनेश्वर मिश्र को छोटे लोहिया के नाम से जाना जाता है। उन्होंने हमेशा सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका जीवन समाजवादी सिद्धांतों की जीवंत मिसाल था। उन्होंने जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक को भी संबोधित किया और सभी कार्यकर्ताओं को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में जोन, सेक्टर व बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। साथ ही %पीडीए जनचर्चा% कार्यक्रम के माध्यम से समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत कार्यों को प्राथमिकता देने की बात भी कही।

जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि जनेश्वर मिश्र समाजवादी आंदोलन के प्रेरणास्रोत रहे हैं। वे एक महान चिंतक और विचारक थे, जिनके विचार आज भी मार्गदर्शन करते हैं।पूर्व बीसलपुर विधानसभा प्रत्याशी दिव्या पी गंगवार ने कहा कि जनेश्वर मिश्र के आदर्शों पर चलकर ही सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। उनका जीवन संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। कार्यक्रम में सपा नेता मखदूम खान, नरेंद्र मिश्रा कट्टर, ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, धनपति वर्मा एडवोकेट, अकबर अहमद अंसारी, इम्तियाज अल्वी, राजकुमार राजू, जिला पंचायत सदस्य मुन्ने मियां खान, सतेन्द्र मौर्य, जयपाल सिंह, आदर्श पाण्डेय एडवोकेट, एजाज मलिक, गुरविंदर सिंह गिल, रियाज खां, नाजिम खान, आशीष कुमार एडवोकेट, शिवकुमार, भूदेव गंगवार, रामपाल पटेल, मथुराप्रसाद, दिनेश कुमार वर्मा, सुरेश चंद्र, भगवानदास, सदाकत अली, सलीम इदरीसी, सहित तमाम नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं द्वारा जनेश्वर मिश्र के दिखाए मार्ग पर चलने और समाजवादी विचारधारा को विस्तार देने के संकल्प के साथ हुआ।

# सपाइयों ने जनेश्वर मिश्र की जयंती धूमधाम से मनाई

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**





समाजवादियों ने लोहिया भवन में छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र की जयंती धूमधाम से मनाई,उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। गोष्ठी का संचालन पार्टी महासचिव अंसार महलूद ने किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया भवन पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने की, गोष्ठी को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र चाहते थे कि व्यक्ति व्यक्ति के बीच कोई भेद न हो कोई दुख और दुराव न हो कोई दीवार न हो सब लोग समान हो वह जनता को ही जनतंत्र का निर्णायक मानते थे आर्थिक समानता के पक्षधर थे उन्होंने लंबे समय तक डॉ राम मनोहर लोहिया के साथ काम किया उनमें लोहिया जी की छवि दिखती थी इसी कारण उनका नाम छोटे लोहिया पड़ गया उनकी याद में समाजवादी संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव ने लखनऊ में बड़े पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क की स्थापना की उन्होंने कहा कि उनके विचारों को आज के वक्त में आत्मसात कर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने की जरूरत है, गोष्ठी को संबोधित देते हुए पूर्व एम एल सी शशांक यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र का पूरा जीवन त्याग बलिदान और समर्पण के लिए जाना जाता है उन्होंने कहा कि आज हमें उनके विचारों को आत्मा साथ करने की जरूरत है उनकी ईमानदारी और खुद्दारी सब जानते हैं कि सात बार केंद्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास ना अपनी गाड़ी थी और न हीं अपना बंगला था, सादगी और त्याग की प्रतिमूर्ति जनेश्वर मिश्र ने कभी उसूलों से समझौता नहीं किया उन्होंने शोषित, दलित, वंचित और पिछड़ों के लिए हमेशा संघर्ष किया उनका संघर्ष शील जीवन हमेशा याद किया जाएगा। पूर्व ज़िला अध्यक्ष अनुराग पटेल ने कहा कि छोटे लोहिया जातिवाद के खिलाफ थे, समाजवाद के समर्थक थे उन्होंने समाजवाद की जड़े मजबूत करने हेतु जीवन भर संघर्ष किया। समारोह को सपा ज़िला उपाध्यक्ष अशोक कश्यप ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेताओं में पूर्व विधायक राम सरन, शार्दुल सिंह, त्रिलोक सिंह, रियाजुल्लाह खान, आनंद पटेल, शेखावत अली, करण सिंह, अभिषेक चौरसिया, राहुल सिंह, भरत लाल कश्यप, रमन मनार, हेमंत भार्गव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जाहिद खान ज़िला प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी लखीमपुर खीरी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दीवार गिरने से मलबे में दबकर बुजुर्ग की मौत

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रामापुर चौकी क्षेत्र के गांव रामापुर में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। बारिश के कारण एक दीवार भरभराकर गिर गई, जिसमें 65 वर्षीय रूपकिशोर की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। मंगलवार की सुबह लगभग 8:00 बजे की है। रूपकिशोर पुत्र पुत्तीलाल अपने घर से गांव में ही स्थित परिवार के दूसरे घर से वापस आ रहे थे। इसी दौरान बारिश के कारण एक झुकी हुई दीवाल उनके ऊपर गिर गई।आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और रूपकिशोर को दीवाल के नीचे से निकाला। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की बहन नीलम देवी ने बताया कि यह दीवाल पहले से ही झुकी हुई थी। इसको लेकर मकान मालिक से कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन उसने दीवाल की मरम्मत नहीं कराई। इस लापरवाही के कारण आज यह हादसा हुआ।घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### सरैया नहर के पुल में फंसा हुआ अज्ञात युवक का दिखा शव

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी चौकी बनिका के बरतेर क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्राम पंचायत बरतेर सरैया में मंगलवार सुबह के समय नहर के पुल में एक लगभग 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की लाश फंसी हुई मिली। घटना का पता तब चला जब सुबह कुछ ग्रामीण शौच के लिए नहर की ओर गए। उन्होंने पुल में फंसी लाश को देखा और इसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस चौकी इंचार्ज शुभम सिंह अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने ग्रामीणों पवन कुमार वर्मा, जितेंद्र सिंह और पूर्व बीडीसी अशोक कुमार राज की मदद से लाश को नहर से बाहर निकलवाया।पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से मृतक की पहचान करने का प्रयास किया, लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है और मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 50 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



4 अगस्त की रात्रि 1 बजकर10 मिनट पर मुखबिर की सूचना पर जनपद चंदौली के थाना सैयदराजा पर पंजीकृत अभियोग 60/2024 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम में वांछित 50 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त इरफान पुत्र खानू को थाना मितौली क्षेत्र के नवोदय विद्यालय मैनहन रोड से पिरई नदी को जाने वाले कच्चे रास्ते से पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस व 01 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मितौली पर मु0अ0सं0 230/2025 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है। अभी युक्त को गिरफ्तार करने वाली थाना मितौली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक थाना मितौली, शिवा जी दूबे उप निरीक्षक उदयवारी यादव, कांस्टेबल ऋषभ सिंह, कांस्टेबल सुगम कुमार गिरफ्तार करने वाली स्वॉट/सर्विलांस टीम--प्रभारी स्वाट टीम, उप निरीक्षक जयप्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल, सत्यप्रकाश सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर, शरद शुक्ला, कांस्टेबल श्रीओम मिश्रा, कांस्टेबल सिकन्दर, कांस्टेबल गोल्डन, कांस्टेबल अरुण, कांस्टेबल विकास यादव, शामिल रहे।

### मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी।** क्षेत्र में दो दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते गांव से लेकर शहरों तक घरों में पानी घुसने लगा सरकारी अस्पताल में नाव चलाने की स्थिति हो गई है जल प्रबंधन व्यवस्था पर करोड़ों खर्च के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। दो दिनों से हो रही बारिश के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गांव की गलियारे से लेकर शहर की सड़कें जलमग्न हो रही है जिसके चलते लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। चोक पड़े नाले और नालियों के चलते जल निकासी प्रबंधन व्यवस्था पंगु बनकर रह गई है। तेज हवाओं के साथ बारिश में किसानों के गन्ने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। सरकार की गांव और शहर को स्मार्ट बनने की योजना पर करोड़ों खर्च के बाद फाइलों में सिमट कर रह गई है। ऐसी परिस्थिति में तमाम लोग बारिश थमने के लिए पूजा पाठ के साथ टोटके करने में लगे हुए हैं।



### लखीमपुर ब्लॉक की कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** 05 अगस्त को ब्लॉक लखीमपुर की कांग्रेस की बैठक, ब्लॉक महासचिव मलिखे के निवास स्थान सैधरी में दिन के अपराह्न 12-30 बजे सम्पन्न हुई।शुरुआत वन्देमातरम गीत से हुई।बैठक की अध्यक्षता डा0रईस अहमद उस्मानी जिला उपाध्यक्ष मुख्य संगठन प्रभारी जिला कांग्रेस कमेटी लखीमपुर खीरी ने किया,तथा मुख्य अतिथि रामपाल शाक्य महासचिव जी रहे।बैठक मे सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखें।महासचिव मलिखे ने ब्लॉक संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।अन्त में अपने अध्यक्षीय भाषण में डा0रईस अहमद उस्मानी जी ने बताया कि आप लोग कांग्रेस के महान योद्धा हो। जहां कहीं भी अन्याय होता देखो, तो उस अन्याय के खिलाफ डट कर खडें हो जाओ,और शासन और प्रशासन को झुका दो।सभा में मुख्य रूप से मलिखे, रवि सिंह यादव,अभिषेक कुमार मिश्रा, शादाब, पं. अमित कुमार मिश्रा, बब्बू मंसूरी, गंगासागर बाबू राम सर्राफ नगर, नसरुद्दीन साहब, राजेश कुमार सिंह सरदार नगर आदि मौजूद रहे। लास्ट में सभी मौजूद सदस्यों व पदाधिकारियों ने खडे होकर राष्ट्र ज्ञान गाया।आखिर में सभी आगन्तुकों को जल पान कराया गया।

### पूरनपुर में नेपाली युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** असम हाईवे पर अज्ञात वाहन ने वाइक में टक्कर मार दी।जिससे बाइक सवार दो नेपाली युवक घायल हो गए। पूरनपुर सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। नेपाल के कंचनपुर जिले के कुशवाहा क्षेत्र निवासी देव कुमार (45) व उसका साथी नेपाल के कोहलपुर निवासी राजू दोनों पूरनपुर क्षेत्र के हाईवे किनारे स्थित एक ढाबा पर काम करते थे। सोमवार शाम दोनों बाइक पर सवार होकर सकरिया गांव में कुछ सामान खरीदने के लिए ढाबे से निकले थे। गांव के पास पहुंचने पर उसकी बाइक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर घायल हो गए। सूचना पर कई लोग मौके पर पहुंच गए।

# ढूठीबारी में खलिहान की भूमि पर हो रहा था अवैध निर्माण

जन एक्सप्रेस। ढूठीबारी/महराजगंज




निचलौल तहसील अंतर्गत ठूठीबारी क्षेत्र के टोला मरचहवा में खलिहान की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण की न तो ग्राम्य विकास विभाग को जानकारी थी और न ही तहसील प्रशासन से इसकी कोई अनुमति ली गई थी। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य को रोकवा दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत ठूठीबारी के टोला मरचहवा में खलिहान की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उपरोक्त निर्माण कार्य बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के शुरू किया गया था। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में आया और मौके पर जाकर निर्माण कार्य पर रोक लगा दी। मामले को लेकर एसडीएम निचलौल नन्द प्रकाश मौर्य ने बताया कि अवैध निर्माण की शिकायत मिली है, जिसकी जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि खलिहान की भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखी जाती है। बिना प्रशासनिक स्वीकृत या भूमि प्रस्ताव के अनधिकृत कब्जा कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। प्रशासन की तत्परता से अवैध निर्माण पर तो रोक लग गई, लेकिन यह मामला स्थानीय जिम्मेदारों की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है, कि कैसे बिना अनुमति के उक्त भूमि पर निर्माण कार्य चल रहा था।

## देवरिया के कांवड़ियों की स्कार्पियो ट्रक से टकराई, पांच घायल

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिले के लार थाना क्षेत्र के रावतपार रघेन से देवघर जलाभिषेक के लिए निकले कांवड़ियों की स्कार्पियो रविवार देर रात बिहार के वैशाली जिले में मुजफ्फरपुर-ताजपुर मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चिकनौटा के पास एक ट्रक से टकरा जाने के कारण स्कार्पियो सवार पांच कांवरिये गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को चिकनौटा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज चल रहा है।

घायल कांवड़ियों की पहचान लार के रावतपार रघेन निवासी उपेंद्र कुमार सिंह, रजनीश सिंह, शिवम सिंह, हिमांशु सिंह, हर्षित सिंह (सभी लार के निवासी), अमौना के सत्यम मिश्रा और भट्ठवा के धनंजय यादव के रूप में हुई है।

सभी स्कार्पियो से देवघर जलाभिषेक के लिए रवाना हुए थे। कांवर यात्रा के दौरान हुई इस हादसे से गांव में चिंता का माहौल है। परिजन मौके के लिए रवाना हो चुके हैं।

# फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में पांच गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिले में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, सरकारी मुहर, लैपटॉप, आधार कार्ड बरामद हुआ है। जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के चार और एक रामकोला थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। काफी दिनों से यह गिरोह जिले में सक्रिय था, जालसाज सीएससी संचालित करते थे और इसी के आड़ में जन्म प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बनाने थे। जिले में फर्जी जन्म प्रमाण बनाने का खेल काफी दिनों से चल रहा है। इस मामले में रविंद्र नगर धूस पुलिस ने केस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का मुख्य सरगना सीएससी संचालक रामकोला थाना क्षेत्र के रोवारी गांव निवासी मोहन कुमार गौड़ को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान गिरोह का भंडाफोड़ हुआ।

इसमें शामिल दिलीप कुमार चौधरी निवासी ग्राम बसडिला थाना नेबुआ नौरंगीया, रजवंत निवासी पटखौली थाना नेबुआ नौरंगिया, असफाक अंसारी निवासी सौरहा बुजुर्ग थाना नेबुआ नौरंगिया, सोनू कुमार यादव निवासी चखनी भोज छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार किया।

# NER मुख्यालय ने भेजा प्रस्ताव: गोरखपुर से आगरा फोर्ट के बीच 6 दिन चलेगी वंदे भारत

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



मरम्मत संबंधी दिक्कतों को देखते हुए अभी जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसमें बृहस्पतिवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 5:15 बजे इस ट्रेन को गोरखपुर स्टेशन से चलाने की योजना है। ट्रेन दोपहर 1:50 बजे आगरा फोर्ट स्टेशन पहुंचेगी।

लोको शेड बनाने का रास्ता साफ होने के बाद अब गोरखपुर से आगरा फोर्ट के लिए भी वंदे भारत ट्रेन चलाने की योजना पर मंथन शुरू हो गया है। एनईआर मुख्यालय से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव भेज दिया गया है। गोरखपुर से साढ़े आठ घंटे में यह ट्रेन आगरा फोर्ट पहुंचेगी। इस ट्रेन का संचालन शुरू होने पर लखनऊ के लिए एक और खास ट्रेन मिल जाएगी।

गोरखपुर-प्रयागराज और गोरखपुर-पटना के बीच अभी वंदे भारत ट्रेन संचालित है। इस ट्रेन की मरम्मत के लिए आरपीएफ ट्रेनिंग सेंटर के पास लोकोशेड बनाने का प्रस्ताव है। लोको शेड बन जाने पर ट्रेन की मरम्मत में सुविधाजनक होगी। इधर, गोरखपुर से आगरा के बीच वंदे भारत चलाने की आ रही मांग को देखते हुए एनईआर प्रशासन ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया है।

इसको लेकर पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने सोमवार को रेलवे बोर्ड के साथ ही सभी संबंधित रेलवे को भी प्रस्ताव भेज दिया है। प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलते ही वंदे भारत का संचलन शुरू कर दिया जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इस पर मुहर लग सकती है।

सप्ताह में छह दिन चलेगी वंदे भारत

मरम्मत संबंधी दिक्कतों को देखते हुए अभी जो प्रस्ताव भेजा गया है, उसमें बृहस्पतिवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 5:15 बजे इस ट्रेन को गोरखपुर स्टेशन से चलाने की योजना है। ट्रेन दोपहर 1:50 बजे आगरा फोर्ट स्टेशन पहुंचेगी।

## वीर अब्दुल हमीद नगर में बनेगी सीसी सड़क व नाली

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 12 वीर अब्दुल हमीद नगर भलूही मदारी पट्टी में वार्डवासियों के बेहतर सुविधा के लिए 39 लाख रुपये खर्च करके सीसी रोड और नाली का निर्माण कराया जाएगा। लोगों को आवागमन व जलनिकासी की सुविधा बढ़ेगी। इस मोहल्ले में लोग काफी दिनों से जल निकासी के लिए नली और आवागमन के लिए सीसी रोड की मांग कर रहे थे। नगरपालिका इस मुहल्ले के लोगों की जनसुविधाओं के लिए योजना बनाकर टेंडर प्रक्रिया की गई। जिससे लोगों को बरसात के समय में भी दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वार्ड के रामकोला रोड से निकलकर राम आशीष तिवारी के घर तक सीसी मार्ग और आरसीसी नाली का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसमें करीब 39 लाख रुपए खर्च करने की योजना बनाई गई हैं। मार्ग और नाली निर्माण होने से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा व जल निकासी की समस्या का आसानी से समाधान हो सकेगा।

# रात में खाना खाकर कमरे में सोने गया, सुबह फंदे से झूलता मिला शव

जन एक्सप्रेस। देवरिया



मृतक दिनेश निषाद (42) पुत्र बिरहंगी निषाद ने बीती रात अपने कमरे को अंदर से बंद कर सोने चला गया। सुबह परिजन उसे जगाने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके बाद दरवाजा खोलने के लिए आवाज दी। दरवाजा नहीं खुला तो परिजन जबरन दरवाजा खोल कर अंदर गए तो देखा कि दिनेश गमछे के सहारे पंखे के छल्ले से लटका हुआ है।

स्थानीय चौकी अंतर्गत सरहसबह नौका टोला गांव में मंगलवार सुबह एक 42 वर्षीय व्यक्ति के फंदे से लटक कर जान दे दी। घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना के बाद परिजनों का रोकर बुरा हाल हो गया है।

जानकारी के अनुसार, मृतक दिनेश निषाद (42) पुत्र बिरहंगी निषाद ने बीती रात अपने कमरे को अंदर से बंद कर सोने चला गया। सुबह परिजन उसे जगाने पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। इसके बाद दरवाजा खोलने के लिए आवाज दी। दरवाजा नहीं खुला तो परिजन जबरन दरवाजा खोल कर अंदर गए तो देखा कि दिनेश गमछे के सहारे पंखे के छल्ले से लटका हुआ है।

यह देख परिजनों के होश उड़ गए। उनकी चीत्कार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अविनाश मौर्य मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजनों ने शव को फंदे से उतारकर जमीन पर लिटा दिया था। मौके पर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतक दिनेश निषाद अपने पीछे पत्नी इसरावती देवी (39) और छह छोटे-बड़े बच्चों को छोड़ गए हैं। इनमें बेटियां नीतू (17), निधि (13), शिवानी (10), नेहा (8), खुशबू (6) और बेटा कार्तिक (4) शामिल हैं। पिता की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। बच्चों और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतक के घर पहुंचकर पड़ोसी और रिश्तेदार परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# सावन के अंतिम सोमवार को शिवालयों में आस्था का रेला

जन एक्सप्रेस। देवरिया



श्रावण मास के अंतिम सोमवार को हर-हर महोदव के जयघोष के बीच जिले के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। शहर से लेकर ग्रामीणांचल के शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

नगर के सोमनाथ मंदिर, नई कालोनी स्थित श्री शनि सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर, साकेत नगर व कचहरी चौराहा सहित अन्य शिव मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक किया।

पौराणिक तीर्थ स्थल दुग्धेश्वरनाथ मंदिर में जुटे श्रद्धालु कतारबद्ध होकर गर्भगृह में पहुंचे। इस दौरान सुबह से देर शाम तक मंदिर पर शिव भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर पर जुटी भीड़ को देखते हुए प्रशासन की ओर से चाक चौबंद इंतजाम रहा।

सावन महीने में हर दिन रुद्राभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की मंदिर पर भीड़ बढ़ती जा रही है। सावन महीने के हर सोमवार को भक्तों की भीड़ लगी। पुलिस की तरफ से मंदिर जाने वाले रास्ते पर जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रुट डायवर्जन किया गया।

चार पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने से श्रद्धालुओं को सहूलियत रही। मंदिर का कपाट खुलने के बाद महिला और पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगाकर गर्भगृह में प्रवेश कराया गया।

रिमझिम बारिश के बीच मंदिर परिसर में लगे मेले का महिला और बच्चों ने आनंद उठाया। देर शाम गर्भगृह में शिवलिंग को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाकर भव्य आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण हुआ। भाटपाररानी संवाद के अनुसार, नगर व क्षेत्र के शिवालयों में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयघोष के साथ भोर से देर शाम तक बेलपत्र, चंदन-फूल आदि सामग्री लेकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते रहे। विभिन्न शिवालयों में लोगों को रुद्राभिषेक कराते देखे गए। बाणासुर द्वारा स्थापित सोहगरा धाम बाबा हंसनाथ शिव मंदिर के शिवलिंग पर बिहार और उत्तर प्रदेश के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। जिले के विभिन्न हिस्सों से नदियों का जल भरकर आए कांवड़ियों ने भगवान शिव को जल चढ़ाया।

इसके अलावा भाटपाररानी नगर के शिव मंदिर, सोहनपुर शिव मंदिर, अकटही, चंदेश्वर नाथ शिव मंदिर चनुकी घाट, भिंगारी बाजार, खैराट, भवानी छापर, प्रतापपुर, पड़री बाजार, टीकमपार, सरया, करमुवा, बरईपार बाबू, संवरेजी, बंगरा, रामपुर बुजुर्ग, मल्हचक आदि स्थानों पर शिवालियों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना किया। श्रद्धालु भगवान शिव को प्रसन्न करने में जुट रहे।

## भाइयों की कलाई न रह जाए सूनी: गोरखपुर डाक विभाग में सर्वर ठप

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

4 अगस्त से देशभर में सेफ्टवेयर 2.0 पर काम होना था। डाक विभाग कई दिनों से अपडेशन काम में लगा हुआ था। दावा था कि सभी काम पूरे कर लिए गए हैं। सोमवार से काम सुचारु रूप से होंगे। सोमवार को डाकघर खुले तो सेफ्टवेयर नहीं चला। इससे आए लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा। मंगलवार को भी डाक घर खुले तो सॉफ्टवेयर नहीं चला।

डाक विभाग में सॉफ्टवेयर अपडेशन लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। मंगलवार को भी सुबह से सॉफ्टवेयर के न चलने से जिले भर के डाकघरों में काम बंद रहा। स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, नकदी जमा - निकासी व अन्य काम न होने से लोग परेशान रहे। मुख्य डाकघर में आए लोगों की कर्मचारियों से खूब नोकझोंक हुई।

# मानव संपदा पोर्टल में त्रुटि, भड़के शिक्षक

जन एक्सप्रेस। देवरिया




उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के बैनर तले सोमवार को शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया। शिक्षकों ने मानव संपदा पोर्टल पर शिक्षकों की गलत और अपूर्ण विवरण को दुरुस्त नहीं किए जाने का विरोध किया।

शिक्षकों ने सुधार नहीं करने पर 20 अगस्त को व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी। धरना मंगलवार को भी तीन से पांच बजे तक जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहाकि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को समस्याओं के निस्तारण में कोई रुचि नहीं है।

कार्यालय में उन्हीं समस्याओं का निस्तारण किया जाता है, जिनमें कोई लाभ दिखायी देता है। प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह ने कहाकि यह धरना समस्याओं के निस्तारण होने तक चलता रहेगा।

मानव सम्पदा पोर्टल पर जिले के सभी अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं का विवरण भरने में गलतियां हुई हैं। प्रभावित शिक्षकों से दो बार पत्रावलियां लेने के बाद भी गलती नहीं सुधारी गई। कोषाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहाकि शिक्षकों के एनपीएस ग्राण्ट को समय से प्रान खाते में नहीं भेजा जा रहा है।

शिक्षकों का एरियर कई सालों से लंबित है। फार्म-16 ग्राण्ट उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की मांग पर शासन से जारी हो गया है। फार्म-16 के नाम पर विद्यालयों से ली गई धनराशि को डीआईओएस कार्यालय वापस करे। धरने को वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, धनंजय कुमार उपाध्याय, महेन्द्र प्रताप, कृष्णानन्द राय, राम प्रताप यादव, राजेश गुप्ता, अशोक शुक्ला, राणा प्रताप यादव, अजीत सिंह, सुशील मिश्र, शशिभूषण सिंह, रामप्रवेश सिंह, संतराम, प्रशांत सिंह, धनंजय आदि ने संबोधित किया।

# दौड़ती पिकअप पर पीपल का पेड़ गिरा चालक और खलासी की दबकर मौत

जन एक्सप्रेस। देवरिया



भागलपुर-सलेमपुर मुख्य मार्ग पर रविवार की रात करीब 10 बजे पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। महराजगंज जिले से बलिया के नगरा कस्बे में मछली के बच्चे लदी पिकअप जैसे ही जमुआ गांव के सामने पहुंची, उसी वक्त पुराना पीपल का पेड़ अचानक भरभराकर पिकअपर पर गिर गया।

पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। पिकअप चालक की पहचान महाराजगंज के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के तरकुलवा मटगांवा निवासी सुग्रीव यादव (50) के रूप में हुई।

दूसरे की पहचान कुशीनगर जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के इंदरपुर गांव निवासी भगवंत गोंड (44) रूप में हुई, जो खलासी था।

रात दो बजे सड़क से पेड़ और क्षतिग्रस्त पिकअप के हटवाने के बाद यातायात बहाल हुआ। हादसे के बाद राहगीरों ने स्थानीय लोगों को सूचना दी। थोड़ी देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पेड़ का फैलाव इतना अधिक था कि पूरा मार्ग बाधित हो गया।

सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने रेस्क्यू शुरू किया, मगर पेड़ की मोटी टहनी और अंधेरा होने के कारण पिकअप में फंसे चालक और खलासी को निकालने में काफी दिक्कत हुई।

करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद पेड़ की टहनियों को काटकर रास्ता साफ किया गया और वाहन में फंसे दोनों शवों को निकाला जा सका।

इस दौरान सड़क के दोनों तरफ यातायात पूरी तरह से ठप रहा और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। थानाध्यक्ष मईल दिलीप सिंह ने बताया कि पिकअप महराजगंज जिले से मछली का बच्चा लेकर बलिया जिले के नगरा बाजार जा रही थी। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## उपनिबंधक कार्यालय पर आईटी की कार्रवाई, खंगाले जा रहे हैं रजिस्ट्री के दस्तावेज

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

उपनिबंधक प्रथम के कार्यालय पर मंगलवार की सुबह लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर से आयकर विभाग की टीम पहुंची। टीम ने वर्ष 2022 से तीन साल में कराई गई रजिस्ट्री की जांच शुरू की है। शहर में हुई कुछ बड़ी रजिस्ट्री कराने वालों ने आयकर के कागजात में उसे नहीं दर्शाया है। छह सदस्यों की टीम ने ऐसे सारे रजिस्ट्री के दस्तावेज खंगालने शुरू किए हैं। टीम के पास एक सूची मौजूद है, जिसका मिलान किया जा रहा है।

माना जा रहा है कि उप निबंधक प्रथम शहर में कुछ सबसे महंगी संपत्ति लेनदेन की रजिस्ट्री और अन्य रिकॉर्ड संभालता है, ऐसे में बड़ी राजस्व से जुड़े हेरफेर की संभावना है।

# बुद्ध विपश्यना उपवन का हस्तांतरण जल्द, ध्यान-साधना के लिए सुलभ होगा केंद्र

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



कुशीनगर बुद्ध विपश्यना उपवन के हस्तांतरण के लिए सोमवार को नगरपालिका प्रशासन, गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) पर्यटन और ठेका कंपनी केके कंस्ट्रक्शन के जिम्मेदारों ने भ्रमण किया। बुद्ध विपश्यना उपवन नगरपालिका परिषद कुशीनगर को हस्तांतरित किया जाना है। करीब हर तरह की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं।

कुशीनगर में विश्व बैंक सहायतित करोड़ों की लागत से नवनिर्मित बुद्ध विपश्यना उपवन का हस्तांतरण लेने के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, ईओ अंकिता शुक्ला ने जीडीए के एई राजबहादुर सिंह, कंस्ट्रक्शन कंपनी के जेई बीएन तिवारी, पर्यटन सूचना अधिकारी डा. प्राण रंजन ने भ्रमण किया। उपवन में बुद्ध सरोवर -1 और बुद्ध सरोवर -2 में लगे फ्लोटिंग फाउंटेन को क्रियाशील कराकर कार्य प्रणाली देखी और उसके आकर्षण को समझा। उपवन हस्तांतरण से पहले पालिका प्रशासन ने कार्यदाई संस्था व पर्यटन से कुछ अधूरे व टूटे फूटे को मरम्मत कराने के लिए कहा था। उसका ख्याल रखते हुए कुछ कार्य किए गए। हालांकि भ्रमण में कुछ कमियां मिली, जिसे पर्यटन ने पूरा करने की बात कही। राकेश जायसवाल, चेयरमैन प्रतिनिधि, कुशीनगर ने कहा कि कुशीनगर बुद्ध विपश्यना उपवन का पर्यटन विभाग से हस्तांतरण के बाद और आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। उपवन में नवनिर्मित बुद्ध सरोवर, पाथवे, ध्यान केंद्र, पवेलियन, फ्लोटिंग फाउंटेन, पेयजल सिस्टम, पुस्तकालय, अत्याधुनिक शौचालय, पथ प्रकाश से चमकाया जाएगा। पर्यटकों को उपवन लुभाएगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार सृजन कार्यक्रम भी जोड़े जाएंगे।

# बाढ़ प्रबंधन के दृष्टिगत डीएम ने सिसई, कोडारी घाट एवं बेल्वा सुल्तानजोत का किया निरीक्षण

## बाढ़ खंड के कार्यों का लिया जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

बाढ़ प्रबंधन एवं बाढ़ राहत कार्य के दृष्टिगत डीएम पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ खंड के कार्यों का जायजा लिया गया। उन्होंने तहसील सदर में कोडारी घाट एवं बेलवा सुल्तानज तटबंध (एमएलटीडी) पर कटान रोधी एवं सुरक्षात्मक कार्य का जायजा लिया। विगत वर्ष आई बाढ़ के दौरान बेलवा सुल्तानज तटबंध (एमएलटीडी) पर कटान हुआ था । डीएम द्वारा बेलवा सुल्तानज तटबंध (एमएलटीडी) पर कटान रोधी एवं सुरक्षात्मक पिचिंग एवं क्रॉस ड्रेनेज का जायजा लिया गया एवं कटान रोधी सामग्री के अग्रिम स्टॉक का स्थलीय सत्यापन किया गए। उन्होंने तटबंध की सघन निगरानी एवं कटान रोधी सामग्री के अग्रिम स्टॉक की उपलब्धता का निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने कोडारी घाट पर तटबंध के कटान रोधी एवं सुरक्षात्मक कार्य का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस



दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप सिंह, एसडीएम सदर हेमंत गुप्ता , अधिशाषी अभियंता बाढ़ , सहायक अभियंता बाढ़ व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## जिला बदर प्रधान के मामले में प्रधान संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

जिला बदर हुए ग्राम प्रधान के मामले में प्रधान संगठन ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी से पीड़ित को न्याय दिलाने की मांग की है।थाना अतरौली क्षेत्र के गांव खेड़ा के जिला बदर प्रधान अमित कुमार के मामले में प्रधान संगठन ने विरोध प्रदर्शन किया है।ग्राम प्रधानों और लोधी समाज के लोगों ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह पार्क से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस ने प्रधान अमित कुमार का जुलूस निकाला था।उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रधान के खिलाफ हुई जिला बदर की कार्रवाई को वापस लेने की मांग की। साथ ही जुलूस निकालने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई।प्रधान संगठन का कहना है कि अमित कुमार पर फर्जी मुकदमे लगाए गए थे।उन्होंने इन मुकदमों की जांच कराने और जिला बदर की कार्रवाई वापस लेने की मांग की है।जिलाधिकारी संजीव रंजन ने प्रदर्शनकारियों को एडीएम के न्यायालय में अपील डालने का सुझाव दिया है।

# इंस्पायर अवार्ड मानक के लिए विद्यार्थी कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के समस्त उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालय, नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय एवं समस्त माध्यमिक विद्यालय समस्त बोर्डों के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 तक अध्ययन रस समस्त छात्र-छात्राओं के लिए यह है सुनहरा अवसर जिसके तहत विद्यार्थी इंस्पायर अवार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं । जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा 5 अगस्त को जारी प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी गई है कि इंस्पायर अवार्ड के लिए प्रत्येक विद्यालय से कुल 5 आवेदन किए जाने हैं । समाज की समस्याओं से जुड़ी, वर्तमान विश्व की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए वैज्ञानिक नवाचारों को इंस्पायर अवार्ड के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर आमंत्रित किया गया है । ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक पर क्लिक करके विद्यालय की लॉगिन आईडी पासवर्ड का प्रयोग करके शीघ्र अति शीघ्र अपने विद्यालय से विद्यार्थियों का ऑनलाइन आवेदन करें । https://www.inspireawards-dst.gov.in/UserP/school-authority.asp× बताया गया है कि कृपया यह ध्यान दें कि ऐसे विद्यार्थी का आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर करें जिनके स्वयं का बैंक खाता सक्रिय रूप से उपलब्ध हो द्य नवाचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का खाता खुलवाने हेतु प्रेरित करें । आवेदक ऑनलाइन आवेदन करते समय विद्यार्थी का नाम पिता का नाम, माता का नाम, श्रेणी, आधार नंबर, कक्षा, मोबाइल नंबर, बैंक खाता विवरण, विद्यार्थी का फोटो, विद्यार्थी के आईडिया नवाचार को पेपर पर लिखकर उसकी फोटो, साथ ही साथ नवाचार को टाइप करके मोबाइल में भी रखें । सभी तैयारियों के साथ आवेदन के लिए ऑनलाइन जाएं । शासन स्तर से सम्मानित उच्च अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन होती है इंस्पायर अवार्ड मानक के आवेदनों की समीक्षा की जा रही है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि अपने-अपने विद्यालय से आवेदन करके उसे जिला अथॉरिटी को ऑनलाइन फॉरवर्ड कर दें जिससे कि जिला अथॉरिटी द्वारा उसे स्टेट को फॉरवर्ड किया जा सके द्य अपने विद्यालय का ऑनलाइन आवेदन अंतिम रूप से forward to District Authority अवश्य करें । चेतावनी दी गई है कि बार बार विद्यालय का पंजीकरण नहीं करें द्य पहले से उपलब्ध mail id, log in आई डी और पासवर्ड का प्रयोग करें द्य मेल आई डी महत्वपूर्ण है, कृपया सक्रिय रखें, मेल inbo& चेक करते रहें द्य यदि आपका पासवर्ड नहीं उपलब्ध है तो 'forgot password' पर जाएं और आपकी मेल आई डी पर pass-word क्रिएट करने का लिंक आ जाएगा ।

## रक्षाबंधन त्यौहार के दृष्टिगत खाद्य विभाग की टीम ने मिठाई दुकानों से जांच हेतु लिए सैंपल

जन एक्सप्रेस । हाथरस

रक्षाबंधन के आगामी त्यौहार के दृष्टिगत शासन के आदेश और जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य दो रणधीर सिंह और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता ने नमूना कार्रवाई तेज कर दी है। आज खाद्य विभाग की टीम द्वारा अभियान चलाकर कुल 6 नमूने संग्रहित किए गए। ओढ़पुरा तिराहे स्थित न्यू संतोष मिष्ठान भंडार की मिठाई की दुकान से गुलाब जामुन और लॉज का नमूना, मुरसान स्थित रामू मिष्ठान भंडार से घेवर, श्याम मिष्ठान भंडार से कलाकंद, पंकज मिठाई वाला के यहां से घेवर और भानु मिष्ठान भंडार से घेवर नमूना संदेह के आधार पर जांच हेतु लिया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी



पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि छापामार कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और सभी छ नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। मामले में अग्रिम कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्ति के बाद की जाएगी। सैम्पलिंग अभियान के दौरान खाद्य सचल दल में डॉ विकास कुमार, करतार सिंह, ओमकार कुशवाहा और सुरेन्द्र कुमार गोंड उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा नशा मुक्ति पर कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस द्वारा मंगलवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जानकारी के अनुसार 5 अगस्त को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ रमेश कुमार ( सरोजनी नायडू ईकाई), डॉ आनामिका सिंह ( कल्पना चावला ईकाई) तथा डॉ जितेन्द्र कुमार ( डॉ कलाम ईकाई) के नेतृत्व मे नशा मुक्त युवा विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय सभागार मे किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंगलाचरण तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व सरस्वती बंदना के साथ किया गया । मंगलाचरण तथा सरस्वती वंदना राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू ईकाई के कार्यक्रमाधिकारी डॉ श रमेश शुक्ल ने अपने सम्बोधन मे कार्यक्रम मे उपस्थित छात्र छात्राओ तथा स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं को नशा मुक्त युवा एवं विकसित भारत विषय पर अपने विचार संक्षेप मे व्यक्त किया । डॉ शुक्ल ने महात्मा गांधी की आत्मकथा के कुछ अंश को छात्र छात्राओं के समक्ष पढ़ा । महात्मा गांधी ने कहा था कि नशा से मानव शरीर और आत्मा दोनो का नाश होता है । डॉ शुक्ल ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे असहयोग आंदोलन तथा



सविनय अवज्ञा आंदोलन मे नशा मुक्ति के लिए चलाए गए कार्यक्रमो की जानकारी संक्षेप मे छात्र छात्राओ को दी । उन्होने छात्र छात्राओं से कहा कि वे समाज मे इस विषय से संबंधित जागरूकता का प्रचार करें । प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि भारतीय चिन्तन के मूल मे आध्यात्म है । उन्होने छात्र छात्राओं से कहा कि वे विवेकानंद साहित्य का अध्ययन करे तथ इससे प्रेरणा ग्रहण करे । कार्यक्रमाधिकारी डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट ने अपने सम्बोधन मे कहा कि नशा मुक्त युवा ही एक विकसित समाज का निर्माण कर सकता है । कार्यक्रम मे महाविद्यालय के शिक्षक डॉ सुनील कुमार मिश्र, डॉ ए के दीक्षित, डॉ अभय नाथ ठाकुर, सिद्धार्थ मोहंता सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे । स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं मे विजय कुमार, गिरीजा, शिवम सहित अनेको छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के अन्त मे प्राचार्य द्वारा नशा मुक्त भारत के लिए छात्र छात्राओं को शपथ दिलाया गया । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## एमपीयू में स्नातक तथा परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए शुल्क निर्धारण समिति गठित

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में नव स्थापित मा पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि बढ़ाकर 18 अगस्त 2025 कर दी गई है। साथ ही स्नातक तथा परास्नातक कक्षाओं में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए शुल्क निर्धारण समिति का भी गठन मंगलवार को कर दिया गया है ।

कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने 5 अगस्त को बताया कि देवीपाटन मंडल के सभी छात्र-छात्राओं हेतु यह स्वर्णिम अवसर है कि उन्हें विश्वविद्यालय परिसर की प्रथम परास्नातक कक्षाओं में विद्यार्थी के रूप में पढ़ने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। विद्यार्थी समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण करते हुए मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के क्रियाशील वेबसाइट पर अपना पाठ्यक्रम चयन कर सकते हैं । कुलपति द्वारा दिए गए आदेश के फलस्वरूप 5




अगस्त 2025 को विश्विद्यालय परिसर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालन हेतु शुल्क-निर्धारण समिति का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष प्रो. प्रेम कुमार सिंह अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को बनाया गया है । प्रो. बी.पी. सिंह अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय सदस्य, सर्वेश सिंह सदस्य, वित्त समिति सदस्य, डॉ. जितेंद्र भट्ट नोडल संयोजक, समर्थ टीम सदस्य तथा वी.के. पांडे सहायक कुलसचिव को संयोजक बनाया गया है । समिति से अपेक्षा की गई है कि मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के सृजन के पूर्व में उ प्र राज्य सरकार द्वारा स्थापित तीन पूर्व के विश्वविद्यालय, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़; मां शाकंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ तथा डॉ राम मनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, अयोध्या की शुल्क- संरचना का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट 07 कार्य दिवसों में प्रस्तुत करे।

## आखिर एम-सील कैसे बना कांवड़ यात्रा का एक गुमनाम हीरो?

जन एक्सप्रेस । हाथरस

कांवड़ यात्रा में कांवड़िये, गंगा नदी (आमतौर पर हरिद्वार, गौमुख या सुल्तानगंज में) से पवित्र जल एकत्र करते हैं और इसे अपने स्थानीय मंदिरों में भगवान शिव को अर्पित करते हैं। कांवड़िये अपने दोस्तों के साथ भगवान में अपनी अटूट आस्था के साथ-साथ एम-सील की सीलिंग ताकत पर भी अटूट विश्वास रखते हैं। कांवड़ यात्रा (जुलाई-अगस्त) के दौरान, 3 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु गंगा में पवित्र स्नान करने और जलाभिषेक के लिए पैदल पवित्र जल ले जाने के लिए हरिद्वार आते हैं। ख़ास बात यह है कि इनमें से कई श्रद्धालु अपने कलशों को सुरक्षित रखने के लिए एम-सील का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी यात्रा सुरक्षित रहती है।

भारत सचमुच जुगाड़ का देश है। एम-सील, जिसका इस्तेमाल आमतौर पर लीक-प्रूफ यानि रिसाव-रोधी सीलेंट के रूप में किया जाता है, ने इस सदियों पुरानी तीर्थयात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करने में एक अनूठी और इनोवेटिव भूमिका निभाई है और आगे भी निभाता रहेगा।

इस मौसम में, एम-सील सामान्य राशन की दुकानों (जीपीके), सड़क किनारे के भोजनालयों, प्रमुख थोक विक्रेताओं और स्थानीय ट्रांसपोर्ट सेंटर्स, हर की पौड़ी जैसे प्रमुख टच प्वाइंट्स, बस अड्डों और यहां तक कि स्थानीय बसों के अंदर भी सभी को आसानी से उपलब्ध है। विश्वास और धैर्य से प्रेरित इस यात्रा में, एम-सील चुपचाप एक रीसीलेंट समर्थक की भूमिका निभाता है। इसके साथ ही ये प्रोडक्ट ये भी साबित करता है कि जब इनोवेशन वास्तविक जीवन की उपयोगिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगता है, तो वह सिर्फ एक उत्पाद होने से कहीं आगे निकल जाता है। यह उनकी कहानी का एक हिस्सा बन जाता है।

## समय सारिणी एवं पाठ्यक्रम को लेकर वनस्पति विज्ञान विभाग में बैठक

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग में मंगलवार को समय सारिणी एवं पाठ्यक्रम से संबंधित विषयों पर विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के सभी प्राध्यापक डॉ. मो. अकमल, डॉ. शिव महेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार, राहुल यादव एवं राहुल कुमार उपस्थित रहे।

जानकारी के अनुसार 5 अगस्त को वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन के कार्यालय पर आयोजित बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए समय सारिणी का निर्धारण, पाठ्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शिक्षण-प्रक्रिया की गुणवत्ता में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी प्राध्यापकों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित में आवश्यक निर्णय



सर्वसम्मति से लिए गए। प्राध्यापकों ने शिक्षण-प्रक्रिया में आधुनिक तकनीकों के उपयोग, प्रयोगशाला सुविधाओं के उन्नयन और विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने जैसे सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही, पाठ्येतर गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में शोध एवं नवाचार की भावना विकसित करने पर भी चर्चा हुई ।बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी सत्र से कक्षा संचालन समय पर प्रारंभ होगा और प्रयोगात्मक कार्यों के लिए अलग से समय सुनिश्चित किया जाएगा ।अंत में विभागाध्यक्ष ने सभी प्राध्यापकों का आभार व्यक्त किया और बैठक को सहयोगपूर्ण एवं सार्थक बताते हुए इसे विभाग की प्रगति के लिए एक सकारात्मक कदम करार दिया।

# प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की सादाबाद इकाई का हुआ भव्य शपथ ग्रहण व स्वागत सम्मान

जन एक्सप्रेस । हाथरस

पत्रकारिता के संरक्षण तथा पत्रकारों के अधिकारों व देश के चौथे स्तंभ से मजबूती के साथ जुड़े पत्रकारों को न्याय हो और उनको मानवीय अधिकार दिलाए जाने हेतु गठित प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की सादाबाद तहसील इकाई का आज विशाल एवं भव्य शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह हाथरस आगरा रोड पर बढार चौराहा के पास स्थित आर.बी. गौतम पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद भर के पत्रकारों द्वारा सहभागिता की गई और सादाबाद की पूरी इकाई को शपथ के साथ सभी पत्रकारों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।।। प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की सादाबाद इकाई के बैनरतले आयोजित विशाल पत्रकार शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम संजय कुमार,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्राधिकारी सादाबाद अमित पाठक, प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर जैन,सादाबाद कोतवाली प्रभारी योगेश कुमार सिंह, सहपऊ कोतवाली प्रभारी शिवकुमार शर्मा, सादाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेंद्र पाराशर थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता एमडी हॉस्पिटल के चेयरमैन एवं प्रमुख समाजसेवी धर्मेंद्र गौतम द्वारा की गई।।

प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की सादाबाद इकाई के आयोजित विशाल शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता अग्रवाल ,एमडी हॉस्पिटल के एमडी धर्मेंद्र गौतम, प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर जैन तथा सहायक सूचना अधिकारी नरेंद्र कुमार, तहसील सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल द्वारा मां सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण करके एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ हाथरस तहसील सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल, महामंत्री डॉ.योगेश शर्मा संरक्षक किशोर वार्ष्णेय एवं तहसील सादाबाद की पूरी टीम द्वारा मंचासीन सभी अतिथियों का फूलमालाओं से लादकर व दुपट्टा ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया।। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की तहसील इकाई सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल ने पत्रकारों से जुड़ी समस्या को उठाते हुए कहा कि तहसील क्षेत्र में पत्रकारों के लिए बैठने के लिए कोई उचित स्थान नहीं है और उन्होंने मंच से एसडीएम सादाबाद व नगर पंचायत अध्यक्ष से सादाबाद में प्रेस क्लब भवन हेतु उनसे भूमि आवंटित किये जाने की मांग की। कार्यक्रम में सादाबाद के पुलिस क्षेत्राधिकार अमित पाठक ने कहा कि प्रेस और पुलिस व प्रशासन का हर वक्त का आपस में तालमेल



है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पत्रकारों के सहयोग के लिए हर समय तत्पर है और पत्रकार बंधुओ को पूर्ण सहयोग किया जाएगा।। विशाल शपथ ग्रहण समारोह के संबोधित करते हुए प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के जिलाध्यक्ष उमाशंकर जैन ने कहा कि प्रेस क्लब ऑफ हाथरस का गठन पत्रकारों के हितों को देखते हुए किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके स्वर्गीय पिता श्री लालता प्रसाद जैन द्वारा जनपद हाथरस में पत्रकारों के हितों के लिए व उनकी आवाज को उठाने तथा उनके लिए संघर्ष करने हेतु उस समय प्रेस क्लब का गठन किया गया था और उनके द्वारा स्थापित उच्च आदर्श एवं मुहिम को ही आगे बढ़ाते हुए पत्रकारों के हितों के संरक्षण के लिए प्रेस क्लब ऑफ हाथरस का गठन किया गया है। जिलाध्यक्ष उमाशंकर जैन ने कहा कि पत्रकार 24 घंटे कार्य करता है और वह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करता है ,लेकिन किसी से कोई मेहनताना नहीं लेता है। उन्होंने तहसील सादाबाद के एसडीएम,सीओ व अन्य मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह करते हुए कहा कि पत्रकारों के हित में उनकी आवश्यक समस्याओं पर ध्यान देते हुए उन्हें पूर्ण कराया जाना आवश्यक है।। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि उनका सौभाग्य है उन्हें प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित कर उन्हें मौका दिया तथा उन्होंने कहा कि पत्रकार जनहित के मुद्दों को उठाते हुए जनहित के कार्यों को करते हैं। उन्होंने प्रेस क्लब ऑफ हाथरस की तहसील सादाबाद इकाई के अध्यक्ष रंजीत बघेल द्वारा पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब भवन हेतु उठाई गई मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ मिलकर शीघ्र से शीघ्र प्रेस क्लब भवन हेतु जमीन आवंटित करने के लिए आश्वासन दिया।। इस मौके पर मुख्य आतिथि एसडीएम सादाबाद संजय कुमार द्वारा प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के सादाबाद की नगर इकाई के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल, महामंत्री डॉ. योगेश शर्मा, संरक्षक किशोर वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष विजय वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक कुलश्रेष्ठ, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, मुकेश यादव, कन्हैया लाल, मंत्री मोहन अग्रवाल, रंजीत वर्मा, उप मंत्री राम रतन शर्मा, देशराज गोला, ऑडिटर योगेश शर्मा, संगठन मंत्री सुशील शर्मा, कार्यालय प्रभारी प्रवीण गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेश गौतम, सोनू चौधरी को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराई गई।। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्कर कुमार, महामंत्री राजदीप तोमर, उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, कोषाध्यक्ष बृजेश मिश्र, मंत्री राहुल शर्मा (पुनीत शर्मा), ऑडिटर जिनेंद्र जैन, मीडिया प्रभारी आशीष सेंगर, कार्यकारिणी सदस्य उमाकांत पुण्ढ़ीर, उमाकांत कुलश्रेष्ठ बॉबी, पुलकित जैन, शैलेंद्र कुमार सिंह, मोनू कुरैशी, शोभित शर्मा, अमित शर्मा के अलावा प्रेस क्लब ऑफ हाथरस के सासनी इकाई के अध्यक्ष अध्यक्ष सुनील शर्मा, महामंत्री देव प्रकाश देव, मनोज वार्ष्णेय ,आबिद अली, डॉ. सुखबीर सिंह कभी स्वागत एवं सम्मान किया गया।। शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर समाजसेवी दाऊदयाल अग्रवाल, देवेंद्र बंसल चन्दू लाला, विपिन अग्रवाल, श्याम सुंदर गिरी, विश्व बंधु पाराशर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राधारमन अग्रवाल, विनय जिंदल, ओमप्रकाश बघेल का तहसील सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत बघेल एवं उनकी पूरी टीम द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया।। कार्यक्रम का प्रभावी एवं सफल संचालन भाजपा नेता सुधीर गर्ग द्वारा किया गया। जबकि सभी का आभार तहसील सादाबाद के अध्यक्ष रंजीत कुमार बघेल द्वारा व्यक्त किया गया।

# मछली शहर की सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर के आवास पर हुआ पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती का आयोजन

■ विधायिका डॉ रागिनी सोनकर ने कहा पंडित जनेश्वर मिश्र पिछड़े दलितों व वंचितों की बने रहे आवाज

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**





जौनपुर बरसठी स्थानीय विधायक कार्यालय पर मंगलवार को समाजवादी चिंतक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती सादगीपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विधायक डॉ रागिनी सोनकर की मौजूदगी में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण से हुई। इस दौरान उपस्थित जनों ने उनके राजनीतिक योगदान, समाजवादी विचारधारा और जनकल्याणकारी नीतियों को याद किया। वही विधायक डॉ. रागनी सोनकर ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित जनेश्वर मिश्र हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों की आवाज बने रहे। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने सादगी और ईमानदारी की मिसाल कायम की, जिसे आज के जनप्रतिनिधियों को आत्मसात करना चाहिए। पंडित जनेश्वर मिश्र ने कभी किसी जाती विशेष को महत्व नहीं दिया वह गरीबों के लिए सदैव अपने जीवन को समर्पित किए है। वही 2027 के चुनाव को लेकर मौजूद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि हमें एक दूसरे का विरोध नहीं करना है। हम सब 2027 में अखिलेश यादव को जो उनका पीडीए का नारा है उस सपने को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री चुन कर लाना है। तभी प्रत्येक व्यक्ति का विकास हम कर सकते है। मछली शहर विधानसभा में अलग अलग प्रकोष्ठ भी बनाए जा रहे है। जिससे मासिक बैठक कर सभी की समस्याओं को सुन कर उसका समाधान हो पाए। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय समस्याओं पर भी चर्चा हुई और उपस्थित लोगों ने उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पदों एवं कार्यरत कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पार्टी के सांगठित ढांचे को और मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय रहने का आह्वान किया। इस मौके पर सूर्यभान यादव, गुलाब बिंद, रोहित दुबे, विवेक यादव, सतीश दुबे, प्रधान रहीश अहमद, इंसान अली, अब्दुल रशीद, संतोष यादव, श्यामलाल यादव, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# अपने अधिकारों के लिये सजग रहे किन्नर समुदाय: आनन्दीबेन पटेल

■ किन्नरों ने किया राज्यपाल का भव्य स्वागत: मन की बात में उठाये मुद्दे

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




किन्नर समाज को अपने अधिकारों के लिये सजग होने के साथ ही शिक्षित होकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ना होगा। यह विचार राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने मंगलवार को इंदिरा चेरिटेबल सोसायटी द्वारा कप्तानगंज में आयोजित 'ट्रांसजेन्डरों के मन की बात' कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किया।

राज्यपाल ने कहा कि उन्होने ट्रांसजेन्डरों के समुदाय से अलग-अलग वार्ता किया है किन्तु बस्ती में उन्हें एक साथ देखकर प्रसन्नता है। कहा कि किन्नर समाज खुद को अलग-थलग न समझे केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार उनके कल्याण के लिये अनेक योजनायें संचालित कर रही है। मन की बात में अनेक किन्नरों ने राज्याल से सरकारी नौकरियों में समान अवसर, गरिमा गृह की स्थापना और शिक्षण प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की मांग किया। इसके पूर्व राज्यपाल ने स्मार्ट डिजिटल बोर्ड का उद्घाटन करने के साथ ही इंदिरा चेरिटेबल सोसायटी कार्यालय का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

कार्यक्रम के आरम्भ में किन्नर कशिश, सानिया और काजल ने राज्यपाल को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। संगीत के माध्यम से किन्नर समुदाय ने शानदार प्रस्तुति दिया।

राज्यपाल ने एकता माहेश्वरी, प्रमोद ओझा, चम्पा पाण्डेय, सुनीता सिंह, प्रदीप चन्द्र पाण्डेय को अपनी पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसन्द है' भेंटकर उत्साहवर्धन किया। उन्होने प्राथमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों को उपहार भेंट किया। ज्योति पाण्डेय, संजय पाण्डेय, आलोक पाण्डेय, निधि पाण्डेय आदि ने महाहिम का स्वागत किया। समाज कल्याण मंत्री वसीम अरूण ने कहा कि किन्नर समुदाय के उत्थान के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वंय गंभीर है। इस दिशा में जो विचार कार्यक्रम में आये हैं उस अनुरूप नीति, कार्यक्रम बनाकर किन्नर समुदाय का उत्थान कराया जायेगा। उन्होने कहा कि इंदिरा चेरिटेबल सोसायटी के कार्यकारी अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय को ट्रांसजेन्डरों के उत्थान के लिये उत्तर प्रदेश ट्रांसजेन्डर कल्याण बोर्ड का सदस्य नामित किया गयाय है। बस्ती में अति शीघ्र गरिमा गृह का निर्माण कराया जायेगा। आभार ज्ञापन करते हुये इंदिरा चेरिटेबल सोसायटी के सीईओ अजय कुमार पाण्डेय ने राज्यपाल का स्वागत करते हुये किन्नर समुदाय के उत्थान के लिये जमीन या भवन दिये जाने का आग्रह राज्यपाल से किया। कार्यक्रम में मण्डलायुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ ही अनेक उच्चाधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकान्द मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# बुढ़वा मंगल पर हुआ कुश्ती दंगल का भव्य आयोजन





**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

गौराबादशाहपुर के बनरहियाबाग में बुढ़वा मंगल पर ऐतिहासिक कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जिलों से आए दर्जनों पहलवानों ने दांव पेंच आजमाए। अधिकांश कुश्ती बराबरी पर ही रही। बनारस के पहलवान अभिषेक ने गाजीपुर के अंश को, गाजीपुर के शहनवाज ने जौनपुर के सागर को, गाजीपुर के अंकित ने जौनपुर के धीरज को, बहरीपुर के विशाल ने धर्मापुर के अरबाज को और पतरही के हरिश्चंद्र ने धर्मापुर के हिमांशु को पराजित किया। रेफरी सुबाष यादव रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री व जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय ने अखाड़े का पूजन कर और पहलवानों का हाथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि खेलकूद में ऐसी प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। यह भी कहा कि हार जीत का कोई मायने नहीं रखता।

जो जीत गया वह जीत गया, जो हार गया उसे आगे चलकर और तैयारी करने की जरूरत है।

पूर्व मंत्री जगदीश नारायण राय ने भरोसा दिया कि पहलवानों और खिलाड़ियों के लिए हमारे स्तर से जितना अधिक हो सकेगा वह किया जाएगा। इसमें धन की कोई समस्या आड़े नहीं आएगी।

दंगल कमेटी के साहबलाल यादव मोछू, प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र यादव, विजय प्रताप यादव और अभयराज यादव ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर लालजी पहलवान, फौजी अनिल यादव, विजय यादव, पवन यादव, मुकेश यादव, धीरज तिवारी, मोनू बीडीसी, विपिन यादव, धीरज यादव, रामसम्हार यादव, सूबेदार यादव आदि उपस्थित रहे।

# बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रहे हैं मेडिकल स्टोर

■ पैसे की खातिर मेडिकल स्टोर से बेची जा रही है अधोमानक वाली दवाएं, नकली दवा माफियाओं का जिले में हो रहा है खुलासा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




जिले में नकली दवा माफियाओं का रैकेट धड़ल्ले से काम कर रहा है। शहर और ग्रामीण अंचल के कुछ चिन्हित मेडिकल स्टोर की दुकानों से अधोमानक वाली दवाओं की बिक्री बेखौफ़ तरीके की जा रही है।

नियमित बिक्री का ना तो कोई रजिस्टर बना है। ना ही दुकानों पर तैनात फार्मासिस्ट मिल रहे हैं। डीएम डॉ दिनेश चंद्र के निर्देश पर जनपद की दवा माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय की टीम जिले में छापेमारी कर रही है तो ऐसे ही चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। बदलापुर स्थित खुद्रा मेडिकल प्रतिष्ठान, अमन मेडिकल स्टोर का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान फर्म द्वारा नियमित विक्रय जारी करने हेतु विक्रय अभिलेख नहीं दिखाया गया। प्रतिष्ठान से रजिस्टर फार्मासिस्ट मौके पर अनुपस्थित मिले। इसके बाद एसआर फार्मेसी का औचक निरीक्षण किया गया। यहां पर 10 प्रकार की औषधियों को फॉर्म-35 पर अंकित करते हुए खरीद-बिक्री अभिलेख तलब किये गये हैं। जिला ओषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने निर्देशित किया कि अधिक पैसा कमाने के चक्कर में नकली और अधोमानक दावों की बिक्री कतई ना करें। नहीं तो दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद बदलापुर स्थित मेडिकल प्रतिष्ठान संचालको के साथ संगोष्ठी करके औषधियों के रख-रखाव एव नशीले दवावों के दुष्प्रभाव/दुरुपयोग तथा भंडारन, नियमित बिक्री चालान जारी करने के लिए शेड्यूल-एच के रजिस्टर और प्रतिष्ठान पर कैमरा लगाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

## जौनपुर मल्हनी क्षेत्र के भैंसनी गांव में ढहा कच्चा मकान

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** काफी ज्यादा बारिश होने के कारण कच्चा मकान गिरा गया मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के भैंसनी गांव में स्वर्गीय अभय राज यादव पुत्र जितेन्द्र यादव जो कि बताया गया 70000 के करीब नुकसान हुआ है जिनका गरीबी हालत होने के कारण उसी में तीन बच्चों को लेकर गुजरा करते थे छ हजार का नौकरी करने वाले, जितेंद्र यादव के यहां अभी तक मदत के लिए ग्राम प्रधान विधायक और सांसद कोई मौके पर नहीं पहुंचा मदद के लिए

## बस्ती में हृदयरोग, न्यूरो विशेषज्ञ चिकित्सकों के तैनाती की मांग, सौपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। बस्ती।** यात्रा के दौरान राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ज्ञापनों का गट्ठर भी लेकर लौटी। विकास भवन कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम अधार पाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र के माध्यम से राज्यपाल को 4 सूत्रीय ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में बस्ती मण्डल मुख्यालय के मेडिकल कालेज और जिला चिकित्सालय में हृदयरोग और न्यूरो, यूरो के विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनात किये जाने, मण्डल मुख्यालय बने 27 वर्ष की अवधि बीत जाने के बाद मण्डलीय अधिकारियों, कर्मचारियों के लिये आवास निर्माण न होने की स्थिति में निर्माण शुरू कराये जाने, नवीन पेंशन योजना 'एन.पी.एस.से आच्छादित सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने, अधिकारियों, कर्मचारियों के लिये बने वर्षो पुराने सरकारी आवासों के मरम्मत आदि की मांग शामिल है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से विकास भवन कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम अधार पाल ने बताया कि चिकित्सा, आवास और जरूरी सुविधाओं को लेकर संघ द्वारा अनेक ज्ञापन दिये गये किन्तु कोई सुनवाई न होने से कर्मचारी हैरान व परेशान है। मण्डल मुख्यालय पर हृदयरोग और न्यूरो, यूरो विशेषज्ञ चिकित्सकों के न होने के कारण अनेक अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन के साथ ही नागरिक आये दिन जान गंवा रहे हैं। ऐसे में तत्काल प्रभाव से विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की जाय।

# 2027 में बनेगी पीडीए गठबंधन वाली सपा की सरकार: राकेश मौर्य

■ सपाइयों ने छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने दावा किया कि हम छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के बताए हुये रास्ते पर चल कर आज यह संकल्प लेते हैं कि वर्ष 2027 में यूपी में पीडीए की गठबंधन वाली सरकार बनाएंगे। वह मंगलवार को समाजवादी विचारक व दार्शनिक पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छोटे लोहिया के नाम से प्रसिद्ध पंडित जनेश्वर मिश्र की 93 वीं जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम शहर के एक होटल में आयोजित था। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी एक जन आंदोलन से निकली हुई पार्टी है। जिसकी नीव डॉ.राम मनोहर लोहिया, जनेश्वर मिश्र (छोटे लोहिया), मुलायम सिंह यादव ने रखी थी। हम उसी राह पर अग्रसर हैं। आगे भी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उसी राह पर जनता के लिए काम करते रहेंगे। जब-जब जनता के साथ अन्याय होगा इसका विरोध होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसान, छात्र, नौजवान ,व्यापारी ,महिला सभी परेशान चल रहे हैं । सरकार कानून व्यवस्था के नाम पर पूरी तरह से फेल हो चुकी है। सिर्फ झूठे वादे करके जनता को गुमराह किया जा रहा है। इसके पहले कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित सपाजनों ने पंडित जनेश्वर मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन कर उनके संघर्षों, आदर्शों को याद किया गया। गोष्ठी को पूर्व एमएलसी ललन प्रसाद यादव, पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव, सुशील दुबे, राजेश विश्वकर्मा, श्याम बहादुर पाल, लालचंद यादव लाले, डॉ रामसूरत पटेल, आलोक त्रिपाठी, रमापति यादव पूर्व प्रमुख, वरिष्ठ नेता राजकुमार बिंद, रत्नाकर चौबे ने संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस मौके पर लाल मोहम्मद राईनी, राहुल त्रिपाठी, रजनीश मिश्रा, राजेश यादव, श्यामनारायण बिंद, उमाशंकर पाल, श्रवण जायसवाल, अनवारूल हक गुड्डू, मनभारत बिंद अन्य उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# नन्दी की मूर्ति पीने लगी जल, वीडियो हुआ वायरल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबादक्ष क्षेत्र के सैदनपुर गांव स्थित शिव जी के मंदिर में स्थापित नंदी जी की मूर्ति जल पीने लगी। देखते ही देखते जल पिलाने वाले भक्तों की भारी भीड़ वहां लग गयी। जल पिलाने का वीडियो भी वायरल हो रहा है।

ऊक्त गांव के शिव मंदिर पर सोमवार की शाम कुछ लोग पूजा कर रहे थे। उसी दौरान एक भक्त ने नन्दी जी को एक चमच्च से जल पिलाने लगा। जल जैसे ही नन्दी के मुंह से लगाया गया। वह खत्म हो गया। यह देखकर वह कई बार नन्दी जी को जल पिलाता रहा कि शायद उसकी गलत फहमी हो।परन्तु हर बार जल नन्दी जी की मूर्ति के मुह पर लगाते ही खत्म होने लगा।

उसने मंदिर के पास मौजूद लोगों से यह बात बतायी। लोग आकर देखने लगे। लोग आश्चर्य में पड़ गए। यह बात आनन फानन में गांव तथा आसपास के गांवों में फैल गयी। जानकारी होते ही काफी लोग मंदिर पर आ गए।

लोग देर शाम तक नन्दी जी की मूर्ति को जल पिलाते रहे।

# जनेश्वर मिश्र समाजवाद की चलती फिरती पाठशाला थे: महेन्द्रनाथ यादव

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




समाजवादी चिन्तक अपनों में छोटे लोहिया के रूप में लोकप्रिय पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनेश्वर मिश्र को उनकी जयन्ती पर याद किया गया। मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में बस्ती सदर विधायक एवं सपा जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने उन्हें याद किया। महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि वे आखिरी सांस तक समाजवादी थे और उन्हें समाजवाद की चलती फिरती पाठशाला कहा जाता था। राजनीति में उन्होने सदैव सादगी बनाये रखी और कार्यकर्ताओं को सर्वोच्च सम्मान दिया। युवा पीढी को उनके जीवन संघर्ष और राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरणा लेनी चाहिये। कहा कि आज जब देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण हो रहा है ऐसे में हमें अपने गंगा जमुनी तहजीब को बचाये रखना होगा, यही जनेश्वर मिश्र जैसे महान नेता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल' पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, दयाशंकर मिश्र, श्रीपति सिंह, समीर चौधरी, आर.डी. गोस्वामी, गीता भारती, मो. स्वाले, रविन्द्र यादव, जमील अहमद, रन बहादुर यादव, मो. उमर, वृजेश मिश्र, रामशंकर निराला, घनश्याम यादव, चन्द्रिका यादव, संजय गौतम, हरीश गौतम, आर.डी. निषाद, अजय यादवा आदि ने जनेश्वर मिश्र को नमन् करते हुये कहा कि जनेश्वर मिश्र के प्रभाव से बडी संख्या में युंवा जुड़े और समाजवादी विचारधारा को देश भर में स्वीकारोक्ति मिली। वक्ताओं ने स्मृतियों को साझा करते हुये कहा कि बस्ती से जनेश्वर मिश्र का विशेष लगाव था, वे जब आते तो सबसे मिलने की कोशिश करते। कहा कि कार्यकर्ताओं के लिये उनके मन में विशेष सम्मान था। सादगी उनके राजनीति की विशेषता थी। उन्होने कभी दिखावें की राजनीति नहीं की और गांव, गरीब, आम आदमी की पीड़ा में सड़क से संसद तक स्वर देते रहे। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। कहा कि सात बार केन्द्रीय मंत्री रहने के बाद भी उनके पास न अपनी गाड़ी थी और न ही बंगला। इनके नाम पर लखनऊ में एशिया का सबसे बड़ा सुन्दर पार्क सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव के प्रेरणा से उत्तर प्रदेश के पूर्व युवा मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा निर्माण कराया गया । ऐसे महापुरूष को सदैव स्मरण किये जाने की जरूरत है। जयन्ती पर जनेश्वर मिश्र को नमन् करने वालों में मुख्य रूप से राहुल सिंह, फूलचन्द भारती, मुरलीधर पाण्डेय, पंकज निषाद, राजेश पटेल, पूर्णमासी यादव, वैजनाथ शर्मा, आशुतोष पाण्डेय, रहमान सिद्दीकी, गुलाब सोनकर, प्रशान्त यादव, रामचन्द्र यादव, युनूस आलम, छोटू मिश्रा, गौरीशंकर यादव के साथ ही सपा के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# '02 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा महोत्सव व मेला का आयोजन जनसहभागिता के साथ किया जाएगा'

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जायेगा, जिसमें 02 अगस्त से 08 अगस्त तक विद्यालयो में रंगोली, तिरंगा प्रदर्शनी, तिरंगा स्वरुप राखी बनाने की कार्यशाला सहित विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की जाएगी, लोगो को स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैया के राष्ट्रीय ध्वज के डिजाईन में उनके योगदान से अवगत कराया जाएगा।

09 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा महोत्सव व मेला का आयोजन जनसहभागिता के साथ किया जाएगा साथ ही लोग तिरंगा विद सेल्फी को पोर्टल पर अपलोड करेंगे। आगामी 13 अगस्त से 15 अगस्त तक सरकारी व निजी कार्यालयों, संस्थानों और लोगों के घरों में तिरंगा प्रदर्शित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों से अपील किया है कि इस दौरान सभी लोग सम्मान के साथ अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाए।

14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका दिवस' के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकली जाएगी जिसमें स्कूल, कॉलेजों व अन्य संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा विभाजन के स्मृतियों को याद करते हुए मौन यात्रा निकाली जाएगी।

15 अगस्त को 'स्वतंत्रता दिवस' के अवसर पर भव्य रूप से सभी सरकारी कार्यालयों, निजी कार्यालयों, पंचायत भवनों, सहकारी समितियों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में तिरंगा फहराया जाएगा तथा राष्ट्रगान गाया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि *इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का टैग लाइन है ''मिट गये जाने कितने इसके मान में, हर घर तिरंगा फहरायेंगे उनकी शान में''। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देश कि क्रम में जनपद में रक्षाबंधन के अवसर पर आगामी 08 अगस्त की सुबह 06 बजे से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यू0पी0एस0आर0टी0सी0 की बसों व नगरीय बस सेवा की बसों में महिलाओं को निःशुल्क यात्रा की व्यवस्था की जायेगी।

16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व मनाया जाएगा, इसके दृष्टिगत मन्दिरों में साफ-सफाई, सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित विभागों को दिये गये है। शोभायात्रा के लिए आयोजक स्थानीय प्रशासन से अनुमति अवश्य लें। यह सुनिश्चित किया जाए कि माइक, लाउडस्पीकरों की आवाज निर्धारित मानक से अधिक न हो।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से बताया कि जनपद में ड्रोन से दहशत फैलाने वालों व अनधिकृत रूप से ड्रोन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस विभाग के द्वारा थानावार सूची तैयार करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि ड्रोन का परिचालन बिना अनुमति के नही होनी चाहिए, अन्यथा की दशा में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अफवाहों के कारण किसी भी प्रकार कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय रहे।

सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से लोगो को सही सूचनाएं दी जाए। किसी प्रकार की पैनिक अथवा अफवाह प्रसार की स्थिति न बने।

जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि मानक के अनुरूप ही स्कूलों की पेयरिंग की जाए। बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं आनी चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण और सम्मानित पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** गौराबादशाहपुर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को जिले की गौराबादशाहपुर थाना पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा और कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विकाश यादव पुत्र मेवालाल यादव निवासी ग्राम राजेपुर थाना गौराबादशाहपुर के रूप में हुई है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त विकाश यादव पुत्र मेवालाल यादव ग्राम राजेपुर थाना गौराबादशाहपुर को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ क्षेत्र के मैरादखान पुलिया से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रामलाल व अरविन्द कुमार यादव तथा, हेड कांस्टेबल वीरेन्द्र यादव शामिल रहे।

## तीन शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार, कब्जे से नकदी कुल 8,46,600 रुपया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** नेवढ़िया थाना क्षेत्र में सीतमसराय स्थित वक्रांगी केन्द्र संचालक के साथ हुई लूट की घटना जिसमें अपाची मोटर साइकिल सवार तीन व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा वादी मुकदमा के बैग में रखा 927000 रुपया, एक ओप्पो मोबाईल, चेक बुक व एटीएम स्वाईप मशीन बैग सहित छिनैती हुई थी, उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-168/25 धारा-304(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के शीघ्र अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं के पर्वेक्षण में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। टीम पुलिस द्वारा आज दिनांक 05.08.25 को मुखबिर की सूचना पर मुकदमे का सफल अनावरण करते हुए तीन नफर अभियुक्तो को होरैय्या गेट के पास स्थित पुलिया के पास समय करीब 04.45 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त भागने का प्रयास किए, मोटर साइकिल फिसलने से अभियुक्तों को चोटे आई है, उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से लूट का कुल 810000 रूपया, एक लूटी हुई मोबाइल, लूट की घटना मे प्रयुक्त अपाची ऋक्ष-160 ष्ष्ट नीले रंग की मोटरसाइकिल सम्बन्धित मु0अ0सं0 168/2025 धारा 309(4)/317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना नेवढ़िया जौनपुर व थाना मुंगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर के मु0अ0सं0 172/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस का माल मशरुका 36000 रूपया बरामद किया गया। अभियुक्त गण शातिर किस्म के अपराधी है, उक्त अपराध के अलावा अभियुक्त गण उपरोक्त के विरूद्ध कई अभियोग पंजीकृत है। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तों उपरोक्त की गिरफ्तारी से इस तरह की घटना पर प्रभावी अंकुश लगेगा।



# पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन में कोतवाली सदर पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा

■ रंगदारी मांगने, लूट, चोरी, टप्पेबाजी आदि की घटनाओ में वांछित अपराधियों को भेजा गया

जन एक्सप्रेस। उन्नाव

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की निष्पक्ष और सख्त कार्यशैली का परिणाम जनपद में अपराधियों की कमर टूटने लगी है। अपने आप को तुर्रम खां समझने वाले बदमाश दीपक भूकर के नाम से कांपने लगे है। कोई तख्ती लेकर कोतवाली पहुंच रहा है। साहब गोली न मारना ये रहा लूट का सामान। कोई कोतवाली के बाहर पहुंच कर स्वयं पुलिस के सामने अपने को समर्पण कर रहा है। बदमाशों में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के नाम की ऐसी दहशत व्याप्त है। कि बड़े बड़े अपराधियों की बतोलेबाजी निकल गई। मुख्यमंत्री की बात करने वाले जिले के एक तोपची भू माफिया बदमाश जेल से बाहर आने के बाद भूमिगत हो गए। लगातर पुलिस अपराधियों को पकड़ कर जेल भेज रही है। कल भी जिले के दुर्दांत लुटेरे जय सिंह को जेल भेजा गया था। आज उसके दो शातिर लुटेरे साथी सचिन मिश्रा और योगेन्द्र गौतम को पुलिस ने जेल भेजा।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद की तमाम थाना पुलिस ने आज कई अपराधियों को जेल भेजा। कोतवाली सदर पुलिस द्वारा रंगदारी मांगने व लूट की घटना कारित करने वाले 2 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। चोरी के जुल्म में दो, टप्पेबाजी के चार सहित अन्य कई को जेल भेजा गया सदर कोतवाली पुलिस ने वादी सुरेन्द्र कुमार पुत्र राम नरेश निवासी पीताम्बर नगर द्वारा 4 अगस्त को थाना कोतवाली सदर पर तहरीरी सूचना दी गई कि अपराधियों द्वारा उसके साथ जालसाजी व धोखाधड़ी करते हुए 50 हजार रुपए हड़प लेने तथा अवैध तमंचा लगाकर 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगने के साथ ही जेब में पडे 40 हजार रुपए छीन लिये। जिसकें सन्दर्भ में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 677/2025 धारा 318(4)/ 316(2)/ 308(2)/ 308(5)/ 309(4)/ 351(3) बीएनएस बनाम सचिन मिश्रा पुत्र गार्गी शंकर, जयसिंह पुत्र मुन्नूलाल, योगेन्द्र गौतम पुत्र अज्ञात नि0गण अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। उपरोक्त मुलजिमों के।खिलाफ आज 5 अगस्त को एक और मुकदमा दर्ज हुआ। ग्राम सरोसी थाना कोतवाली सदर उन्नाव निवासी वादी मुकदमा ठाकुर प्रसाद पुत्र कल्लू की लिखित तहरीर बावत विपक्षीगण द्वारा वादी के साथ छल व धोखाधड़ी करते हुए अस्पताल में फ्री में इलाज कराने व कार्ड बनवाने के नाम पर 50 हजार रुपये हड़प लेने तथा वादी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने का भय डालकर 30 हजार रुपये हड़प लेने एवं 3 लाख रुपये की रंगदारी मांगने तथा आपराधिक धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 679/ 2025 धारा 318(4)/ 308(2)/ 308(5)/ 351(2)/ 352 बीएनएस बनाम सचिन मिश्रा पुत्र गार्गी शंकर, जयसिंह पुत्र अज्ञात, योगेन्द्र गौतम पुत्र अज्ञात नि0गण अज्ञात एक अन्य साथी नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया है। जिसमें एक अभियुक्त जय सिंह उपरोक्त को कल गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अपराध निरीक्षक राजेश यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 677/2025 व 679/2025 में वांछित शेष अभियुक्तगण सचिन मिश्रा पुत्र गार्गीशंकर मिश्रा नि0 752 सिविल लाइन्स थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र करीब 34 वर्ष, योगेन्द्र गौतम पुत्र रवीन्द्र नाथ नि0 ललऊखेड़ा बाजार पोस्ट डीह थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र करीब 27 वर्ष को थाना कोतवाली सदर गेट के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त सचिन मिश्रा का अपराधिक इतिहास...

- मु0अ0सं0 217/22 धारा 384/506 भादवि थाना बीघापुर उन्नाव
- मु0अ0सं0 215/23 धारा 420/500/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 342/23 धारा 406/420 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 330/24 धारा 504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 452/24 धारा 115(2)/309(4)/324(4)/351(2)/352/74 बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 890/24 धारा 115(2)/191(2)/324(4)/351(3)/352/356(3) बीएनएस थाना कोतवाली सदर उन्नाव
- मु0अ0सं0 908/24 धारा 351(2) बीएनएस थाना कोतवाली सदर उन्नाव
- मु0अ0सं0 501/24 धारा 308(3)/351(2)/352/61(2)(इ) बीएनएस व 3(2)(1इ) स्ष/स्ह्ल ष्ह्ल थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0सं0 510/24 धारा 351(2) बीएनएस व 3(1)द,ध स्ष/स्ह्ल ष्ह्ल थाना गंगाघाट उन्नाव
- मु0अ0सं0 179/25 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 677/2025 धारा 318(4)/316(2)/308(2)/308(5)/309(4)/351(3)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली सदर उन्नाव
- मु0अ0सं0 679/2025 धारा 318(4)/308(2)/308(5)/351(2)/352 बीएनएस थाना कोतवाली सदर उन्नाव

### गिरफ्तार अभियुक्त योगेन्द्र गौतम का अपराधिक इतिहास...

- मु0अ0सं0 722/16 धारा 323/504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 387/16 धारा 427/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 112/17 धारा 504/506/507 भादवि व 67 इ्अ ष्ह्ल थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 282/17 धारा 385/499/504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 509/18 धारा 323/504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 571/23 धारा 506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 330/24 धारा 504/506 भादवि थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 836/24 धारा 351(2) बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 179/25 धारा 115(2)/351(3)/352 बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 677/2025 धारा 318(4)/316(2)/308(2)/308(5)/309(4)/351(3)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव
- मु0अ0सं0 679/2025 धारा 318(4)/308(2)/308(5)/351(2)/352 बीएनएस थाना कोतवाली उन्नाव।



लुटेरे अभियुक्त सचिन मिश्रा और योगेन्द्र गौतम गिरफ्तार

### नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण...

1. सचिन मिश्रा पुत्र गार्गीशंकर मिश्रा नि0 752 सिविल लाइन्स थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र करीब 34 वर्ष
2. योगेन्द्र गौतम पुत्र रवीन्द्र नाथ नि0 ललऊखेड़ा बाजार थाना कोतवाली सदर उन्नाव उम्र करीब 27 वर्ष

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम....

अपराध निरी0 राजेश यादव थाना कोतवाली सदर उन्नाव
उ0नि0 इन्द्रदेव उपाध्याय चौकी प्रभारी किला
हे0का0 संजीव कुमार
का0 अरुण यादव

# सपा ने मुसलमानों के साथ धोखा किया : वसीम राईन

■ आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सपा पर कसा तंज

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



मुसलमानों को 18 प्रतिशत आरक्षण का झूठा ऐलान करने की साज़िश में समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम धर्मगुरुओं को भी शामिल कर लिया। और हुआ वही जिसका अंदाजा पहले से था वोट लेकर सत्ता में आने के बाद सपा वादा भूल गई। उक्त बात एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मंगलवार को आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। श्री राईन ने सपा पर तंज कसते हुए कहा कि वर्ष 2012 के चुनाव से पहले जारी विधानसभा के सपा के घोषणापत्र में मुसलमानो को 18 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐलान किया गया। सपा के इस ऐलान में मुसलमानों के धर्मगुरु फिरंगी महली व जमीयत उलेमा ए हिंद के सदर मौलाना मदनी, बुखारी आदि भी शामिल रहे और मुसलमानों से सपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। सपा के झूठ की कलई आखिर खुल ही गई और पता चल गया कि यह घोषणा केवल सत्ता में लौटने के लिए एक हथियार भर ही था क्योंकि सरकार में आने के बाद सपा मुखिया ने इस पर बात करना भी गंवारा नही किया। श्री राईन ने आगे कहा कि सपा ने तो मुसलमानों के साथ धोखा किया ही उनसे बड़ा फरेब मौलाना व धर्मगुरुओं ने किया। सपा द्वारा 18 फीसदी आरक्षण का वादा पूरा न किये जाने पर किसी ने उनके इस कृत्य का विरोध नही किया। चाहे फिरंगी महली हो, बुखारी हो या अरशद मदनी सपा के इस धोखे का इन लोगों ने न विरोध किया और न ही सपा का साथ ही छोड़ा।

# सेंटर आफ एक्ससिलेंस में हुई पर ब्लॉक वन क्रॉप संगोष्ठी

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



उद्यान विभाग की ओर से सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स उमर्दा, सभागार में पर ब्लॉक वन क्रॉप कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पर ब्लॉक वन क्रॉप कार्यक्रम के अन्तर्गत अर्थव्यवस्था को ओ0टी0डी0 के स्तर पर लाये जाने हेतु विकास खण्ड के लिए चयनित विशिष्ट औद्यानिक फसलों के प्रोत्साहन हेतु कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विकास खण्ड उमर्दा व हसेरन के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री मुकेश कुमार, उप निदेशक उद्यान, कानपुर मण्डल, कानपुर द्वारा की गयी। मुकेश कुमार ने पर ब्लॉक वन क्रॉप कार्यक्रम अन्तर्गत विकास खण्डों हेतु चयनित विशिष्ट औद्यानिक फसल के गुणवत्तायुक्त उत्पादन, उपज के मूल्य संर्वधन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन आदि दृष्किोण से उत्पादन को निर्यात योग्य बनाने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा की। कहा कि कृषकों के द्वारा इस प्रकार से खेती करने से उत्पादन में गुणात्मक एवं मात्रात्मक वृद्धि की जा सकेगी, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि होगी और अर्थव्यवस्था के वन ट्रिलियन डालर के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। जिला उद्यान अधिकारी सी0पी0 अवस्थी ने उद्यान विभाग से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होने कृषकों को सलाह दी कि प्रमुख औद्यानिक फसलों में नवीनतम तकनीकी का उपयोग कर उत्पादन की मात्रा एवं गुणवत्ता में सुधार किया जाये, जिससे कि उन्हे बाजार में अच्छे मूल्य प्राप्त हो सके। कृषि विज्ञान केन्द्र के उद्यान वैज्ञानिक डा0 अमर सिंह ने आलू की खेती के बारे में विस्तार से कृषकों को अवगत कराया, उन्होने फसल अवशेष प्रबन्धन, बीज उपचार, मृदा परीक्षण, उर्वरक सन्तुलन तथा आलू की खेती में होने वाली बीमारियों और सहफसली खेती के बारे में विस्तार से कृषकों को जानकारी दी। मण्डी विभाग से मण्डी निरीक्षक आदिल द्वारा कृषकों को गुणवत्तायुक्त आलू उत्पादन कर निर्यातोमुखी खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बाबा महाकाल स्वरूप के नीलेश्वर महादेव के रूप में 8वां भव्य श्रृंगार

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। नवाबगंज। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को कस्बे के श्री बरगदेश्वर व माँ संतोषी माता मंदिर में बर्फानी सेवा समिति द्वारा शंकर जी का बाबा महाकाल स्वरूप के नीलेश्वर महादेव के रूप में 8वां भव्य श्रृंगार कराया गया।नवाबगंज कस्बे के माँ संतोषी माता मंदिर पर भगवान शंकर का बर्फ की सिल्लियों से भव्य श्रृंगार किया गया। दोपहर में पूजन के बाद कानपुर से आए डेकोरेटर विवेक सोनी और गिरीश डेकोरेटर की टीम ने बर्फ से बनाए बाबा महाकाल का नीलेश्वर महादेव के रूप में श्रृंगार किया। श्रृंगार के बाद देर शाम करीब 8 बजे दर्शन के लिए पट खोले गए। बाबा महाकाल के नीलेश्वर महादेव के रूप में श्रृंगार को देखने के लिए सोमवार रात मे भक्तों की भीड़ जमा रही। मंदिर परिसर में भक्तों के लिए महाप्रसाद का भी वितरण हुआ। बर्फ की सिल्लियों को शिवलिंग का रूप देकर बाबा नीलेश्वर महादेव का स्वरूप दिया गया।

### सेवानिवृत्त और नवागत प्रधानाचार्यों का सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। अटल बिहारी इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद द्वारा सेवानिवृत्त और नवागत प्रधानाचार्यों के सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला अधिकारी गौरांग राठी और सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बता दे कि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों को उनके लंबे और उत्कृष्ट सेवाकाल के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही नवागत प्रधानाचार्यों को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी गई और उन्हें अपने नए पद पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### जर्जर मकान का छज्जा गिरने से बच्ची की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। शुक्लागंज कोतवाली गंगाघाट क्षेत्र बिंदा नगर चौकी के अंतर्गत अरुण श्रीवास्तव निवासी अंबेडकर नगर मकान संख्या 7/103 जिनकी 6 वर्षीय पुत्री जानवी उर्फ नैना की छज्जा गिरने से घायल हो गई परिवार जनों द्वारा निकट अस्पताल लेने के पश्चात डॉक्टरों द्वारा बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया मकान में कुल चार परिवार रहते थे जिसमें 6 कमरे बने हुए थे मकान काफी पुराना होने के कारण छज्जा कई दिनों से जर्जर था जिसके चलते बच्ची बाहर खड़े होकर पानी पी रही थी तभी अचानक छज्जा गिर जाने से बच्ची की मृत्यु हो गई परिवार सहित मोहल्ला में भी गम का माहौल है मृतक बच्ची के पिता प्राइवेट फैक्ट्री में हेल्पर का कार्य करते हैं सूचना पर पहुंचा गंगाघाट प्रशासन नयाब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी और कई क्षेत्रों के लेखपालों ने स्थिति को संभाला परिवार जनों ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टम करने को मना करते रहे।

### रवि प्रकाश बने अध्यक्ष तो सुनील बने कोषाध्यक्ष

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। विकास भवन सभागार में मंगलवार को चकबंदी लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष व महामंत्री सहित सात पदों पर शांति पूर्वक चुनाव संपन्न हुआ। पदाधिकारियों के पारदर्शी चुनाव के लिए चकबंदीकर्ता संघ के प्रदेश अध्यक्ष सरनाम सिंह को निर्वाचन अधिकारी तो तहसील लेखपाल संघ के महामंत्री अरविंद सिंह को सह चुनाव अधिकारी नामित किया गया था। निर्वाचन अधिकारी के देखरेख में हुए चुनाव में रवि प्रकाश पांडेय को अध्यक्ष, धर्मवीर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकित सिंह को महामंत्री, सुनील कुमार यादव को कोषाध्यक्ष, इति वैश्य को लेखा परीक्षक, राजेन्द्र सिंह को सरंक्षक एवं पंकज कुमार श्रीवास्तव को कार्यवाहक अध्यक्ष चकबंदी लेखपाल संघ के पद निर्वाचित हुए। चकबंदी लेखपाल संघ के निवर्तमान जिलाध्यक्ष कुंवर आनंद प्रताप सिंह ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान, संदिग्धो से की पूछतांछ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को जैदपुर पुलिस ने कस्बा इंचार्ज विनय कुमार के नेतृत्व में यह अभियान संचालित किया। इस दौरान सिपाही पंकज सिंह, शैलेश कुमार यादव, महिला कांस्टेबल अनामिका तिवारी सहित अन्य पुलिस कर्मियों ने जैदपुर थाना चौराहा, बड़ी बाजार, बालिका इंटर कॉलेज और नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के आसपास खड़े संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने संदिग्धों को चेतावनी दी कि दोबारा फर्जी तरीके से यहां खड़े मिलने पर जेल भेजा जा सकता है। अभियान के दौरान नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज की छुट्टी के बाद कस्बा इंचार्ज विनय कुमार और महिला कांस्टेबल अनामिका तिवारी ने छात्रों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को आष्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत 112 पर सूचना दें। पुलिस ने छात्राओं से कहा कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है, पुलिस प्रशासन हमेशा उनके साथ है।

### अजाखाने से निकला सालाना जुलूसे सफर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। लाइनपुरवा स्थित स्व. अली शब्बर के अज़ाखाने से सालाना जुलूस-ए-सफर अपने रवायती अंदाज में निकला। जुलूस का आगाज़ तिलावते कलामें पाक़ से किया गया। इससे पहले मौलाना आग़ा अली द्वारा संबोधित मजलिस का आयोजन हुआ। मजलिस के बाद जुलूस परंपरागत रूप में निकला। इसमें अलम-ए-मुबारक, ताबूते अली अकबर और शबीहे जुल्जूनाह इमाम हुसैन की ज़ियारत कराई गई। जुलूस में बाराबंकी की अंजुमन गुंन्चए अब्बासिया और अंजुमन गुलामे अस्करी सहित लखनऊ से आई प्रसिद्ध अंजुमन गुलदस्त-ए-हैदरी के साहबे बयाज़ शानू ने अपने विशेष अंदाज में नौहाख्वानी और सीनाजनी की। जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से लाइनपुरवा से देवा रोड, रफ़ी नगर के सामने से होते हुए दुर्गापुरी मोहल्ले से गुजरा। देर रात यह जुलूस मौलाना गुलाम अस्करी हॉल इमामबाड़े में पहुँचकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान मरहूम मेंहदी अली, ताकि मास्टर, इफ्तेखार अली, मरहूम तहज़ीब अस्करी और समीर अब्बास द्वारा चाय, पानी और शरबत की व्यवस्था की गई। जुलूस की अलविदाई मजलिस को मौलाना मोहम्मद रज़ा रिज़वी ने संबोधित किया।

# पंचायत निर्वाचक नामावलियों की तैयारी बैठक में एडीएम ने दिए व्यापक निर्देश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2026 के दृष्टिगत पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण की तैयारी के संबंध में आज एन0आई0सी0, सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पं0) आशीष कुमार सिंह की अध्यक्षता में समस्त उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार/अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी/समन्वयक अधिकारी का वृहद पुनरीक्षण के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पं0) ने समस्त उप जिलाधिकारियों/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को पंचायत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्य हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार बी0एल0ओ0/पर्यवेक्षक नियुक्त कर आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए साफ्टवेयर पर बी0एल0ओ0/ पर्यवेक्षक का विवरण फीड कर उनकों मतदान केन्द्र आवंटन का कार्य 10 अगस्त तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। बी0एल0ओ0/ पर्यवेक्षक को विकास खण्ड स्तर पर प्रशिक्षण की कार्यवाही संबंधित खण्ड विकास अधिकारी/ समन्वयक अधिकारी के सहयोग से दिनांक 18 अगस्त तक सुनिश्चित कर लें ताकि दिनांक 19 अगस्त से 29 सितम्बर, 2025 तक बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर सर्वेक्षण कर हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार की जा सकें। यह भी निर्देशित किया कि घर-घर सर्वेक्षण की मॉनिटरिंग संबंधित उप जिलाधिकारियों/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन की जाएगी। पंचायत निर्वाचक नामावली में एक-एक वोट के महत्व को इंगित करते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचक नामावली को प्रत्येक दशा में त्रुटिरहित रखा जाए, जिससे आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन, 2026 शांतिपूर्वक सम्पन्न हो सके। इस हेतु पर्यवेक्षकों एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ तहसीलदार द्वारा निरन्तर बी0एल0ओ0 के कार्यों का पर्यवेक्षण किया जाए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विनीत कुमार कटियार, बृजेश कुमार, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिलास्त्तरीय माध्यमिक विद्यालय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। कस्बे के श्याम लाल इंटर कॉलेज में मंगलवार को तहसील स्तरीय एवं जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय कराटे बालक बालिका प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह, सचिव जिला खेल समिति नवीन सिन्हा, जिला व्यायाम शिक्षिका निशा सिंह तोमर, जिला व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम यादव, प्रधानाचार्य माधुरी लता, कीड़ाध्यक्ष धर्मेश प्रताप सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प माला व दीप प्रज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में जीजीआईसी नवाबगंज, जीआईसी चमरौली, श्यामलाल इंटर कॉलेज, एबीसी इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय हसनगंज एवं जनसार समेत अन्य माध्यमिक विद्यालयों के करीब दो दर्जन बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 0 से 14, 14 से 17, 17 से 19 वर्ष के आयु वर्ग के अलग अलग भार वर्ग में कृष्ण, रौनक, करन, आदित्य पांडे, पल्लवी, दिव्यांशी, प्रीति, महक, रिमझिम, नंदिनी, प्रीति पांडे ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इन प्रतिभागियों को अगस्त माह में होने वाली मंडल कराटे प्रतियोगिता में उन्नाव की ओर से प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन में कराटे एसोसिएशन आफ उन्नाव के जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार व प्रेसिडेंट रवि चौरसिया, कैप्टन संतोष तिवारी, संदीप मिश्रा, प्रेम प्रकाश, श्याम नारायण, धीरज सिंह, हिमांशु, मुस्कान कराटे कोच, पिंकल कराटे कोच, गोविंद कराटे कोच, लक्ष्मी कराटे कोच ने अग्रणी भूमिका निभाई।

# सरयू नदी का रौद्र रूप देख तराई इलाकों में मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



फतेहपुर। ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र के हेतमापुर स्थित सरयू नदी ने एक बार फिर अपना विकराल रूप दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 30 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। जिससे बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ तटीय गांवों में हड़कंप मचा हुआ है। वही बैराजों से छोड़े जा रहे कई लाख क्यूसेक पानी से जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। जिससे नदी का मैदानी इलाका पूरी तरह से लबालब हो गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को सरयू नदी खतरे के निशान से 4 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। लेकिन मंगलवार की सुबह जल स्तर में अचानक तेजी आ गई। और यह खतरे के निशान को छोड़कर 30 सेंटीमीटर ऊपर जा पहुंचा। प्रतिवर्ष बाढ़ की मार झेलने वाले तराई क्षेत्र के गांव बबुरी, सरसंडा, बेलाहरी, केदारपुर, सुंदर नगर, बांसुपुर, बाबा पुरवा, कोडरी फिर खतरे की जद में आ गए हैं। और आशंका जताई जा रही है कि पानी बढ़ने की यही रफ्तार रही तो अगले दो-तीन दिनों में कई गांवों का संपर्क मुख्य मार्ग से टूट जाएगा। हालांकि अभी गांवों के भीतर पानी नहीं घुसा है। लेकिन हालात को देखते हुए लोग सुरक्षित स्थान की ओर जाने लगे हैं।इस संबंध में बाढ़ खंड अधिकारी शशिकांत ने बताया, बांध की निगरानी लगातार की जा रही है आपदा प्रबंधन और बाढ़ खंड टीम को अलर्ट कर दिया गया है। नाव के साथ-साथ बाढ़ से सम्बन्धित सभी संसाधन व राहत सामग्री भी तैयार कर ली गई है।

रामनगर बाराबंकी। गिरिजा व बनबसा बैराज से पानी छोड़े जाने के चलते सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर हो गया है निरंतर बढ़ रहे जलस्तर से नदी की तलहटी में बसे दर्जनों गांवो में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। गिरजा व बनबसा बैराज से लगभग 3.15 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से मंगलवार को सायं काल 4 बजे नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर 106.440 पर पहुंच गया है जो खतरे के निशान से 37 सेंटीमीटर ऊपर है नदी का जलस्तर एक सेंटीमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा है। यदि जलस्तर बढ़ने की रफ्तार इसी तरह जारी रहा तो नदी का पानी तलहटी में बसे सिसौंडा तपे सिपाह दुर्गापुर लहड़रा कोरिन पूरवा परसादी पूरवा तिवारी पुरवा जैन पूरवा परशुराम पूरवा सहित दर्जनों गांवो में प्रवेश कर सकता है। सरयू नदी के रौद्र रूप के चलते इन गांवों के लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें खिचने लगी हैं। नदी का पानी धीरे-धीरे नालों में पहुंच रहा है।

न्यायिक मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी रामनगर गूंजिता अग्रवाल तहसीलदार विपुल कुमार सिंह नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर बीपी तिवारी सहकारी अमले के साथ संभावित बाढ़ प्रभावित गांवो का निरंतर भ्रमण कर स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवो पर तहसील से गठित टीमें लगी हुई है। अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है बाढ़ से निपटने के लिए तहसील प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।

# एफएसडीए ने भरे 7 नमूने, सीज किया खुला खाद्य तेल

जन एक्सप्रेस। कन्नौज

जनपद में रक्षाबंधन पर्व पर मिठाईयों सहित अन्य मिलावटी खाद्य पदार्थो के निर्माण, वितरण व बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु आज जनपद के सदर तहसील क्षेत्र में बेहरिन, तिर्वा, कन्नौज स्थित नकली मिठाई निर्माण इकाई पर छापामार करवाई की, जिसमें ईकाई में निर्मित मिल्क केक के 02, बर्फी का 01, डोडा बर्फी का 01 तथा निर्माण हेतु प्रयोग में लाये जा रहे खाद्य पदार्थ रवा का 01, सोयाबीन रिफाइंड तेल का 01 एवं चीनी का 01, कुल 07 नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए। इसी मौके पर नमूना संग्रह पश्चात एक खुले टीन सहित 07 टीन सोयाबीन रिफाइंड ऑयल, कुल वजन 01 कुंतल 08 किलो, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य रुपए 15120/- मात्र हैं, तथा एक खुली बोरी सहित 11 बोरी रवा, कुल वजन 6 कुंतल 60 किलो जिसका अनुमानित बाजार मूल्य रुपए 18090/- मात्र है, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा सीज कर दिया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 20 किलो ग्राम दूषित मिठाई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग रुपए 4000/- खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा स्वयं विनिष्ट कराई गई। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने तिर्वा के उमर्दा क्षेत्र में श्री बालाजी स्वीट्स से छेना मिठाई का 01 नमूना, विनय सिंह चौहान की मिठाई की दुकान से बर्फी का 01 नमूना, श राजेंद्र कुमार की मिठाई की दुकान से मावे का 01 नमूना साथ ही तिर्वा में तिर्वा तिराहे पर पनीर का 01 नमूना संग्रहित किया गया।

# भारत-फिलीपींस रिश्तों का नया दौर

## राष्ट्रपति मार्कोस बोले, आतंकवाद के खिलाफ साथ, रणनीतिक साझेदारी करेंगे मजबूत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के दौरे पर आए फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान भारत के साथ साझा मूल्यों और रणनीतिक साझेदारी को लेकर भरोसा जताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह भारत के साथ एकजुटता का संदेश लेकर आए हैं। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में समर्थन जताया।



### आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ- मार्कोस जूनियर

राष्ट्रपति मार्कोस जूनियर ने कहा कि मैं भारत को पहलगाम हमले में हुई दुखद घटना को लेकर हमारी एकजुटता का संदेश देता हूं और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भी भारत के साथ हूं। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद, मैं भारत को विकसित भारत 2047 के सपने की ओर मजबूती से आगे बढ़ते देखने पर बधाई देता हूं। यह सब पीएम मोदी के सक्षम नेतृत्व में हो रहा है।

### भारत में हो रहे तेज बदलाव का किया जिक्र

मार्कोस जूनियर ने आगे कहा कि दिल्ली पहुंचते ही उन्हें भारत में हो रहे तेज़ बदलाव और दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ऊर्जा का अहसास हुआ। उन्होंने भारत की उपलब्धियों की तारीफ करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं भारत में हूं। मेरे चार पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों ने भी भारत की यात्रा की थी, जिनमें मेरे पिता भी शामिल थे, जो 1976 में भारत आने वाले पहले फिलीपींस राष्ट्रपति थे।

### राष्ट्रपति मार्कोस ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद

इसके साथ ही राष्ट्रपति मार्कोस ने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि आपने और भारत सरकार ने मुझे, मेरी पत्नी और हमारे पूरे प्रतिनिधिमंडल को जिस गर्मजोशी और सम्मान से स्वागत किया, उसके लिए दिल से आभार। साथ ही, हमारे लिए गैर-बासमती चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध से छूट देने के लिए भी धन्यवाद।

### दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से जारी किए स्मारक डाक टिकट

इस दौरान दोनों नेताओं ने दिल्ली में एक खास कार्यक्रम के दौरान मिलकर स्मारक डाक टिकट जारी किए। यह डाक टिकट भारत और फिलीपींस के बीच मजबूत और ऐतिहासिक रिश्तों को दर्शाते हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और कूटनीतिक संबंधों को यादगार बनाने के लिए इन टिकटों को जारी किया गया है। इसके साथ ही इस मौके पर दोनों नेताओं ने आपसी दोस्ती और सहयोग को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

### भारत और फिलीपींस ने कई समझौतों पर किए हस्ताक्षर

इसके साथ ही दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुआल्देज मार्कोस जूनियर की मौजूदगी में भारत और फिलीपींस के बीच कई समझौतों (एमओयूएस) पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों का मकसद दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ाना और आपसी रिश्तों को और मजबूत बनाना है। यह समझौते व्यापार, सुरक्षा, शिक्षा और तकनीक जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माने जा रहे हैं।

### भारत-फिलीपींस के रिश्ते में मजबूती पर जोर

अंत में राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि भारत और फिलीपींस के रिश्ते पिछले कुछ वर्षों में और मजबूत हुए हैं। 'मैं बहुत खुश हूं कि आज हमने इस दोस्ती को और आगे बढ़ाते हुए इसे पूर्ण रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया है। उन्होंने आगे कहा कि भारत और फिलीपींस साझा मूल्य, हित और चिंताएं रखते हैं, खासकर वर्तमान भूराजनीतिक परिस्थितियों के बीच, जो दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर डालती हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के जज तय नहीं कर सकते कि सच्चा भारतीय कौन: प्रियंका गांधी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर अपने भाई राहुल गांधी का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के जज यह तय नहीं कर सकते कि कौन सच्चा भारतीय है। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राहुल गांधी के खिलाफ लखनऊ की एक अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगाई, लेकिन साथ ही कहा कि अगर वह सच्चे भारतीय हैं, तो उन्हें ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी राहुल गांधी के उस बयान को लेकर थी, जो उन्होंने दिसंबर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना को लेकर दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट के जज नहीं तय करेंगे सच्चा भारतीय कौन?

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, माननीय सुप्रीम कोर्ट के जजों का मैं सम्मान करती हूं, लेकिन यह तय करना उनका काम नहीं है कि कौन सच्चा भारतीय है। विपक्ष के नेता का



काम होता है सरकार से सवाल पूछना और उसे चुनौती देना। उन्होंने कहा कि उनके भाई राहुल गांधी को सेना का बहुत सम्मान है और वह कभी भी सेना के खिलाफ कुछ नहीं कह सकते। प्रियंका ने कहा, राहुल सेना का हमेशा सम्मान करते हैं। उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

### राहुल गांधी ने क्या दिया था बयान?

राहुल गांधी ने 9 दिसंबर 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक भाषण में सेना से जुड़ा बयान दिया था, जिसे लेकर उनके खिलाफ लखनऊ की अदालत में मामला दर्ज हुआ था। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने उस मामले में उन्हें राहत दी, लेकिन साथ में यह भी कहा कि एक सच्चा भारतीय ऐसा बयान नहीं देगा।


### भाजपा-कांग्रेस के बीच आरोप-प्रत्यारोप

वहीं इस मामले को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने चीन को मजबूत करने की कसम खाई है। इसके जवाब में कांग्रेस ने कहा कि देशभक्त भारतीयों ने गलवां घाटी की घटना के बाद से सरकार से जवाब मांगा है, लेकिन सरकार सच्चाई को डीडीएलजे नीति- डिनाई (इंकार), डिस्ट्रैक्ट (ध्यान भटकाना), लाइ (झूठ), जस्टिफाई (सफाई) के जरिए छिपा रही है।

### कांग्रेस की सफाई, भाजपा का हमला

कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी ने कभी सेना का अपमान नहीं किया। वे केवल सरकार से जवाब मांग रहे थे कि गलवां में चीन के हाथों हमारे जवानों की शहादत के बाद क्या कदम उठाए गए। भाजपा ने राहुल गांधी पर चीन के समर्थन का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका रवैया देश विरोधी है। भाजपा नेताओं ने राहुल के पुराने बयानों को आधार बनाकर यह आरोप लगाया।

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग, 8 अगस्त को याचिका पर होगी सुनवाई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 8 अगस्त को सुनवाई कर सकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने मंगलवार को भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया। शंकरनारायणन ने कहा, सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर मामला 8 अगस्त को सूचीबद्ध दिखाई दे रहा है। इसे हटाया न जाए। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने अनुरोध को स्वीकार कर लिया। मंगलवार को 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने की छठी वर्षगांठ है। 11 दिसंबर, 2023 को, सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मति से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले को बरकरार रखा, साथ ही आदेश दिया कि जम्मू-कश्मीर में सितंबर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराए जाएं और इसका राज्य का दर्जा जल्द से जल्द बहाल किया जाए। पिछले साल, शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर केंद्र को दो महीने के भीतर जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। यह याचिका शिक्षाविद जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक ने दायर की थी। याचिका में कहा गया है, राज्य का दर्जा बहाल करने में देरी से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार की क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित होगी। इससे संघवाद की अवधारणा का गंभीर उल्लंघन होगा, जो भारत के संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है।

### सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट को लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट को एक दीवानी विवाद को आपराधिक मामला मानने की अनुमति देने के लिए फटकार लगाई और हाईकोर्ट के आदेश को हाल के दिनों का सबसे खराब और त्रुटिपूर्ण आदेश करार दिया। शीर्ष कोर्ट की एक पीठ ने इस बात पर हैरानी जताई कि हाईकोर्ट ने एक दीवानी मामले में आपराधिक कार्यवाही को केवल इस आधार पर उचित ठहराया कि दीवानी मामले में सुधार में समय लग सकता है।

# मजबूत होंगे भारत और फिलीपींस के रिश्ते

## विदेश मंत्रालय बोला, द्विपक्षीय सहयोग के लिए दोनों देश सहमत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर के भारत दौरे को लेकर मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने जानकारी दी। विदेश सचिव पूर्व पी कुमारन ने कहा कि भारत और फिलीपींस के मजबूत होंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा और द्विपक्षीय सहयोग को लेकर सहमति बनी। विदेश सचिव पी कुमारन ने कहा कि फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर की यात्रा कल शुरू हुई। वे आठ अगस्त तक यहां रहेंगे। राष्ट्रपति मार्कोस की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा है। यह 1949 में फिलीपींस के साथ राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मार्कोस ने भारत-फिलीपींस द्विपक्षीय सहयोग को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों देश राजनीतिक सहयोग, रक्षा, सुरक्षा और समुद्री सहयोग, व्यापार और निवेश सहयोग, स्वास्थ्य सेवा और फार्मा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, कनेक्टिविटी, डिजिटल अर्थव्यवस्था, फिनटेक, कांसुलर मामलों, संस्कृति, पर्यटन, लोगों के बीच आदान-प्रदान और पारस्परिक हित के क्षेत्रीय, बहुपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सहयोग और संबंधों को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। विदेश सचिव ने कहा कि हमने रणनीतिक साझेदारी के तहत अपने सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए 2025 से 2029 की अवधि के लिए एक कार्य योजना भी बनाई है। राष्ट्रपति मार्कोस के साथ प्रथम महिला, 14 मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और एक बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। विदेश सचिव पूर्व पी कुमारन ने कहा कि फिलीपींस के लिए एअर इंडिया की पहली उड़ान एक अक्तूबर को शुरू होगी। आगे के गंतव्यों और संभावित बदलावों के बारे में और हम अपने द्विपक्षीय हवाई सेवा समझौते का दायरा कैसे बढ़ा सकते हैं, इस पर चर्चा चल रही है।



### ब्रह्मोस और रक्षा उपकरणों का निर्यात करेगा भारत

विदेश सचिव ने कहा कि भारत और फिलीपींस के बीच रक्षा सहयोग पर चर्चा हुई। राष्ट्रपति मार्कोस ने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग और ब्रह्मोस सहित भारत को रक्षा उपकरणों के निर्यात के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। उन्होंने रक्षा उद्योग के क्षेत्र में और अधिक सहयोग का भी आह्वान किया। हमारे व्यापक रक्षा सहयोग के हिस्से के रूप में, हम क्षमता निर्माण, संयुक्त अभ्यास, संयुक्त सहकारी समुद्री गतिविधियों, हमारे अधिकारियों के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आदान-प्रदान और रक्षा सहयोग के संदर्भ में हम जिन सभी मानक तत्वों पर चर्चा करते हैं, उन पर चर्चा कर रहे थे।

### अंतरिक्ष कार्यक्रम पर भी बात हुई

विदेश सचिव पी कुमारन ने कहा कि हमने अंतरिक्ष में अपनी क्षमताओं और अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की लागत-प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। राष्ट्रपति मार्कोस ने हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम को लागत-प्रभावी माना है। वे हमारी अंतरिक्ष तकनीक और अंतरिक्ष क्षमताओं का उपयोग मौसम की घटनाओं की भविष्यवाणी करने, कृषि में मदद करने, आपदा राहत में मदद करने जैसे सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए करना चाहते हैं।

## थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

4 अगस्त 2025 को थाना क्षेत्र लोनी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले 2 शातिर अभियुक्तों को लोनी इंटर कॉलेज के पास चौकी क्षेत्र लोनी तिराहा से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 2 किलो 638 ग्राम अवैध स्मैक व घटना में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनों लोगों को एक अनजान व्यक्ति जगह बदल बदलकर कभी दिल्ली यूपी बॉर्डर पर तो कभी बागपत की तरफ बैग देता है और एक निश्चित जगह बता देता है, जिसके पास नया बैग होगा उस व्यक्ति को माल देना है उसे बैग का रंग भी बता देता है ,वह व्यक्ति हमें 4 -5 हज़ार रुपये देता है । अवैध सामग्री देकर रुपए लेकर हम वापिस आ जाते हैं , हमको इस बात की जानकारी रहती है बैग मे स्मैक रहती हैं, पहले भी तीन चार बार इस कार्य को हम लोग कर रहे हैं।

# नगर निगम गाजियाबाद कर रहा सदन का अपमान: मनोज गोयल

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद की जनता जिसने भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा ,विधानसभा सहित नगर निगम में प्रचंड बहुमत देकर देश प्रदेश सहित निगम में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई आज वही नगर निगम जनता के हितों के विरुद्ध तानाशाही और बोर्ड बैठक के स्वीकृत प्रस्ताव को लागू करने में घोर लापरवाही बरत रहे हैं। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद पति मनोज गोयल ने कही है। श्री गोयल ने कहा कि 20 जुलाई को नगर निगम आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा स्वयं पार्षदों को पत्र लिखकर हाउस टैक्स में 20 प्रतिशत छूट की सीमा सितंबर तक बढ़ाने की लिखित घोषणा करने के बाद भी अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पारित प्रस्ताव के विरुद्ध मात्र 10 प्रतिशत की छूट के साथ बिल लगातार जारी किए जा रहे हैं। जो जनता के हित में नहीं है। ज्ञात हो कि डीएम सर्किल रेट पर निगम प्रशासन द्वारा हाउस टैक्स वृद्धि के नाम पर बिल जारी किए । जिसका विरोध जनता और सामाजिक संगठनों सहित तमाम आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्रीय पार्षदों के चुप्पी को भी मुद्दा बनाया गया । लेकिन कुछ पार्षद जिसमें भाजपा के ज्यादा पार्षद थे शुरू से ही निगम प्रशासन के इस रवैया का खुलकर विरोध किया। जिसके कारण उन्हें नगर निगम अधिकारियों के कोप भाजन का शिकार भी होना पड़ा। जनता और सामाजिक संगठनों के लगातार बढ़ते विरोध के बाद भारी संख्या में भाजपा समेत अन्य दलों के पार्षद भी नगर निगम के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया।

# किसी को भी बंगाली भाषा से खिलवाड़ करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए: ममता बनर्जी

- बनर्जी ने जयरामबती-कामारपुकुर विकास बोर्ड के गठन की भी घोषणा की

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को यह स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी बंगाली भाषा के साथ खिलवाड़ या उसका अपमान करने की कोशिश न करे। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि क्या बंगाल के बिना भारत की कल्पना की जा सकती है? ममता बनर्जी ने रवींद्रनाथ टैगोर का उल्लेख किया, जिन्होंने



राष्ट्रगान लिखा और बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय का जिक्र किया, जिन्होंने वंदे मातरम् जैसे राष्ट्रीय गीत की रचना की। उन्होंने कहा, कोई भी हमारी भाषा के साथ खिलवाड़ न करे या उसका अपमान न करे। क्या बांग्ला के बिना भारत संभव है? कामारपुकुर में रामकृष्ण मठ और मिशन के एक कार्यक्रम ममता बनर्जी ने कहा कि वे रामकृष्ण परमहंस की उस शिक्षा में विश्वास करती हैं जिसमें सभी धर्मों की एकता की बात की गई है। रामकृष्ण परमहंस ने हमें सिखाया कि सबके साथ मिल-जुलकर रहना चाहिए। हमारे बीच कोई भेद नहीं है, हम सब एक हैं। स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए बनर्जी ने कहा कि उनकी मातृभाषा बंगाली है, ठीक वैसे ही जैसे नेताजी सुभाष चंद्र बोस या राजा राममोहन राय की थी। उन्होंने कहा, धर्म का अर्थ है दूसरे धर्मों के साथ प्रेम और सम्मान से पेश आना। बनर्जी ने कहा कि लोग पानी को अलग-अलग नामों से पुकारते हैं, लेकिन वह एक ही है। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बाढ़ प्रभावित घाटल का दौरा शुरू करने से पहले उन्होंने कहा, इसी तरह मां को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है, लेकिन वह एक ही हैं। बनर्जी ने जयरामबती-कामारपुकुर विकास बोर्ड के गठन की भी घोषणा की।

# संसद सत्र: गोवा विधानसभा में एसटी को मिलेगा आरक्षण, लोकसभा में बिल पास

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा ने मंगलवार को गोवा विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को आरक्षण देने वाला बिल पास कर दिया। इस दौरान विपक्ष बिहार में मतदाता सूची संशोधन पर चर्चा की मांग को लेकर विरोध करता रहा। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गोवा राज्य की विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का पुनर्समायोजन विधेयक, 2025 को चर्चा और पारित करने के लिए पेश किया। हंगामे के बीच यह बिल ध्वनिमत से पास हो गया।

### एसटी की संख्या ज्यादा, फिर भी नहीं था कोई आरक्षण

आरक्षण को लेकर बिल में बताया गया है कि गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार काफी बढ़ी है।

- गोवा में अनुसूचित जनजातियों की आबादी 2011 की जनगणना के अनुसार काफी बढ़ी है

2011 में गोवा की कुल आबादी 14,58,545 थी, जिसमें एससी की आबादी 25,449 और एसटी की आबादी 1,49,275 थी। इसके बावजूद, 40 सदस्यीय गोवा विधानसभा में एसटी समुदाय के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं है, जबकि एससी के लिए एक सीट आरक्षित है।

### क्या है इस बिल को पास करने का उद्देश्य

बता दें कि बिल का मकसद इस असमानता को दूर करना है ताकि एसटी समुदाय को भी संविधान में दिए गए आरक्षण का लाभ मिल सके। यह बिल पिछले साल यानी 6 अगस्त 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था, लेकिन अब जाकर पारित हुआ है। यह संसद के मौजूदा मानसून सत्र में लोकसभा द्वारा पारित किया गया पहला बिल है। बिल पास होने के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। मंगलवार को केंद्र सरकार ने बताया कि इस साल 30 जुलाई तक 48 यात्रियों को नो-फ्लाई लिस्ट में डाला गया है। यानी अब ये यात्री किसी विमान में सफर नहीं कर सकते। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। पिछले कुछ वर्षों में भी बड़ी संख्या में ऐसे यात्रियों को इस लिस्ट में डाला गया था, जहां 2024 में 82 और 2023 में 110 यात्रियों पर प्रतिबंध लगाया गया। यह कार्रवाई विमान में अनुशासनहीन या हिंसक व्यवहार के कारण की जाती है।डीजीसीए के नियमों के मुताबिक, तीन स्तर पर यात्रियों की बदसलूकी को वर्गीकृत किया जाता है। इसमें लेवल कुछ प्रकार है कि लेवल एक में हल्का व्यवहार, जैसे जोर-जोर से बोलना। इसके लिए तीन महीने के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है। वहीं दूसरे लेवल में शारीरिक या अपमानजनक व्यवहार। इसके तहत छह महीनों के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है। वहीं अब बात अगर तीसरे लेवल की करें तो गंभीर हिंसा या खतरा होने के आधार पर कम से कम 2 साल या उससे अधिक समय के लिए प्रतिबंध लगाया जाता है।



### मणिपुर में राष्ट्रपति शासन छह महीने और बढ़ा

राज्यसभा ने मंगलवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को 6 महीने और बढ़ाने का प्रस्ताव पास कर दिया। यह अवधि 13 अगस्त 2025 से शुरू होगी। इससे पहले 30 जुलाई को लोकसभा इस प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने यह प्रस्ताव सदन में पेश किया, जिसे भारी विपक्षी हंगामे के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बता दें कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन पहली बार 13 फरवरी 2025 को लगाया गया था, जब मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया था। बीते करीब दो वर्षों से राज्य में हिंसा, जातीय टकराव और राजनीतिक अस्थिरता बनी हुई है। इन हालातों के चलते राज्य सरकार को संविधान के अनुरूप काम करने में असमर्थ माना गया।

### इस साल अब तक 6 विमान इंजनों में खराबी और 3 बार 'मेडे कॉल'

इसके साथ ही नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया है कि साल 2025 में जनवरी से जुलाई तक 6 बार विमान के इंजन बंद होने की घटनाएं और 3 बार मेडे कॉल की घटनाएं सामने आई हैं। ये जानकारी नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में दी।

### किन एयरलाइनों में हुए इंजन बंद होने के मामले?

मंत्रालय ने बताया कि इंडिगो और स्पाइसजेट में दो-दो बार इंजन बंद हुआ। एयर इंडिया और एलायंस एयर में एक-एक बार ऐसी घटना हुई। जब किसी विमान को उड़ान के दौरान गंभीर खतरा होता है और तत्काल मदद चाहिए होती है, तो पायलट तीन बार मेडे, मेडे, मेडे कहकर एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क करता है।

### देश पर टैक्स बकाया 54.53 लाख करोड़, संसद में सरकार ने दी जानकारी

देश में डायरेक्ट और इनडायरेक्ट टैक्स का कुल बकाया 30 जून 2025 तक 54.53 लाख करोड़ पहुंच गया है। यह जानकारी मंगलवार को संसद में दी गई। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में बताया कि इसमें से 47.52 लाख करोड़ डायरेक्ट टैक्स (इनकम टैक्स, कॉरपोरेट टैक्स आदि) और 7.01 लाख करोड़ इनडायरेक्ट टैक्स का बकाया है। इनमें से बड़े बकायेदारों (जिन पर 10 करोड़ से ज्यादा टैक्स बकाया है) की बात करें तो डायरेक्ट टैक्स में करीब ?35.48 लाख करोड़ और इनडायरेक्ट टैक्स में ?2.66 लाख करोड़ बकाया है। वहीं, कुल बकाए में से डायरेक्ट टैक्स के ?31.26 लाख करोड़ और इनडायरेक्ट टैक्स के ?3.71 लाख करोड़ केस अभी कोर्ट में लंबित हैं, यानी कानूनी प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार है। सरकार का कहना है कि इस राशि की वसूली कोर्ट केस खत्म होने और कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)